सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 40.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-297 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
23 शव्वाल 1446 हिजरी


हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत के समग्र विकास का मतलब देश का कोई भी नागरिक पीछे न छूटे : मोदी

## सिविल सेवा दिवस

- **हम आज जो निर्णय ले रहे हैं, वो एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं : प्रधानमंत्री**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे आगामी 1,000 वर्ष का भविष्य तय करेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के समग्र विकास का तात्पर्य है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।

उन्होंने कहा, ''आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे।'' मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज - युवा, किसान और महिलाएं - और इसके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति आवश्यक है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं लोगों तक कितनी गहराई से पहुंचती हैं और उनका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत धीमी गति के परिवर्तन से आगे बढ़कर अब प्रभावशाली बदलाव देख रहा है। उन्होंने कहा, ''भारत शासन, पारदर्शिता और नवोन्मेष में नए मानक स्थापित कर रहा है।' मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के युग में शासन का मतलब प्रणाली का प्रबंधन करने से नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य संभावनाओं को बढ़ाना है। उन्होंने 2023 में भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि जनभागीदारी के दृष्टिकोण ने इस आयोजन को लोगों के आंदोलन में बदल दिया।

### मुरादाबाद को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड

दिव्यांगजनों को ज्ञान और संसाधनों तक समान पहुंच देने की मुरादाबाद प्रशासन की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। लोक सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड (नवाचार श्रेणी) से सम्मानित किया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

# जेडी वेंस फैमिली का पीएम हाउस में जोरदार स्वागत

- **तीनों बच्चों के साथ दिखी प्रधानमंत्री मोदी की जबरदस्त केमेस्ट्री**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अमेरिका की दूसरी महिला उषा वेंस का अपने आधिकारिक निवास पर स्वागत किया है। इस दौरान जेडी वेंस और उषा वेंस के साथ उनके तीनों बच्चे भी प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचे थे। जिन्हें भी पीएम मोदी प्यार से दुलारते दिखे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का औपचारिक स्वागत किया। बता दें कि, जेडी वेंस सरपरिवार चार दिन के लिए भारत दौरे पर आएं हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की द्वितीय महिला और जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस का भी अपने आधिकारिक निवास पर स्वागत किया। बता दें कि, उषा वेंस का पैतृक निवास आंध्र प्रदेश में है। उषा वेंस के माता-पिता आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदवरी जिले के वडलुरु गांव के रहने वाले हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने जेडी और उषा वेंस के बच्चों से भी मुलाकात कर उनका परिचय लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से साझा किए गए एक वीडियो में पीएम मोदी ने जेडी वेंस और उषा वेंस के तीनों बच्चों को मोर के पंख भी गिफ्ट किए हैं। जानकारी के मुताबिक, अपनी इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की पृष्ठभूमि में सोमवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत की है।

## राहुल ब्रिटिश हैं या नहीं, रिपोर्ट दीजिए : लखनऊ हाईकोर्ट

### नागरिकता मामले में केंद्र से 10 दिन में जवाब मांगा, अगली सुनवाई 5 मई को



**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं या नहीं, इस पर 10 दिन में जवाब दें। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें देरी स्वीकार्य नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इसका जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सूर्यभान पांडेय ने बताया, राहुल की तरफ से कोई वकील कोर्ट में पेश नहीं हुआ। हाईकोर्ट ने पूछा है कि केंद्र साफ करे कि राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या ब्रिटिश। अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

## 10 साल के बच्चे अब खुद चला सकेंगे अपना बैंक खाता : आरबीआई




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दे दी। केंद्रीय बैंक ने इस संदर्भ में नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन पर संशोधित निर्देश जारी किये हैं। रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को जारी एक परिपत्र में कहा कि किसी भी आयु के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। उन्हें अपनी मां को अभिभावक के रूप में रखकर भी ऐसे खाते खोलने की अनुमति दी जा सकती है। शीर्ष बैंक की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया, कम-से-कम दस वर्ष की आयु सीमा और उससे ऊपर के नाबालिगों को उनकी इच्छा पर स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। इसमें बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए राशि और शर्त तय कर सकते हैं। इस बारे में जो भी नियम और शर्तें तय की जाती हैं, उस बारे में खाताधारक को जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, वयस्क होने पर, खाताधारक के नये संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए।

# 2017 से पहले जनजातियों को कोई अधिकार नहीं थे: योगी

- **मिशनरी-वामपंथी कर रहे थे जनजातीय समाज का ब्रेनवॉश**
- **भारत की ऋषि परंपरा से जुड़ी है यात्राएं : मुख्यमंत्री योगी**



**लखनऊ।** जन जातियों को 2017 से पहले मतदान के अधिकार नहीं थे। राशन कार्ड और कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं थी। भाजपा की सरकार आने के बाद से थारू, मुसहर, कोल, गोंड, समेत सभी जनजातियों को हर सुविधा उपलब्ध कराई गई।

यही नहीं, इससे पहले कुछ मिशनरी और वामपंथी जनजातीय समाज का ब्रेनवॉश भी किया करते थे। ये बातें लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल गोमतीनगर विस्तार ऑडिटोरियम में श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5.0 के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने कहा कि वनटांगिया के 55 गावों में कोई अधिकार नहीं थे। यह स्थिति देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में यात्राओं की एक लंबी श्रृंखला रही है। आदि शंकराचार्य ने भी शंकर दिग्विजय यात्रा के माध्यम से भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ा था। ऐसी धार्मिक यात्राएं केवल आस्था नहीं, बल्कि समाज को एकसूत्र में बांधने का माध्यम होती हैं। उन्होंने कहा, उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक भारत आदिकाल से एक सांस्कृतिक इकाई रहा है और धार्मिक यात्राओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा सका। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में भी ऐसी ही एकता को पुनः स्थापित करने का कार्य पांच साल पहले प्रारंभ हुआ। सीएम योगी ने कहा, आपको आश्चर्य होगा कि 1947 में देश को आजादी मिली, लेकिन 2017 से पहले तक इन गांवों के लोगों को न वोटिंग का अधिकार था, न राशन कार्ड। न बिजली, न सड़क और न स्वास्थ्य की कोई सुविधा। वन विभाग और पुलिसकर्मी इनका शोषण करते थे। उन्होंने आगे बताया कि जब 2017 में बीजेपी की सरकार आई, तब जाकर इन गांवों को राजस्व ग्राम की मान्यता मिली और धीरे-धीरे सभी योजनाएं लागू की गई। सीएम योगी ने ऐतिहासिक तथ्य साझा करते हुए बताया कि थारू जनजाति के लोग अंग्रेजों द्वारा तराई के जंगलों में बसाए गए। उन्हें कहा गया था कि जंगल में रहो, कोई वेतन नहीं मिलेगा। वे झोपड़ियों में रहे, शोषण सहा। जब आजादी मिली तब भी सरकारों ने आंखें मूंदी रखीं। सीएम ने बताया कि इन लोगों ने मतदान करना शुरू किया। 2022 और 2024 के चुनाव में भी हजारों लोग पहली बार वोटर बने।

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का निधन

- **88 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, कुछ दिन पहले फेफड़ों में हुआ था इन्फेक्शन**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया शोक**

**नई दिल्ली।** वेटिकन के पहले लैटिन अमेरिकी पादरी पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। फ्रांसिस के निधन के बाद अब सप्ताह भर चलने वाली वह प्रक्रिया शुरू हो गई, जिसमें लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। सबसे पहले, सेंट मार्टा चैपल में वेटिकन के अधिकारी और फिर सेंट पीटर्स में आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कार्डिनल जियोवनी बैटिस्टा रे द्वारा उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पोप फ्रांसिस को उनकी इच्छा के मुताबिक, शहर के दूसरी ओर स्थित सेंट मैरी मेजर बैसिलिका में दफनाया जाएगा। हालांकि, सदियों से दिवंगत पोप को दफनाने के लिए सेंट पीटर्स बैसिलिका या उसकी गुफाओं की परंपरा रही है। लेकिन पोप फ्रांसिस की तरफ से किए गए सुधारों में दिवंगत पोप को वेटिकन के बाहर दफनाने की अनुमति दी गई है। इन सुधारों का उद्देश्य इस पर और भी अधिक जोर देना था कि पोप का अंतिम संस्कार एक पादरी और प्रभु यीशु के अनुयायी के रूप में हो, न कि इस दुनिया के किसी शक्तिशाली व्यक्ति के तौर पर। कार्डिनल केविन फेरेल वेटिकन के कैमरलेंगो हैं। कैमरलेंगो की पदवी उन कार्डिनल या उच्चस्तरीय पादरी को दी जाती है जो पोप के निधन या उनके इस्तीफे की घोषणा के लिए अधिकृत होते हैं। फेरेल ने घोषणा की, ''रोम के बिशप, पोप फ्रांसिस आज सुबह 7.35 बजे यीशु के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन यीशु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था।

### पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ : पीएम


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि दुनिया भर में लाखों लोग उन्हें हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, परम पावन पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। दुख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। छोटी उम्र से ही उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया था।




## एक करोड़ के इनामी शीर्ष माओवादी विवेक समेत आठ नक्सली ढ़ेर



**बोकारो।** झारखंड में बोकारो जिले के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र झुमरा पहाड़ और इसके आसपास के क्षेत्र में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली समेत आठ कट्टर नक्सली मारे गए। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि सूचना मिली थी कि 16 - 17 नक्सलियों का दस्ता उक्त इलाके में भ्रमण कर रहा है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला पलिस और झारखंड आर्म्स पुलिस की टीम ने उक्त इलाके की घेराबंदी की और नक्सलियों को मार गिराया। नक्सलियों के ओर से किए गए हमले से पुलिस कर्मियों को कोई क्षति होने की सूचना नहीं है। मारे गए नक्सलियों में एक करोड़ का इनामी नक्सली विवेक उर्फ प्रयाग उर्फ सीताराम मांझी के अलावा हार्डकोर नक्सली अरविंद यादव उर्फ अविनाश, साहेब मांझी उर्फ राहुल समेत अन्य शामिल हैं।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

## एक लाख रुपये की दहलीज पर पहुंचा सोना



- **कमजोर डॉलर व अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध के बीच दमक और बढ़ी**

**मुंबई।** कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध से बढ़ी अनिश्चितताओं के कारण मांग बढ़ने से दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमत एक लाख रुपये की दहलीज पर पहुंच गई। सोने का भाव 1,650 रुपये की तेजी के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब आ गया है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को इसका भाव 20 रुपये घटकर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,600 रुपए उछलकर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया।

# कुशीनगर में बरातियों से भरी कार पेड़ से टकराई, छह मरे

- **चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहे थे कार सवार**
- **गाड़ी में फंसे लोगों को गैस कटर से काटकर निकाला गया**

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के शुक्ल भुजौली के समीप रविवार की रात ग्यारह बजे बरातियों से भरी एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क के किनारे पेड़ से जा भिंडी।

हादसा इतना भीषण था कि मौके पर तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीन अन्य जिला अस्पताल में दम तोड़ दिए। इस हादसे दो गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज गोरखपुर मेडिकल में चल रहा है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फंसे लोगों को स्थानीय लोगों व प्रशासन ने गैस कटर की मदद से काटकर बाहर निकाला। रामकोला थाने के नरायनपुर चरगहां के पश्चिम टोला निवासी गोपाल मद्धेशिया के बेटे विकास की बारात नेबुआ नौरंगिया के देवगांव गई थी। इसी बारात में शामिल होने कार सवार देर रात खड्डा-पडरौना मार्ग पर शुक्ल भुजौली के समीप पहुंची थी कि बेकाबू होकर सड़क के दाएं तरफ पेड़ से टकरा गई।



पेड़ से टकराने के बाद कार के उड़े परखचे

हादसे की आवाज सुनकर मौके पहुंचे लोगों और पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। गैस कटर और हथौड़े की मदद से कार को काटकर उसमें फंसे शव और घायल लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाकी तीन की सांसें चल रही थीं। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां तीन और लोगों की मौत हो गई।

दो घायलों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है। उधर, हादसे के कारण कुछ समय के लिए ट्रैफिक बाधित हो गया। घटना स्थल का एसपी संतोष कुमार मिश्र ने जायजा लिया। मृतकों में हादसे में मरे सभी लोग रामकोला थाना क्षेत्र के नरायनपुर चरगहां निवासी है, जो पट्टीदारी के शादी में शामिल होने गए थे। मृतकों में ओमप्रकाश मद्धेशिया पुत्र कृष्ण मद्धेशिया उम्र (32) जो कार चालक था, हरेंद्र मद्धेशिया उम्र (28) व योगेंद्र (26) पुत्रगण शंकर मद्धेशिया, रंजीत मद्धेशिया पुत्र राजेंद्र मद्धेशिया (24,) मुकेश मद्धेशिया पुत्र रामानंद (34) व भीम यादव पुत्र लक्ष्मण (26) निवासी घुरचिया कुस्महां शामिल है। जबकि घायलों में राज किशोर पुत्र हरिश्चंद्र निवासी नरायनपुर चरगहां व बजरंगी पुत्र शंकर ग्राम अहिरौली भठही जिनका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।मौके पर तीन थानों की पुलिस और आते-जाते राहगीर जमे रहे। मौके पर पहुंचे सीओ और नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने गैस कटर से सवार लोगों को बाहर निकलवाया। वहीं खड्डा पुलिस और हनुमानगंज पुलिस भी देर रात 12:30 बजे मौके पहुंच गई। उधर, पुलिस और प्रशासनिक अफसर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से घायलों को गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना स्थल का एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने जायजा लिया।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कुशीनगर में एक सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देशित किया तथा दिवंगत आत्माओं को सद्गति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# परशुराम सनातनी सेना समिति ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और उनकी हत्या को लेकर लोगों में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को परशुराम सनातनी सेना समिति ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने और सेना तैनात करने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा परशुराम सनातनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार तथा बूढ़े बच्चों और महिलाओं की निर्मम हत्याओं को रोकने में पश्चिम बंगाल सरकार निष्फल रही है। 8 से 10 वर्ष के बच्चों की निर्मम हत्याएं, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार व लूटपाट रोकने में पश्चिम बंगाल सरकार रुचि नहीं ले रही है, इसलिए राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और सेना को तैनात किया जाए उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी एक संवैधानिक पद पर है। उन्होंने संसद द्वारा पारित वक्फ अमेंडमेंट को बंगाल में लागू न होने देने का बयान किया है। जो कि एक आपराधिक बयान है। ऐसे में केन्द्र सरकार उनके विरुद्ध एफआईआर करवाकर उनको जेल भेजे। डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में हिंदू परिवारों का पलायन रोकने, आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें फांसी देने,पश्चिम बंगाल में हो रहे बांग्लादेशियों के अवैध घुसपैठ को रोकने, हिन्दू परिवारों के साथ हुई घटनाओं में हुई आर्थिक क्षति का मुआवजा एवं पुनर्स्थापना की समुचित व्यवस्था की जाए। इस दौरान मुनेंद्र कुमार त्रिपाठी, पंकज गुप्ता, मधुर बाजपेई, विक्रम कुमार गुप्ता आदि रहे।

## सड़क हादसे का शिकार हुये बाइक सवार, दो युवको की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसागनर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक एक शादी समरोह में शामिल होकर वापस बाइक से घर लौट रहे थे, बताते हैं कि एक बाइक पर तीन लोग सवार थे। रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में दो युवको की मौत हो गई। जबकि एक युवक का गंभीर घायल हालात में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना ईसागनर क्षेत्र के गांव सेमरिया निवासी अवधराम का 35 वर्षीय बेटा राजेन्द्र अपने गांव के 20 वर्षीय छोटे लाल पुत्र हरिद्वारी और पास के ही गांव गौरिया निवासी पैकर्मा के 40 बेटे रामचन्द्र के साथ एक बाइक पर सवार होकर थाना खमरिया क्षेत्र के गांव दसवा नगर में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रविवार की देर रात जब वह अपने घर वापस लौट रहे थे तभी सिसैया के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में राजेन्द्र और रामचन्द्र की मौत हो गई। जबकि छोटे लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नाबालिग को सोते समय उठाकर ले जाकर हैवानियत करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आगरा।** थाना खेरागढ़ क्षेत्र में 12 साल की एक नाबालिग दलित लड़की के साथ बलात्कार का आरोपी दरिंदा पुलिस ने दबोच लिया है।आरोपी चाट की ठेल लगाता था और नशे का आदी है। इस घटना को लेकर भारी जनाक्रोश था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पांच टीमें गठित की थीं। आरोपी के गिरफ्तार होने की जानकारी डीसीपी पश्चिमी अतुल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि आरोपी दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने उसे 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी खेरागढ़ थाना क्षेत्र में ही लाल चौराहे से की गई। आरोपी का नाम ओमवीर और वह पीड़िता के गांव का ही रहने वाला है। डीसीपी के अनुसार आरोपी घर के बाहर बहन के साथ सो रही 12 साल की बालिका को नींद में ही अपने हाथों में उठा ले गया था। गांव के बाहर देवस्थान के पास बच्ची से रेप करने के बाद फरार हो गया था।

बता दें कि विगत 18 अप्रैल को पीड़िता के पिता ने खेरागढ़ थाने पहुंचकर इस घटना की सूचना दी। पुलिस तत्काल हरकत में आई और मौका मुआयना किया था। देवस्थान की जमीन पर पर पुलिस खून के निशान भी मिले थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो आरोपी बालिका को उठाकर ले जाते हुए नजर आ गया। इस घटना की सूचना मिलने पर डीसीपी वेस्ट अतुल शर्मा भी मौके पर पहुंच गये और मुआयना किया था। डीसीपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित की थी।

## दलित किशोरी से रेप पर रामजीलाल सुमन ने कहा इतना बड़ा मामला नहीं कि अखिलेश यादव आएं



**आगरा।** एक ओर जहां पीडीए पीडीए का शोर कर रहे अखिलेश यादव दलितों को साथ लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे तो वही उनके है सांसद सारी मेहनत पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। दरअसल संसद में सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए बयान से गर्मी बढ़ी ही हुई थी कि इस बीच पुनः उनका एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाजवादी पार्टी के इस सांसद को रेप की घटना बड़ी नहीं लगती है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन रेप की घटना पर एक विवादित बयान दे दिया है। रविवार को मीडिया से बोले कि यह घटना इतनी बड़ी नहीं है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष आवे। आगरा के खैरागढ़ थानाक्षेत्र के एक गांव में 17 अप्रैल की रात दलित समाज की बालिका के पिता दावत में गए थे। गांव का रहने वाला ओमवीर रात डेढ़ बजे घर के बाहर सोती बालिका को उठा ले गया और पांच सौ मीटर दूर जाकर दुष्कर्म किया। सुबह पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी से उसकी पहचान की। बालिका से दुष्कर्म की घटना के बाद हड़कंप मच गया।शनिवार को भाजपा सांसद राजकुमार चाहर, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, कांग्रेस, भीम आर्मी, रायल वाल्मीकि आर्मी और भाकियू पदाधिकारी पीड़ित स्वजन से मिले थे। मामला तूल पकड़ने के सक्रिय हुई पुलिस ने सोमवार को आरोपित को फतेहपुर सीकरी से गिरफ्तार कर लिया।

सपा के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन रविवार दोपहर तीन बजे पार्टी नेताओं के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे और लगभग आधे घंटे तक बातचीत किए। इसके बाद मीडिया से बातचीत करने के बाद फिर उन्होंने भाजपा पर हमला बोला और कहा कि प्रदेश में कानून की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुका है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीड़ित परिवार से मुलाकात करने आएंगे के सवाल पर उन्होंने कहा कि क्या बच्चों सी बात करते हो? ये इतना बड़ा मामला नहीं है। इस परिवार की जो हमसे मदद हो सकती है, करेंगे, राष्ट्रीय अध्यक्षजी की आवश्यकता नहीं है।

# साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान के गांव नकहा पिपरी सासिया कॉलोनी में दंपती के बीच आपसी कलह इतनी बढ़ गई कि दोनों ने रविवार एक ही साड़ी का फंदा बनाकर गले में डाल लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिवार वालों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शवों का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवा दिया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।गांव नकहा पिपरी सासिया कॉलोनी निवासी विजय पाल के बेटे मनोज सिंह (48) और उसकी पत्नी तारावती (32) के बीच इधर करीब एक महीने से अनबन चल रही थी। आए दिन दोनों के बीच विवाद होता था। रविवार की रात भी खाने से पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। परिवार वालों ने दोनों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। इसके बाद दोनों सोने के लिए अपने कमरे में चले गए। रात में दोनों ने एक ही साड़ी से छत के कुंड से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बाद आहट मिलने पर परिवार वाले जब कमरे के पास पहुंचे और झांककर देखा तो दोनों के शव कुंडे से लटके दिखाई दिए। इससे परिवार में हड़कंप मच गया घर में चीखपुकार मच गई। परिजनों ने दोनों शव उतारकर मृतक महिला के मायके वालों को सूचना दी। सूचना पाकर गांव देवकली की सासिया कॉलोनी निवासी मृतक महिला का भाई सोनू अपनी मां मुन्नी देव व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। मृतका के भाई ने बताया कि उसके बहनाई के परिजन दोनों शवों का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे।यह देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी और पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अंतिम संस्कार रुकवा दिया। पुलिस ने घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

# निजी बस और कार में हुई भीषण टक्कर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** गोला-कस्ता मार्ग पर थाना नीमगांव क्षेत्र में सोमवार को भीषण हादसा हो गया। गड़रिया चौराहा के निकट अमृतापुर गांव के पास निजी बस और कार में सीधी टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास हुआ। एक निजी बस गोला से कस्ता की तरफ जा रही थी। गांव अमृतापुर के निकट सामने से आ रही कार और बस में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि कार बस के नीचे घुस गई। हादसे में कार सवार सीतापुर जिले के थाना इमलिया सुल्तानपुर के गांव जाट निवासी दानिश (19) पुत्र जियाउद्दीन और शकील (30) गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला सूचना पाकर एसओ सुनीता कुशवाहा फोर्स के साथ मौके पर पहुंची उन्होंने दोनों घायलों को किसी तरह से कार से बाहर निकलवाया और एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतकों के घर में कोहराम मच गया रोते-बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 126/2025 धारा 137(2)/87/64 BNS व 5(j)(ii)/6 पाक्सो एक्ट में वाँछित अभि0 विवेक पुत्र सुरेश उम्र करीब 19 वर्ष नि0ग्राम बिहारीपुरवा थाना निघासन को ग्राम बिहारीपुरवा से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार शुदा वांछित अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय भेजा गया।

## रोड के किनारे कूड़े के ढेर में लगी आग



**लखीमपुर-खीरी।** फायर स्टेशन धौरहरा के अंतर्गत अमेठी रोड के किनारे कूड़े के ढेर में आग लगने की सूचना प्राप्त कर तत्काल फायर यूनिट दौर के द्वारा घटना स्थल पर जाकर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग घर का सारा सामान जलकर खाक

**लखीमपुर-खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र के हैरमखेड़ा ग्राम पंचायत के मजरा दौलतपुर में अज्ञात करणों से सोमवार की सुबह आग लग गई। इससे सेवाराम के घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। घर के लोग जब तक कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। घर के ऊपर पड़ी झोपड़ी जलकर राख हो गई। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की लपटों में गृहस्थी का सारा सामान, राशन, कपड़े सहित सब कुछ जलकर खाक हो गया।

## गल्ला व्यापारी बाइक हुई गायब

**लखीमपुर-खीरी।** शहर की मिल रोड पर एक गल्ला व्यापारी बाइक गायब हो गई। जिस व्यापारी परेशान हो उठा। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि लग्जरी सफ़ेद कार से उतरा एक युवक बाइक ले गया है। मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी लक्ष्मीकांत गुप्ता मिल रोड पर गल्ला खरीद का काम करते हैं। वह रोज की तरह वहां गए और अपनी बाइक कुछ दूरी पर रोड के किनारे खड़ी कर दी। बताते हैं कि कुछ देर बाद व्यापारी लक्ष्मीकांत गुप्ता को बाइक की जरूरत पड़ी तो देखा बाइक गई थी। जिससे वह परेशान हो गए। कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो घटना का पता चला कि एक सफेद रंग की लग्जरी कार घटनास्थल के पास एक दुकान के सामने आकर रुकी और उसमें से उतरा एक युवक वहां खड़ी लक्ष्मीकांत की बाइक ले गया। पुलिस ने नंबर प्लेट के आधार पर उसके मालिक की जानकारी निकाली और उससे संपर्क साधा। मोबाइल पर पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह धोखे से बाइक लेकर चला गया था। उसने कहा कि वह बाइक वापस करने के लिए ही लौट रहा है। कुछ ही घंटों के भीतर युवक बाइक को लेकर वापस लौटा।

## अज्ञात कारणों के चलते फांसी से लटकर युवक ने की आत्महत्या

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपने स्वीमिंग पुल के पास बने कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी से लटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना खीरी क्षेत्र के चिमनी गांव निवासी अशोक कुमार के 40 वर्षीय बेटे ने अनूप कुमार का शव सीतापुर रोड पर बने उनके स्वीमिंग पूल के पास स्थित कमरे में रविवार की सुबह फांसी से लटकते पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 19 अप्रैल से 31 मई 2025 तक कमिश्नरेट आगरा में धारा 163 लागू

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने अवगत कराया है कि कमिश्नरेट आगरा में आगामी पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने एवं उक्त अवसरों व त्यौहारों पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 एवं कमिश्नरेट आगरा में दिनांक 23.04.2025 को मा0 उपराष्ट्रपति महोदय, संयुक्त राज्य अमेरिका का आगमन/भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत एवं विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कुछ असामाजिक तत्व आगरा की शान्ति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर सकते है व जनभावना को उद्वेलित करके भड़का सकते है, जिससे शान्ति व्यवस्था भंग हो सकती है। ऐसे अवसर पर कतिपय आपराधिक एवं निहित स्वार्थों से प्रेरित असामाजिक तत्व उक्त अवसर पर शान्ति व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ सकते है। इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए तथा आम जनजीवन एवं सार्वजनिक सम्पत्तियों की सुरक्षा करने व शान्ति व्यवस्था स्थापित रखने हेतु तत्काल प्रभाव से अन्तर्गत धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कमिश्नरेट आगरा में लागू की गई है।

अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने बताया है कि पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह बिना पूर्वानुमति प्राप्त किये किसी सार्वजनिक स्थल पर एकत्रित नही होंगे। किसी प्रकार का प्रदर्शन, बिना कोई अनुमति झांकी, जुलूस आदि नही करेंगे और न ही निकालेंगें। कोई भी व्यक्ति, किसी प्रकार की अफवाह न तो फैलाएगा और न ही फैलाने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। आवागमन को बाधित करने वाला कोई भी सामान कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के सामने कोई समान नहीं रखेगा और न ही कोई ठेला अथवा फड़ लगायेगा, जिससे आवागमन/यातायात व्यवस्था बाधित न हो प्रत्येक स्थिति में यातायात नियमों का पालन किया जायेगा। उक्त अवधि में सार्वजनिक कार्यक्रम शासन एवं प्रशासन की गाईड लाईन के अनुरूप रहेंगे।

कोई भी व्यक्ति कमिश्नरेट आगरा में किसी सार्वजनिक स्थान पर लाउडस्पीकर, आदि का बिना अनुमति प्रयोग नहीं करेगा। आगरा शहर/देहात में प्रदूषण एवं जाम की भयावह स्थिति से यातायात प्रभावित होने एवं सड़कों पर विभिन्न निर्माणक कार्यों तथा शहर में चल रहे मेट्रो के कार्यों के दृष्टिगत शादी/बारात एवं अन्य कार्यक्रमों में बैण्ड बाजे के साथ चलने वाली साउण्ड ट्रॉली को पूर्णरूप से प्रतिबंध किया गया है।

अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने आगे यह भी बताया है कि महत्वपूर्ण स्मारकों तथा वीवीआईपी/विशिष्ट महानुभावों एवं पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ड्रोन नियमावली 2021 यथा संशोधन नियमावली 2023 में निर्गत दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करेंगे। समस्त ड्रोन मालिक सम्बन्धित थाने में अपने ड्रोन का पंजीकरण करा लें। अपर पुलिस आयुक्त ने आगे यह भी अवगत कराया है कि यह आदेश दिनांक 19.04.2025 से दिनांक 31.05.2025 तक कमिश्नरेट आगरा में लागू रहेगा। उपरोक्त आदेश की किसी धारा या अनुच्छेद का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के अन्तर्ग दण्डनीय अपराध होगा।

# समधी संग फरार हुई चार बच्चों की मां पहुंची थाने, पति पर लगाया मारपीट करने का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** होने वाले दामाद संग अलीगढ़ से फरार हुई सास का मामला खबरों में अभी पूरी तरह से थमा भी नहीं था कि बदायूं से इससे मिलता-जुलता एक मामला प्रकाश में आया है।जहां बदायूँ के दातागंज कोतवाली क्षेत्र से एक अधेड़ महिला प्रेम प्रसंग के चलते अपनी ही बेटी के ससुर के ससुर संग फरार हो गई।क्षेत्र में यह मामला जगह-जगह चर्चा का विषय बना हुआ है।कुछ दिन पूर्व अपने घर से फरार हुई यह महिला शनिवार को अचानक थाने पहुंच गई जहां उसने अपने पति पर शराब पीकर मर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। वही पति ने भी पुलिस से इसकी शिकायत कर रखी है।



यहां बता दे की दातागंज क्षेत्र निवासी सुनील कुमार ने अपनी पुत्री का विवाह वर्ष 2022 में सदर कोतवाली क्षेत्र के शैलेंद्र के बेटे के साथ किया था।सुनील पेशे से ट्रक चालक हैं।उनकी संतानों में दो बेटे और दो बेटियां हैं। उनका आरोप है कि ट्रक चालक होने के कारण उन्हें अक्सर अपने घर से बाहर रहना पड़ता था।इसी दौरान उनकी बेटी का ससुर शैलेंद्र उनके घर आता-जाता था। इसी बीच उनकी पत्नी के संबंध में उससे हो गए। पति सुनील का आरोप है कि उनकी पत्नी इससे पूर्व भी समधी के संग तीन बार भाग चुकी है, बावजूद इसके उन्होंने उसे घर पर इसी आस में रख लिया कि वह सुधर जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और वह 11 अप्रैल को समाधि संग फिर से फरार हो गई, जब इसका कोई पता नहीं चल तो उनके द्वारा 18 अप्रैल को इसकी शिकायत पुलिस से कर दी गई। सुनील का कहना है कि ट्रक चलाने के कार्य से वह 30 से 40 हजार महीना कमाते हैं। उनकी पत्नी जब भी उनसे पैसे की डिमांड करती थी तो वैसे पैसे भेज देते थे उनको नहीं पता होता था कि उनकी पीठ पीछे घर में क्या हो रहा है।सूत्रों के अनुसार शनिवार को थाने पहुंची महिला ने पुलिस के समक्ष अपने बयान देते हुए कहा है कि उसका पति शराब पीकर गैर मर्दों के साथ उसके संबंध बताकर उसे मारता पीटता था,इन्हीं कारणों से वह उसके साथ नहीं रहना चाहती। महिला का कहना है कि वह नगर निवासी अपने मुंह बोले भाई के साथ रहेगी। महिला ने पुलिस को अपने पति के विरुद्ध मारपीट करने तहरीर सौंपी है।

## श्रद्धालुओं को सत्मार्ग पर चलने को किया प्रेरित

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वाधान में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में पंजाब से पधारे आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सोमप्रभा भारती व साध्वी पूजा भारती ने आध्यात्मिक विषयों के साथ-साथ समाज में व्याप्त नशे जैसी कुरीतियों पर भी सारगर्भित प्रवचन दिए।

पंत विहार स्थित आश्रम परिसर में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इससे दूर रहने तथा अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित किया। सत्संग के अंत में श्रद्धालुओं ने नशा न करने और सत्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुलशन सेठी, संजीव, सुरेश गुप्ता, राजीव धींगरा, सतीश, अनिरुद्ध, अनुज चौहान, सुधीर, शोभित, अनुज कुमार, आलोक नगर आदि श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# धूमधाम से ईसाई समाज ने मनाया ईस्टर पर्व प्रभु यीशू मसीह के दिखाये मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

फोटो 5व5ए-

**सहारनपुर।** ईसाई समुदाय के लोगों ने आज ईस्टर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर प्रभु यीशु मसीह के दिखाएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। आज सेक्रेड हार्ट चर्च में ईसाई समाज ने ईस्टर पर्व मनाया। इस मौके पर फादर जॉन, फादर मैथ्यू नरेश प्रार्थना ने प्रार्थना सभा को संबोधित किया। फादर जॉन ने बताया कि आज के दिन प्रभु ईसा मसीह जीवित होते है। शुक्रवार गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को सूली पर मृत्यु दी गई थी। मृत्यु होने के पश्चात प्रभु ईसा मसीह के शरीर को कब्र में रखा गया था और कब्र के बाहर एक भारी भरकम पत्थर से कब्र को सील कर दिया था। जब तीसरे दिन ईसा मसीह की माता



मरियम कब्र पर गई तो कब्र का पत्थर कब्र पर नहीं था और कब्र के अंदर प्रभु ईसा मसीह का शरीर भी नहीं था प्रभु ईसा मसीह जीवित होने के बाद 40 दिन धरती पर रहे और उसके बाद स्वर्ग चले गए। इसलिए आज के दिन ईस्टर का पर्व मनाते हैं। इसके अलावा 7 डे चर्च में पादरी सोलोमन सिंह ने प्रार्थना सभा का आयोजन कर प्रभु यीशू के बताये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि प्रभु यीशू मसीह का त्याग व बलिदान अनुकरणीय है। इस दौरान पादरी जसपाल भट्टी, सिस्टर प्रिंसिपल जरीन, सिस्टर जीवन लता, अर्चना जॉय, लुईजा, सरोज मसीह, रेशु, एंजेला, अनु विलियम, नीरज जॉय, माइकल सोलोमन, मास्टर अजय, अनस्ट मेसी, अलेक्स जॉय, ईवा, नैना मसीह, एडवीना, ज्योति मसीह, आकाश, नैना मसीह, प्रमिला, एंजेला, अनुष्का, मधु आदि मौजूद रहे। गिल कॉलोनी स्थित सेंटेनरी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया और येशु मसीह पुनरुत्थान को याद कर प्रार्थना की गई। गायकों ने यीशु मसीह के गीत गाये। इस दौरान आशीष, तान्या, एलेक्स, आशीष दास, दुष्यंत, अभिषेक पिल्लई, अभिषेक कुमार, पायल, माइकल, मोहित, नंदिनी, राखी, शिवम, मयंक, अंशुल, हैनरी प्रसाद, हेलेन,बलजीत कौर, मिस्टर बेकर, राहुल, गुरप्रीत, जसवंत, रीना आदि मौजूद रहे। अंत में वरिष्ठ पुजारी फादर राजन पिल्लई और फादर राहुल ने सभी लोगों के लिए प्रार्थना की। उधर, सीएन आई सेमिनरी चर्च में भी विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस मौके पर चर्च के फादर रेव्ह डॉ.दयाल एम लाल, ब्रदर वेद प्रसाद, प्रियंका आशीष लूक, स्मरना शार्प ने मिलकर सभी सात वचनों पर प्रवचन दिया। आज की आराधना में डॉ.कुसुम दयाल, सीमा वर्मा, एडविन शार्प, राहुल लूक, कल्पना जेकब, विनी बड्डुन, धर्मपाल, मौरीन लूक, सिलविया लूक, दिनेश कुमार, वॉलेट सिंह, सुप्रिया शार्प, तुषार कुमार, डॉ.कुनाल डेविड आदि लोगों ने भाग लिया।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 13 अप्रैल को वादिया की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ उसके अश्लील फोटो खींचकर छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने व वादिया से रुपयो की मांग करने की सूचना के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री त्यागी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक देवी चरण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हकीकत नगर चौक रामलीला मैदान के पास से दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित पंकज बिल्टोरिया पुत्र सुभाष बिल्टोरिया, निवासी रॉयल प्रोपर्टीज, प्रधान पुरम, गोविंद पुरम, थाना मसूरी जिला गाजियाबाद हाल पता लक्कड़ बाजार पुरानी मण्डी थाना कुतुबशेर को गिरफ्तार कर लिया।

# टायर फटने से कार पेड़ से टकराई, महिला व बच्चों समेत छह घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार टायर फटने से अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में महिला व बच्चों सहित 6 श्रद्धालु घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया जहां उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद सहारनपुर के खलासी लाइन निकट शिवालिक बैंक निवासी अमित जैन पुत्र वीर सेन जैन अपने परिवार के साथ सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में दर्शन कर अपनी वेन्यू कार से वापस सहारनपुर लौट रहे थे। बताया जाता है जैसे ही उनकी कार गांव बड़वाला और जसमोर के बीच पहुंची तो कार का अगला टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे



खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार श्रद्धालु भी कार में फंस गए। हादसे में अमित जैन व शुभम जैन पुत्रगण वीर सेन जैन, सुमित/कैलाश, 5 वर्षीय बच्ची अनिका पुत्री अमित जैन, नीलम पत्नी सुमित जैन तथा 12 वर्षीय अविका पुत्री अमित जैन निवासी खलासी लाइन घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, सब इंस्पेक्टर रॉबिल्स कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को कार से निकलवाकर एंबुलेंस की मदद से बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

# हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन से बाढ़ बचाव के साथ यातायात की समस्या भी होगी हल

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों का बहरामपुर रेगुलेटर नम्बर एक के समीप स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोरलेन से बाढ़ बचाव के साथ ही यातायात की बड़ी समस्या का समाधान होगा।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फोरलेन की ड्राइंग मैप का अवलोकन कर प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी ली और कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड-2) के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरखपुर चारों ओर से जल से घिरा हुआ क्षेत्र है। इसके पूरब में रामगढ़ताल, उत्तर की तरफ



चिलुआताल, पश्चिम की तरफ राप्ती नदी और पश्चिमोत्तर में रोहिन नदी गोरखपुर महानगर को घेरे हुए है। रोहिन नदी से बचाव के लिए माधोपुर तटबंध बना हुआ है। राप्ती और रोहिन नदी का संगम डोमिनगढ़ में होता है और इसके बाद राप्ती नदी गोरखपुर के पश्चिम की ओर से बहती है। राप्ती नदी की बाढ़ से बचाव के लिए हावर्ट बांध बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में यदि कहीं बाढ़ आ जाती है तो गोरखपुर महानगर ही महत्वपूर्ण केंद्र होता है जहां से बचाव के कार्य सुगमता से संपन्न होते हैं। बाढ़

- मुख्यमंत्री योगी ने किया बांध पर बन रहे फोरलेन मार्ग का निरीक्षण
- राजघाट से डोमिनगढ़, माधोपुर तटबंध होते हुए फोरलेन और आरओबी के निर्माण पर आएगी 700 करोड़ रुपये की लागत

से शहर के बचाव के लिए दशकों से मांग हो रही थी। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2017-18 में इसी क्षेत्र में जब हावर्ट बांध पर जब राप्ती नदी का लेवल उठ रहा था तब बाढ़ से बचाव के लिए अत्यंत संवेदनशील स्थिति बन गई थी। काफी मशक्कत के बाद तटबंध को बचाया जा सकता था। इसे देखते हुए और यातायात की समस्या से भी निजात दिलाने के लिए एक नई व्यवस्था बनाई गई है। इसमें राजघाट से डोमिनगढ़ तक फोरलेन की सड़क बन रही है। डोमिनगढ़ में एक रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण हो रहा है। हावर्ट बांध के बाद माधोपुर तटबंध को भी फोरलेन से जोड़ते हुए महेसरा को जोड़ने की कार्रवाई होगी। सीएम योगी ने कहा कि इससे सिटी के बाहर-बाहर फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी मिल जाएगी। राजघाट, टीपीनगर से होते हुए नेपाल जाने वाले मार्ग पर जाने के लिए यात्रियों को शहर के अंदर जाने की जरूरत नहीं रहेगी। इस फोरलेन से सीधे महेसरा और फिर वहां से सोनौली मार्ग पर जाना आसान होगा। यही स्थिति मालभाड़ा पर भी लागू होगी। उन्होंने कहा कि यहां पास में स्थित साहबगंज मुख्य मंडी है। यहां पर कपड़े का भी बड़ा व्यापार है। इसके चलते ट्रक रात भर खड़े रहते हैं। लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। दिन में भी आवागमन में दिक्कत होती है। पर, अब फोरलेन बन जाने पर दिन हो या रात लोग घर आ-जा सकेंगे और व्यापरियों के माल का आना जाना भी आसान हो जाएगा।

## अतिया बेगम की मजलिसे चेहलुम सम्पन्न



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अतिया बेगम मरहूमा बिन्ते अता हुसैन मरहूम की मजलिसे चेहलुम महमूदाबाद में सम्पन्न हुई। यह मजलिस अज़ाख़ाना असलम रिज़वी में मुन्अक़िद की गई। मजलिस को आली जनाब मौलाना डॉक्टर सैयद मोहम्मद असकरी सिरसवी ने ख़िताब किया। मौलाना ने मजलिस में वालेदैन की अज़मत पर रौशनी डाली।मरहूमा के कोई अपनी औलाद नहीं थी भांजों ने हमेशा उनकी खिदमत अंजाम दी। मौलाना ने मसाएब में जनाबे फातिमा जहरा सलवातुल्लाह अलैहा का जिक्र किया। उन्होंने बताया किस तरीके से एक मां के तौर पर उन्होंने खिदमत अंजाम दी। तमाम मुसीबतों को बर्दाश्त करते हुए उन्होंने उमूरे खाना के फराएज अंजाम दिए।

## प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय कटसहरा के बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय कटसहरा व पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटसहरा के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर ग्राम वासियों को जागरूक किया गया और अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली का शुभारंभ पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटसहरा की हेडमास्टर संध्या भारती ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर अध्यापक कमलेश कुमार, अंजलि श्रीवास्तव, ममता गुप्ता, अमृता दूबे, जयमाला गौतम, अंकित गुप्ता, रिंकू देवी, प्रीति वर्मा, शैलप्रभा सिंह, सुशीला देवी, सहित 150 की संख्या में बच्चे व रसोईया, ग्राम प्रधान इत्यादि उपस्थित रहें।

## युवक की हत्या में शामिल तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के ढड़ौली में 18 अप्रैल को रात्रि को 9.30 बजे के करीब बदमाशो ने लाठी डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिया था। पुलिस यूट्यूबर शिल्पा यादव की तहरीर पर रामसिंह सिंह अन्य अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को थानेदार महेश कुमार चौबे,एसआई धनश्याम उपाध्याय,एसआई विनोद कुमार,एसआई संदीप चौधरी,एसआई रमेश यादव,एसआई मृत्युंजय कुमार कास्टेबिल विकास यादव,रुद्र सिंह,सुरेंद्र रावत,संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि हत्या में शामिल तीन अभियुक्त मुस्तफाबाद नहर पुलिया की पास मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। और तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान हिमांशु सिंह पुत्र सतेंद्र प्रताप सिंह निवासी मुस्तफाबाद उर्फ मलउर के खिलाफ सहजनवा और गीडा थाने में दो केस दर्ज है। बृजेश यादव पुत्र जनार्दन यादव निवासी बस्तीदेवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीरनगर,,बृजेश पुत्र महेंद्र प्रसाद निवासी धर्मदासपट्टी थाना सहजनवा के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के निशानदेही पर तीन रक्तरंजित डंडा,बाइक पल्सर, बरामद किया है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 21/04/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 मय स्टाफ द्वारा क्षेत्रांतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, पीओएस से बिक्री, आनलाइन पेयमेंट सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता दो आरोपियों को लूट के माल सहित किया गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता 14 घण्टे में किया लूट का खुलासा दो आरोपियों को लूट के माल सहित किया गिरफ्तार शादी में लिए कर्ज को चुकाने के लिए अरोपी ने दिया लूट की घटना को अंजाम डीआईजी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि कल अनुपम यादव अपने भतीजे के साथ बाइक से दवा लेने जा रही थीं माऊदरबाज के रस्तोगी पेट्रोल पंप के निकट अपाचे बाइक सवार लुटेरों ने अनुपम की चैन तोड़कर फरार हो गए थे पुलिस ने उमनवीर निवासी माऊदरबाज, यश निवासी एटा को गिरफ्तार किया आरोपियों के कब्जे से लूटी गई चैन बरामद हुई है आरोपियों को गिरफ्तार करने बाली पुलिस टीम को डीआईजी ने 10 हजार रुपए के पुरुष्कार देने की घोषणा की डीआईजी आलोक प्रियदर्शी ने बताया अरोपी उमनवीर ने पूछताछ में बताया 23अप्रैल 2024में आरोपी की शादी हुई थी शादी में कई लोगो से कर्ज लिया था कर्जे बाले लोग रोज तगादा करते थे कर्ज चुकाने के लिए लूट की घटना को दिया था अंजाम पुलिस लाइन सभागार में दी गई जानकारी।

## डॉ. मोहम्मद आसिफ बने ऐरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ऐरा यूनिवर्सिटी के ऐरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डॉ. मोहम्मद आसिफ को प्रिंसिपल का चार्ज दिया गया है। डॉ. मोहम्मद आसिफ के प्रिंसिपल का चार्ज लेने के बाद शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर छात्रों ने डॉ. मोहम्मद आसिफ को बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया। डॉ मोहम्मद आसिफ ने 2005 में झाँसी से शुरुआत की फिर 2006 में SIPER मध्य प्रदेश में लेक्चरर के तौर पर काम किया। फिर 2006 से 2019 तक जीआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, देहरादून में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर काम किया। 2019 से 2021 तक एचआईपीआर देहरादून में प्रोफेसर और एचओडी पद पर कार्यरत रहे उसके बाद 2021 से 2023 तक ग्लोकल यूनिवर्सिटी सहारनपुर में प्रोफेसर पद पर काम किया। 2023 से एरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ऐरा युनिवर्सिटी में फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री विभाग में प्रोफेसर और एचओडी पद पर कार्य कर रहे थे। डॉ मोहम्मद आसिफ के 240 से ज्यादा रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके हैं। अपने व्यवहार के कारण डॉक्टर मोहम्मद आसिफ छात्रों और शिक्षकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। सभी शिक्षकों को उम्मीद है कि डॉक्टर मोहम्मद आसिफ के दिशा निर्देशों में ऐरा कॉलेज आफ फार्मेसी ऊंचाइयों तक जरूर पहुंचेगा।

# कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन से बौखला गए हैं प्रधानमंत्री मोदी: अलका लांबा

- अलका लांबा का बीजेपी पर तीखा हमला

**वाराणसी।** वाराणसी में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड अंग्रेजों से लड़ाई कर रहा था, तब आरएसएस अंग्रेजों की मुखबिरी कर रही थी। नेशनल हेराल्ड अंग्रेजी में था और इसी का उर्दू संस्करण कौमी आवाज निकाला गया और हिंदी में नवजीवन निकाला गया।

उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड में भाजपा में दम हो तो साबित करके दिखाओ काशी से पीएम को चुनौती दे रहे हैं। अब भाजपा जजों को डराने धमकाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार आरएसएस की किताबों को विज्ञापन देती है, जो देश में नफरत



फैलाती है। अलका लांबा ने कहा कि मोदी सरकार ने रुचि सोया का कर्ज माफ कर दिया और बाबा रामदेव की पतंजलि ने इसे खरीद लिया। दूसरा, मोदी सरकार ने वोडाफोन के 36,000 करोड़ रुपये माफ कर दिए और यहां तक कि उसका स्वामित्व भी अपने हाथ में ले लिया, जो अब 22.6 प्रतिशत से बढ़कर 48.99 प्रतिशत हो गया है। कहा कि ईडी ने पांच हजार मामले दर्ज किए और सजा सिर्फ 24 मामलों में हुई। सबसे बड़ी बात यह कि ईडी के 100 में 99 मामले में विपक्ष के खिलाफ दर्ज होते हैं। इस पर ईडी को जवाब देना चाहिए कि सत्ता के मामले में मामला दर्ज करते हैं लेकिन साबित क्यों नहीं कर पाते हैं। हम इसके खिलाफ पूरे देश में सड़कों पर निकलेंगे। संविधान बचाओ देश बचाओ की रैली को निकालकर इस आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे।लांबा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड ने अंग्रेजों के युद्ध में हिस्सा लिया, यह देश की धरोहर है। हम इसे बचाएंगे। उन्होंने कहाकि हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन को छोड़ दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर तथाकथित आरोपपत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य चाहे वह राजनीति में हो या नहीं भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस नेत्री अलका लांबा ने कहा कि भाजपा डरी हुई है राहुल गांधी से। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी। बंगला छीन लिया और सुरक्षा छीन ली।

# टीएमयू नर्सिंग के कृष्णपाल मिस्टर तो आयुषी चुनी गई मिस फेयरवेल

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- कलरव में कृष्णपाल सिंह को मिस्टर फेयरवेल और कुमारी आयुषी को मिस फेयरवेल चुना गया। इससे पूर्व नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल डॉ. एम. जेसलीन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके फेयरवेल पार्टी- कलरव का शुभारम्भ किया। रैंप वॉक, इंट्रोडक्शन और प्रश्नोत्तरी के जरिए मिस और मिस्टर फेयरवेल का चयन हुआ। निर्णायक मंडल में प्रो. अनुषी सिंह और श्री वेदमूर्ती शामिल रहे। फेयरवेल पार्टी- कलरव में स्टुडेंट्स ने नत्य, गायन, कविता, शायरी और गजल के जरिए





अपने हुनर को दिखाया। फेयरवेल पार्टी में सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। स्टुडेंट यशी ने सरस्वती वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक प्रोग्राम्स का शंखनाद किया। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर की छात्रा ज्योति ने बॉलीवुड मैसअप सांग्स पर नृत्य की प्रस्तुति दी, तो छात्र रविन्द्र सिंह ने मेरी भीगी-भीगी सी पलकों पर रह गए... गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग सेकेंड ईयर की स्टुडेंट्स- दीपांशी एंड ग्रुप ने बड़ी मुश्किल बाबा बड़ी मुश्किल और कंगना-कंगना गीत पर नृत्य किया। सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स जयपाल यादव ने अपनी कविता से खूब तालियां बटोरीं। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर की छात्रा अनामिका भारद्वाज ने शायरी तो सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स- रितिक एंड दिपांशी ने ड्यूट डांस से सभी को झूमने पर मजबूर किया। फेयरवेल पार्टी- कलरव में एचओडीज़- प्रो. विजीमोल, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. जितेन्द्र सिंह, डॉ. सुमन वशिष्ठ के संग-संग कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर मिस विभा कुमारी, मिस अंशिका सक्सेना और पोस्ट बेसिक बीएसएसी नर्सिंग के 170 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स- ओझा प्रिया, प्राची शर्मा, दीपांशु कुमार, महिमा ने किया।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा पर मंडलीय कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश दीनदयाल वर्मा समेत अलीगढ़, एटा, हाथरस और कासगंज के उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, लेखाकार, सहायक लेखाकार, रोजगार सेवक एवं महिला मेट के द्वारा प्रतिभाग किया गया। मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने एक दिवसीय मनरेगा मण्डलीय वर्कशॉप का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कार्यशाला में मनरेगा योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर बल दिया। आयुक्त ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने की एक सशक्त योजना है, जिसके माध्यम से गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण भी सुनिश्चित होता है। उपायुक्त श्रम रोजगार, ग्राम्य विकास



विभाग उत्तर प्रदेश दीनदयाल वर्मा ने निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लें और जमीनी स्तर पर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें। कार्यशाला में मनरेगा योजना के तकनीकी एवं सामान्य बिन्दुओ पर विषय विशेषज्ञो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम्य विकास संस्थान कासगंज व अलीगढ के जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं आरसेटी हाथरस, एटा व कासगंज के निदेशकगण ने प्रशिक्षण देते हुए श्रम बजट तैयार करने एवं कार्य योजना बनाने के साथ-साथ अभिलेखो के रखरखाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला मे विभिन्न प्रकार की अनियमितताओ पर ध्यान आकृष्ट कराते हुये विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया और सभी को अवगत कराया गया कि शिकायतों के निस्तारण के संबन्ध में त्रुटि निवारण करते हुये शिकायत को निक्षेपित किया जाए।

## वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर महिला सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित




अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** इंद्रा पैलेस में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर महिला सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष दीदी श्रीमती कमलावती सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम अनुरागी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री मति ऊषा गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष जालौन श्रीमती नेहा मित्तल, कार्यकम संयोजक श्री शशि सोमेन्द्र सिंह, प्रीति बंसल, समस्त पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्रीमती कमलावती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को निरंतर प्रगति की ओर ले जा रहे हैं।वन नेशन वन इलेक्शन से देश के लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे। जिससे धन का, समय का अपव्यय रुकेगा।

जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित ने कहा कि इस मुहिम को हमें गांव गांव, घर घर तक पहुंचाना होगा। सम्मेलन में पूजा सेंगर, अनीता, विवेक कुशवाहा, नीरज दुबे कैथेरी, अंजू सिंह, माया, आकांक्षा अनुरागी की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपद में गौशालाओं का निरीक्षण, गर्मी से बचाव के लिए पेयजल समेत सभी व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम के निर्देश



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकताओं में शामिल गौशालाओं की देखरेख और गौवंशों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय बना हुआ है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी समेत जिला विकास अधिकारी निशांत एवं सभी उपजिलाधिकारियों ने जनपद के विभिन्न ग्रामों की गौशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम कैथी, दिरावटी, भाडरी, चमर सेना, पड़री, देवगांव, बेड़ा, ऐबरा सहित अन्य स्थानों की गौशालाओं में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा एवं चुनी-चोकर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, गर्मी से बचाव के लिए भी समुचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम सचिव एवं ग्राम पंचायत अधिकारी आगामी पाँच दिनों के भीतर अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं में संरक्षित गोवंश की संख्या का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से प्रस्तुत करें। यदि तय समय पर सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होता है तो संबंधित कर्मचारियों का अप्रैल माह का वेतन रोका जाएगा। प्राप्त रिपोर्टों की जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा गहन जांच भी की जाएगी। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला विकास अधिकारी ने पेयजल व्यवस्था की विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वृहद गौशालाओं में कार्यरत केयरटेकरों के कार्यों का स्पष्ट विभाजन किया जाए, ताकि नंदी, मादा एवं छोटे गोवंशों की देखरेख सुचारू रूप से की जा सके।

## अलीगढ़ पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा / सशक्तिकरण / संवाद / परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। पिछले चरणों में ऑपरेशन जागृति के तहत चार प्रमुख मुददों पर चर्चा की गई थी। जिसके अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा व उनको मोहरा बनाकर झूठी शिकायत, प्रेम संबंधों में किशोर व किशोरियों का घर से पलायन व साइबर हिंसा व उससे बचाव से संबंधित विषयों को चुना गया था। इस बार ऑपरेशन जागृति के 06 उद्देश्य प्रमुखता में है।

ऑपरेशन जागृति-4 के 6 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है-

1. महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा
2. महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना
3. किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन
4. साइबर हिंसा व सुरक्षा
5. नशे के दुष्परिणामों से बचाव
6. पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा

## लखनऊ के इंदिरा नगर मुंसीपुलिया पर आरएसएस सेवा संघ में आर्या विक्रम सिंह को बनाया गया जिला उपाध्यक्ष

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के इंदिरा नगर मुंसीपुलिया पर आर्या विक्रम सिंह जी को आरएसएस सेवा संघ का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है वहीं हम आपको यह बता दे कि उसी दौरान प्रदेश संगठन मंत्री अजय राठी जी व जिला अध्यक्ष विनय पाठक जी ने आरएसएस सेवा संघ का नियुक्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया था। जिसके बाद हम आपको बताते चले कि उन्हें लखनऊ के कार्यकारिणी में उनका स्वागत भी किया गया। इसके साथ ही साथ गौरतलब यह है कि इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री अजय राठी जी जिला अध्यक्ष विनय पाठक, जिला सदस्य लक्की,इसके अलावा श्री विरेन्द्र सिंह और इसके साथ वहां पर आयुष चौधरी व अभिषेक यादव एवं अंकित यादव जी जैसे कई अन्य लोग भी वहां पर मौजूद रहे।

## हीट वेव के शासन ने बदला चलते स्कूलों का समय

अमेठी **अवधनामा संवाददाता।** अप्रैल के महीने में गर्मी बढ़ने और हीट वेव के प्रकोप से बच्चों के बचाव को शासन के निर्देश दिए डी एम संजय चौहान ने परिषदीय विद्यालयों में स्कूलों के संचालन का समय परिवर्तित करने का आदेश दिया है। अब स्कूलों का समय अगले आदेश तक सुबह 7.30बजे से 12बजे तक होगा। डी एम का आदेश जारी होने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों में समय परिवर्तन का आदेश 22अप्रैल से प्रभावी होगा।

### ट्रैक्टर ट्राली ने दूध के लोडर को ठोंका

**सुमेरपुर हमीरपुर।** इंगोहटा छानी मार्ग में इंगोहटा से दूध लाद कर जा रहे लोडर को लकड़ी लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। इस घटना में लोडर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घुसकर क्षतिग्रस्त हो गया।

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है मेरा पूरा नाम SYED MOHAMMAD REZA NAQVI है। जो मेरे पुराने पासपोर्ट पर SYED MOHAMMAD REZA लिखा है इसमें हमारा सरनेम नक़वी NAQVI लिखा नहीं है हमारे पुराने पासपोर्ट पर पता VILL : GAURI KHALSA PO SUBHAN KHERA DISTT HARDOI UP है। अब हमारा पता जो हमारे आधार कार्ड पर लिखा हुआ है वो ये है।

**C/O SYED MANAZIR HUSAIN 546/771A NEAR HARI MAZAR SARFARAZGANJ HARDOI ROAD LUCKNOW, LUCKNOW UTTAR PRADESH 226003**

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है मेरा पूरा नाम SYED MOHAMMAD JAVAD NAQVI है। जो मेरे पुराने पासपोर्ट पर SYED MOHAMMED JAWAD लिखा है इसमें हमारा सरनेम नक़वी NAQVI लिखा नहीं है हमारे पुराने पासपोर्ट पर पता VILL : GAURI KHALSA PO SUBHAN KHERA DISTT HARDOI UP PIN - 241305 है। अब हमारा पता जो हमारे आधार कार्ड पर लिखा हुआ है वो ये है।

**C/O SYED MANAZIR HUSAIN 546/771A ROZE WALI GALI NEAR HARI MAZAR SARFARAZGANJ HARDOI ROAD LUCKNOW, LUCKNOW, LUCKNOW, UTTAR PRADESH 226003**

अवधनामा



# डीएम निखिल टीकाराम फुंडे बनाएंगे उड़न दस्ता, सभी विभागों में होगा औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिले की कमान संभालते ही नवागत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने एक्शन मोड में आ गए हैं। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद डीएम ने सबसे पहले जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को गंभीरता से परखा और कई जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने ओपीडी, डॉक्टरों की उपस्थिति, दवा वितरण केंद्र सहित विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। दवा वितरण केंद्र पर उन्होंने खुद दवा के पत्ते उठाकर उनकी एक्सपायरी डेट चेक की। मीडिया के माध्यम से मिली शिकायत–कि डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवा लिख रहे हैं–को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने साफ किया कि अब जनपद में ÷उड़न दस्ता÷ गठित किया जा रहा है, जो सभी विभागों का औचक निरीक्षण करेगा। कमी मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई डीएम ने चेतावनी दी कि अगर उड़न दस्ता की रिपोर्ट में किसी भी विभाग में अनियमितता या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी डॉक्टर मरीज को इलाज से वंचित नहीं करेगा। सभी को समय से ड्यूटी पर पहुंचना अनिवार्य है। सेप्टिक वार्ड में ताला देख भड़के डीएम निरीक्षण के दौरान डीएम सेप्टिक वार्ड पहुंचे, जहां ताला बंद मिलने पर वे नाराज हो गए। उन्होंने तत्काल ताला तुड़वाकर अंदर जाकर निरीक्षण किया। डीएम ने स्वीकार किया कि अस्पताल में कई खामियां पाई गई हैं, जिनमें सबसे बड़ी कमी साफ-सफाई की है। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए।

नाले की सफाई और डॉक्टरों की कमी पर निर्देश जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के बीच स्थित नाले की सफाई को लेकर भी डीएम ने संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में नगर आयुक्त और दोनों अस्पतालों के सीएमएस से बात की जाएगी कि सफाई की जिम्मेदारी किसकी होगी। डॉक्टरों की कमी पर डीएम ने कहा कि सीएमएस को निर्देश दिया गया है कि वे डॉक्टरों की आवश्यकता को लिखित में प्रस्तुत करें, ताकि डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री से डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने की सिफारिश की जा सके।

## फतेहपुर में तीन किसानों की हत्या पर भड़की भारतीय किसान यूनियन,डीएम को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**अयोध्या।** जनपद फतेहपुर के अखरी गांव में एक ही परिवार के तीन किसानों की हत्या के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए पीड़ित परिवार को सुरक्षा, आर्थिक सहायता और न्याय की मांग की।ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि पीड़ित परिवार को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए, वादी व गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए, आश्रितों को सरकारी नौकरी और बच्चों को निशुल्क शिक्षा व शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर दोषियों को जल्द सजा दिलाने तथा आरोपियों पर गैंगस्टर और एनएसए जैसी कड़ी धाराएं लगाने की मांग की गई।

# डीएम ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक, कार्यों में पारदर्शिता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने अनुशासन, पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य निष्पादन पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनना होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई अनिवार्य रूप से करें और प्राप्त समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही, कार्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और बैठने की व्यवस्था बेहतर बनाए रखें।गर्मी के मद्देनज़र उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय और वाहनों में ओआरएस पाउच रखने के निर्देश भी दिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत दी जा सके। आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और तहसील दिवस पर प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण करने और सीएम डैशबोर्ड में रैंकिंग सुधारने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी विभाग 20 मई 2025 तक ई-ऑफिस से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करें ताकि इसके उपरांत ई-ऑफिस को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी श्री प्रखर गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील कुमार, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी को जनहित में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

## 84 कोसी परिक्रमा बीकापुर पहुंची, श्रद्धालुओं ने साधु-संतों का किया भव्य स्वागत

**बीकापुर -अयोध्या।** अयोध्या धाम की प्राचीन और पावन 84 कोसी परिक्रमा रविवार रात्रि को बीकापुर क्षेत्र के पौराणिक स्थल सीताकुंड पर रात्रि विश्राम के बाद सोमवार सुबह अगले पड़ाव की ओर प्रस्थान कर गई। परिक्रमा में शामिल साधु-संतों और श्रद्धालुओं का भगौती नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं को जलपान और नाश्ते की भी उत्तम व्यवस्था प्रदान की गई।

# दुकानदार से 30 हजार रुपये छीने, परिवार पर भी हमला

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** असंद्रा थाने संबद्ध सिद्धौर पुलिस चौकी क्षेत्र के नगर पंचायत में एक कपड़ा व्यवसाई से मारपीट कर 30 हजार रूपये लूटपाट की घटना सामने आई है। फूलमती वार्ड के सिद्धेश्वर के दुकानदार रजनीश के साथ यह घटना 19 अप्रैल की शाम करीब 8 बजे हुई। आरोप है कि मोहल्ले के ही सरजू प्रसाद उर्फ लोलो, राम उदित पुत्रगण दशरथलाल, जैसीराम और मौजीराम पुत्रगण सरजू प्रसाद ने दुकान पहुंचकर पर एकराय होकर हमला कर दिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड से दुकानदार को पीट दिया। वह लहुलुहान हो गया। उनकी जेब में रखे 30 हजार रुपये छीन लिए। चीखपुकार पर पीड़ित के परिवार के सदस्य उन्हें बचाने आए तो हमलावरों उन पर भी हमला कर दिया। इस दौरान कपड़ा व्यवसाई रजनीश के भाई गिरीश और चचेरे भाई रजत को गंभीर चोटें आईं। मोहल्ले के लोगों के बीचबचाव करने पर पीड़ित का परिवार किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहा। पीड़ित रजनीश ने अगले दिन 20 अप्रैल को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पिता-पुत्र समेत चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। मगर आरोप है कि घटना के दो दिन बीतने के बाद पुलिस चौकी इंचार्ज राम प्रकाश मिश्र के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आरोपी पीड़ित परिवार को धमका रहा है। उसे जान से मारने की धमकी बराबर दे रहे हैं। जिससे डरा सहमा श परिवार मोहल्ला को छोड़ने पर मजबूर है।

# फुले फ़िल्म को रोके जाने पर आप कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्रीबाई फुले जी के जीवन पर आधारित फिल्म पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में आप पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी के माध्यम तीन सूत्रीय माँग पत्र सौपा गया। बताते चले कि फुले फ़िल्म को लेकर देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। बड़ी जाति के लोग नही चाहते है कि ये फ़िल्म रिलीज किया जाए। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हाल ही में महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्रीबाई फुले जी के महान जीवन और संघर्षों पर आधारित महत्वपूर्ण फिल्म पर केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत सेंसर बोर्ड द्वारा रोक लगाई गई है। यह रोक न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है, बल्कि हमारे देश के महान समाज सुधारकों की विचारधारा को दबाने का भी प्रयास प्रतीत होती है। उन्होंने आगे बताया कि महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने सदियों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और शिक्षा, नारी सशक्तिकरण तथा समतामूलक समाज की स्थापना के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनकी जीवन यात्रा को जनमानस तक पहुँचाना आज के समय की आवश्यकता है ताकि देश के युवा उनके विचारों से प्रेरणा ले सकें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एवं उत्तर प्रदेश की जनता, इस अन्यायपूर्ण रोक का विरोध करते हैं और राष्ट्रपति महोदया से माँग करते है कि सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्म पर लगाई गई रोक को तुरंत हटाने का निर्देश दिया जाए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इतिहास के सही चित्रण को सुनिश्चित किया जाए। आगे बताया कि ऐसे महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने में सरकार सकारात्मक भूमिका निभाए। इस मौके पर इस मौके पर आकाश वर्मा अरविंद यादव ललित रावत सत्येंद्र यादव अजीत श्रीवास्तव मोहम्मद नफीस अंसारी नन्हे राम यादव बलवंत यादव महफूज आलम आदि आम आदमी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चिकित्सा शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खण्ड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरपुर परिसर में सी-19 कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में लंबाई, वजन, ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर, डिजिटल छाती एक्स-रे आदि की जांच की गयी। कैम्प में सीने में दर्द हो, वजन घट रहा हो, ब्लड प्रेशर की दवा चल रही हो, शराब का नियमित सेवन कर रहे हों व सांस फूलने की दिक्कत होने आदि रोगों से ग्रसित लोगों की जांच कर उनको उचित परामर्श दिया गया। साथ ही निःशुल्क दवा भी वितरित की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. दिलीप शुक्ला निरीक्षण कर कैम्प के हकीकत से रूबरू हुए। साथ ही जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिये। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठौरा के अधीक्षक डा. मनोज कुमार कुशवाहा ने बताया कि कैम्प में जिनको दो सप्ताह से ज्यादा दिन से खासी आ रही हो इसी क्रम में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शिवेंद्र मिश्र ने बताया कि रविवार को कैम्प में 140 मरीजों की जांच की गयी। इस अवसर पर जिला को-आर्डिनेटर उपेन्द्र शुक्ला, मुन्ना सिंह, डा. घनश्याम गुप्त, उमेश चंद गुप्त, जनार्दन, अजीत कुमार, राजकुमार, शिल्पी, मनोरमा व अनुज सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे

## स्वर्गीय रत्नाकर जनता के दिलो पर राज करते थेः डॉ पुनिया



**बाराबंकी।** रामनगर (धमेड़ी) रियासत के 14वें राजा एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव समाजसेवी स्वर्गीय रत्नाकर सिंह जनता के दिलों पर राज करते थे। वे सदैव जनसेवा इमानदारी और विकास के प्रतीक रहे हैं। राजा रत्नाकर सिंह का सरल स्वभाव और सबको साथ लेकर चलने की राजनीती आज के समय में एक प्रेरणा है। आजादी के आन्दोलन में इस रियासत ने बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई थी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिगवजय सिंह के राजा रत्नाकर सिंह दामाद थे। 61 वर्ष की आयु में कैंसर जैसी घातक बीमारी के कारण उनका असमय निधन हो गया। आज स्व0 राजा रत्नाकर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली एवं मरीजों को फल वितरण जैसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते है। और दिवंगत की याद दिलाते हैं। आज उनके प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनको कांग्रेस परिवार के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। उक्त उद्धगार पूर्व सांसद डॉ0 पी0एल0 पुनिया ने आज युवा समाज सेवी कांग्रेसी नेता धनन्जय सिंह रैकवार द्वारा रामनगर (धमेड़ी) के राजा स्व0 रत्नाकर सिंह जो नगर पंचायत रामनगर के पूर्व अध्यक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव रह चुके थे, उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद डॉ0 पी0एल0 पुनिया के ओबरी आवास पर आयोजित श्रद्धांजली समारोह में व्यक्त किये। श्रद्धांजली समारोह के पश्चात कांग्रेसजनों के साथ स्थानीय अस्पताल पहुंचकर पूर्व सांसद डॉ0 पीएल पुनिया ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 बीपी सिंह तथा कांग्रेसजनों के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया और मरीजों का हालचाल जानकर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। समाजसेवी कांग्रेसी नेता धनन्जय सिंह रैकवार द्वारा समाजसेवी पूर्व प्रदेश सचिव रामनगर धमेड़ी रियासत के राजा स्व0 रत्नाकर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजली सभा तथा अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, विनोद सिंह कार्यक्रम आयोजक धनन्जय सिंह रैकवार, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, इरफान कुरैशी, सरजू शर्मा, देवेन्द्र सिंह मोनू, राजकुमार सिंह, अंकित सिंह रैकवार, नेकचन्द त्रिपाठी, अजय रावत, मोहम्मद जिशान विजयपाल गौतम, अजीत वर्मा, अखिलेश वर्मा, उदयभान यादव, गोपी कनौजिया, सद्दाम हुसैन, श्रीकान्त मिश्रा, संजीव मिश्रा, आशू दिक्षित, धीरेन्द्र सिंह, ज्ञानू सिंह, अमित सिंह सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# दलित दिव्यांग को जमीन से बेदखल करने के प्रयास, शिवसेना ने मोर्चा खोला



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** यूबीटी के शिवसैनिको ने सोमवार को गन्ना दफ्तर परिसर में एकत्र होकर पार्टी के प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही के नेतृत्व में तहसील नवाबगंज के ग्राम पहलीपार निवासी दलित दिव्यांग शिवसैनिक देशराज गौतम की आबादी भूमि को ग्राम प्रधान पति, क्षेत्रीय लेखपाल भूमाफिया की बता कर जमीन से बेदखल करने के प्रयास के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिव कुमार को सौंपा। इस मौके पर शिवसेना यूबीटी प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही बताया कि नवाबगंज तहसील अंतर्गत ग्राम पहलीपार मजरे सुरसंडा स्थित हरिजन आबादी भूमि को क्षेत्रीय लेखपाल व ग्राम एक भूमाफिया सिराज के नाम घोषित कर दिया है और उस पर निवासरत हरिजनों को जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है और प्रधान व अन्य विपक्षी दलों के नेताओ के इशारे पर स्वामित्व योजना के तहत घरौनी नही जारी की जा रही है सागर इंजिनियर कालेज अयोध्या मार्ग से गोंडा मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग तक फोर लेन रोड पास होने से जमीन कीमती हो गई है और गांव की भूमि पर भूमाफियाओं की नजरे जम गई है प्रधान पति धीरज द्वारा गांव में हरिजनों के बीच भय का माहौल बनाया जा रहा है और पीड़ित लोगों को डराया धमकाया जा रहा है जिसके चलते लोग विरोध का साहस भी नही कर पा रहे है जमीन के हरिजन आबादी के संबंध में एक कार्यवाही में स्टांप आयुक्त के फील्ड आफिसर ने अपनी जांच आख्या में झूठी रिपोर्ट लगाई कि उक्त हरिजन आबादी में कोई औद्योगिक व आबादी गतिविधि विद्यमान नहीं है जबकि सैकड़ों वर्षो से हरिजन आबादी है इस प्रकार दलित समाज के हरिजनों के साथ अन्याय किया जा रहा है इसके लिए आर पर की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर पार्टी के जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित, जिला उप प्रमुख अजय गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी एस एन मिश्र, युवासेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू, जिला सचिव बलबीर वर्मा, प्रवीन वर्मा,पीड़ित देशराज गौतम आदि उपस्थित थे।

## इफको एजेंसी के नाम पर ठगे गए 1 लाख रुपये पीड़ित को वापस मिले



**बाराबंकी।** साइबर सेल ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर अपराधियों द्वारा इफको एजेंसी देने के नाम पर की गई धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित को राहत मिली है। आशुतोष द्विवेदी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों ने उन्हें इफको एजेंसी देने का झांसा देकर करीब 4 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम थाना ने तुरंत कार्रवाई की। साइबर सेल की टीम ने तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए संबंधित मर्चेंट से संपर्क किया। इस कार्रवाई में टीम को सफलता मिली और पीड़ित के खाते में 1,00,210 रुपये वापस करवाए गए। इस सफल कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी विनय प्रकाश राय, साइबर थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव, उप निरीक्षक इफलाक अहमद खान, हेड कांस्टेबल नीरज यादव समेत कई पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही।

## कोल्हुई तिराहे पर पुलिस बूथ का हुआ शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** विगत दिनों व्यापार मंडल के लोगो ने एसपी सोमेंद्र मीणा को ज्ञापन देकर कोल्हुई तिराहे पर पुलिस बूथ निर्माण कराने की मांग की थी। जिसके बाद एसपी मौके पर पहुँच जगह का सीमांकन कर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से बूथ बनवाने के लिए आदेश दे दिया। इसी क्रम में रविवार को एसपी के निर्देश पर कोल्हुई कस्बे के मेन तिराहे पर पुलिस बूथ का भूमिपूजन व शिलान्यास किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीराम जायसवाल ने पूरी विधि विधान के साथ पीडब्लूडी परिसर में पिकेट निर्माण के लिए भूमि पूजन कराया।पिकेट निर्माण होने से कस्बे के साथ साथ हाइवे से गुजरने वाले वाहनों पर भी पुलिस अच्छे से निगरानी कर पायेगी। साथ ही सड़क दुर्घटना व चोरी जैसे अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। शिलान्यास में पहुँचे थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियो के निर्देश पर पिकेट निर्माण का शिलान्यास हुआ है।तिराहे पर पिकेट बनने से सुरक्षा के साथ साथ संदिग्ध गतिविधियो पर लगाम लगाने में सफलता मिलेगी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राहुल यादव,ग्राम प्राधन रामकेश प्रजापति, युवा अध्यक्ष देव अग्रहरी, उपाध्यक्ष अभिषेक रौनियार, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शाही, अकबाल अहमद, डब्लू सिंह, पशुपतिनाथ मद्धेसिया , दीनदयाल चौबे, बृजेश जायसवाल, दुर्गेश मिश्रा, गणेश कसौधन, इमरान खान, गंगा चौरसिया, गुड्डू शुक्ला,विनोद मद्धेसिया,अभिषेक रौनियार ,मनोज संगीत दर्जनों व्यापारीगण मौजूद रहे।

## एक साथ चुनाव से भारत की अर्थव्यवस्था होगी मजबूतः संजय पांडेय

# भारत में पर्याप्त संसाधन सफल होगा यह कार्यः प्रद्युम्न मिश्रा

अवधनामा संवाददाता



**महाराजगंज।** सामाजिक संस्था भारद्वाज ग्राम उद्योग सेवा संस्थान के वरना तले एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर महाराजगंज जनपद के गैर सरकारी संस्थाओं का समागम ब्लॉक समाचार में किया गया जिसे मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार पांडे ने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव से भारत की मैन सिर्फ आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि भारत की व्यवस्था को मजबूती प्रदान होगा आए दिन चुनाव से होने वाले नुकसान से भारत बचेगा इसलिए यह कार्य निश्चित रूप से राष्ट्र हित में है एक रात एक चुनाव मिशन के मंडलीय संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि भारत पिछले 11 वर्षों से राष्ट्र की व्यवस्था को सुधारने में लगा हुआ है और इस व्यवस्था के सुधार में एक साहसिक कदम के रूप में एक राष्ट्र एक चुनाव का संकल्प लिया है इस संकल्पना को पूरा करने से भारत मजबूत होगा बल्कि पूरी दुनिया में भारत की स्थिति एक मजबूत राष्ट्र के रूप में बनकर सामने उभरेगा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल ने कहा एक रास्ते एक विषय पर पूरे देश में माहौल तैयार हो चुका है और सरकार एक बहुत बड़ा निर्णय लेकर देश में परिवर्तन करना चाहती है और इस परिवर्तन में आम नागरिकों के साथ-साथ देश के मजबूत सभी सामाजिक संस्थाएं साथ है एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित समागम की अध्यक्षता करते हुए हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के संस्थापक डॉक्टर घनश्याम शर्मा ने कहा कि यह बहुत बड़ा कदम है कम देश को न सिर्फ आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा बल्कि पूरे दुनिया में हमारा देश एक सशक्त निर्णय लेने वाला देश भी कहलाने की भूमिका में आगे बढ़ेगा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित इस समागम विषय परिवर्तन भारद्वाज कलम प्रयोग सेवा संस्थान के सचिव प्रवर्तन करते हुए इस विषय के महत्व पर प्रकाश डाला संचालन सामाजिक संस्था सिटीजन फोरम के सचिव डॉक्टर शांतिशरण मिश्र ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के निर्णय से देश पूरी मजबूती के साथ मारेगा और सामाजिक राजनीतिक परिवर्तन दिखेगा।

एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित समागम को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक कुमार गुप्ता संजय लाल श्रीवास्तव आलोक रंजन त्रिपाठी महिंद्रा नंद जयसवाल दशरथ गुप्ता रमेश सिंह सरोज पांडे सुनील पांडे सरोज पांडे वंदना तिवारी साधु शरण शर्मा नागेंद्र पांडेय मयंकमणि आदि संबोधित किया सृष्टि सेवा संस्थान के सचिव सुनील पांडेय ने कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपना विचार व्यक्त किया द्य अंत में सभी के प्रति आभार ज्ञापन एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक साधु शरण शर्मा ने किया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थाना कोठीभार का आकस्मिक निरीक्षण




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जनपद में अपराध के रोकथाम,शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोठीभार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया । थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर,द्य सक्रिय अपराधी रजिस्टर , त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया गया एवं संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई की स्थिति आदि को देखा गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए । थानों पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को सख्त हिदायत दिया गया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षी गण को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने व क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आमजन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करने हेतु हिदायत दिया गया।

## डीएम ने किया सभी लेखपत्रों का स्थलीय निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 द्वारा सहायक महानिरीक्षक निबन्धन श्री राजेश कुमार सिंह के साथ लेखपत्र संख्या 967/07.03.2025, वी कोड 1205 ग्राम की श्रेणी ग्रामीण, ग्राम परासपिण्डा तप्पा बरहो तहसील शोहरतगढ, गाटा सं0 107/5.044 हे0 में से विकीत रकबा 2.522 हे0, गाटा सं0 120/0.1050 हे0 में से 0. 0525 हे0 व गाटा सं0 220/ 0.8900 हे0 में से रकबा 0.445 हे0 कुल रकबा 3.0195 हे0, लेखपत्र संख्या 1022/12.03.2025, वी कोड- 1065 ग्राम की श्रेणी ग्रामीण, ग्राम खजुरियागर्वी तप्पा ढेबरूआ तहसील शोहरतगढ़, गाटा सं0 165/2.6110 हे0 में से विकीत रकबा 0.86901.3055 हे0, लेखपत्र संख्या 1021/11.03.2025, वी कोड- 1065 ग्राम की श्रेणी- ग्रामीण, ग्राम खजुरियागर्वी तप्पा ढेबरूआ तहसील शोहरतगढ, गाटा सं0 168/3.4760 हे0 में से विकीत रकबा 0.8690 हे0 तथा लेखपत्र संख्या - 1003/11.03.2025, वी कोड 1179 ग्राम की श्रेणी विकासशील, ग्राम परसा तप्पा खजहनी तहसील शोहरतगढ, गाटा सं0 462/ 0.3380 हे0 का निरीक्षण किया गया गया। निरीक्षण के दौरान सभी लेखपत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम खजुरियागर्वी तप्पा ढेबरूआ तहसील शोहरतगढ, गाटा सं0 168/3.4760 हे0 में कमी पायी गयी। मौके पर पेड़ भी थे। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने 20 प्रतिशत वृद्धि करते हुए जुर्माना वसूली करने का निर्देश दिया।

## तीन वर्ष पुरानी स्थापित इकाईयां पुरस्कार के लिए 2 मई तक कर सकती हैं आवेदन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** वित्तीय वर्ष-2025-26 में ग्रामोद्योगी इकाईयों / उद्यमियों को पुरस्कार वितरण हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम (पी.एम.ई.जी.पी.)/ मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एम.एम.जी.आर.वाई.) अन्तर्गत न्यूनतम 3 वर्ष पुरानी, स्थापित निरन्तर कार्यरत इकाईयों के पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, द्वितीय तल विकास भवन, सिद्धार्थनगर से प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र 2 मई तक जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय द्वितीय तल, विकास भवन-सिद्धार्थनगर से सम्पर्क कर सकते हैं। मोबाइल नं0-9580503136, 9453938215 से भी जानकारी ले सकते है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा।उक्त आशय की जानकारी गंगाधर दुबे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सिद्धार्थनगर ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## हज प्रशिक्षण कैम्प के माध्यम से 134 लोगों का किया गया टीकाकरण



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश हज समिति के निर्देश के अनुक्रम मे सोमवार को टांडा नगर के मदरसा मंज़रे हक़ तलवापार स्थित इस वर्ष हज पर जाने वाले हाजियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण व टीकाकरण शिविर का मदरसा प्रबंधक की जानिब से कैम्प का आयोजन किया गया जिस कैम्प के माध्यम से इस वर्ष जाने वाले हाजियों को स्वास्थ्य विभाग के लोगों द्वारा टीकाकरण व पोलियो की ख़ुराक भी पिलायी गयी कैम्प का शुभारम्भ टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा व सांसद लालजी वर्मा हाजियों को ख़ुराक पिलाकर की गयी इस दौरान मदरसा प्रबंधक हाजी अशफ़ाक़ अंसारी लगातार देख रेख करते नज़र आये कैम्प के समापन पर सभी जाने वाले हाजियों व अतिथियों के भोजन की भी बेहतरीन व्यवस्था की गयी थी इस वर्ष कैम्प मे कुल 134 पुरुषों व महिलाओ का टीकाकरण व प्रशिक्षण कराया गया कार्यक्रम के समापन पर मदरसा सचिव हाजी शमीम अख्तर ने सभी अतिथियों का तहे दिल से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आभार प्रकट किया इस दौरान आरिफ़ खान अयाज़ अहमद नन्हें जमाल अफ़ज़ल जमाल अख्तर शकील अहमद टाइगर कसीम अशरफ़ मुजीब अहमद सोनू सभासद अशरफ़ लाल बाल मोहम्मद ज़ाहिद छोटू सहित सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थित दर्ज करायी।

## भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा एसडीएम के माध्यम से छह सूत्रीय मांगपत्र



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के टांडा तहसील के उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर के द्वारा जिलाधिकारी अविनाश सिंह को 6 सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन के रूप भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव व टांडा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी के माध्यम से रविवार 21 अप्रैल को सौंपा गया है। ज्ञातव्य हो कि ज्ञापन के माध्यम से टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने 6 सूत्रीय मांगों के अनुसार उल्लिखित किया है कि फतेहपुर में हुए तिहरे हत्याकांड को लेकर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में हर माह 21 तारीख को आयोजित होने वाली मासिक पंचायत में निम्नलिखित मांगो के अंतर्गत 1. पीड़ित परिजनों को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए और साथ ही मुकदमों से संबंधित वादी व सभी गवाहों को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाएं। 2. मांग में मृतक परिवार को सुरक्षा के दृष्टिगत शास्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराए जाएं। 3. मृतक किसान परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएं। 4. परिवार के बच्चों को आजीवन मुफ्त शिक्षा व्यवस्था प्रदान की जाएं। 5. आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर और एनएसए की कार्रवाई अमल में लाई जाए साथ ही इस घटना के मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत में की जाएं। जिससे दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जा सके। 6. मांग पत्र में टिकैत ने जिक्र किया है कि इस संपूर्ण प्रकरण से संबंधित अन्य लोगों को भी चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। हालांकि भारतीय किसान यूनियन ने उपरोक्त संबोधित ज्ञापन/मांग पत्र टांडा कोतवाली क्षेत्र के धर्म नगर चौराहे पर उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर के द्वारा जिलाधिकारी को सौंपने के लिए नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव व टांडा कोतवाली के इंस्पेक्टर दीपक सिंह रघुवंशी के माध्यम से सौंपा है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अम्बेडकरनगर के जिलाध्यक्ष विनय कुमार वर्मा, रामगुनी, लक्ष्मी वर्मा, त्रिभुवन मौर्या, राम उजागिर, राम अचल वर्मा, सिया राम, राम जीत, बाबू लाल आदि समेत कोतवाली टांडा के उप निरीक्षक राकेश कुमार खरवार, महिला उप निरीक्षक के साथ पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

## गिट्टी लदे ट्रक की चपेट मे आने से किसान की मौत

**हजपुरा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** गिट्टी लदे ट्रक की चपेट में आकर किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक रहा कि किसान ट्रक के पहियों के बीच में फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसा देखकर हर किसी का कलेजा दहल गया। हादसे के बाद स्वजनों में कोहराम मचा है। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर रुकुनुद्दीनपुर के किसान लाल बहादुर वर्मा (50 वर्ष) घर से साइकिल लेकर किसी कार्य के लिए बडेपुर के लिए निकले थे। पेट में दिक्कत होने के कारण वह बड़ेपुर बाजार में साइकिल रखकर पैदल ही शौच के लिए गए थे। शौच से वापस आते समय मेलहिया बाग के पास सड़क पर करीब 10:30 बजे गिट्टी लदे ट्रक की चपेट में आ गए। इससे ट्रक के पहियों के बीच में फंसकर उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# डीएचएस की कार्यवाही पोर्टल पर फीड करने का निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रगति की समीक्षा की गयी। डीएचएस की कार्यवाही पोर्टल पर फीड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को वार रूम का नोडल अधिकारी निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करें। एनबीएसयू को 24 घंटे सक्रिय करें जिससे कोई भी गर्भवती महिला व उसके परिजन सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकें। सभी एमओआईसी वार रूम का निरीक्षण करें तथा कम एचआरपी वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका बेहतर इलाज कराये और सावधानियां बरतने का सलाह दें। वाररूम में डाक्टर व कर्मचारी रोस्टरवाइज ड्यूटी पर रहे। बीसीपीएम जोगिया को वाररूम में कालिंग कम होने पर 15 दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। सीएससी व मेडिकल कालेज से रेफर होने वाले मरीजो का रेफरल रजिस्टर बनाकर उनका नाम अंकित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान देखा जायेगा। मैटरनल डेथ एवं चाइल्ड डेथ में रिपोर्टिंग कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने सही रिपोर्टिंग व समय से पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी द्वारा 15 विन्दु की समीक्षा कर रिर्पोट प्रस्तुत करेंगे जिसकी 15 दिवस में मेरे द्वारा समीक्षा की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरसीएच पोर्टल पर सही डाटा फीड करायें, डाटा फीडिंग में गड़बड़ी मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। बीएचएनडी दिवस में बुधवार एवं शनिवार को सभी लोग फील्ड में अवश्य जाये। सभी एमओआईसी व्यक्ति रूचि लें। जिलाधिकारी द्वारा टीकाकरण की फीडिंग तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी बीसीपीएम को निर्देश दिया कि नये बच्चो के जन्म पर आशा से प्राप्त रिपोर्ट की फीडिंग सही समय पर की जाये। गर्भवती महिलाओ का प्रसव अस्पताल में ही हो। जन्म लेने वाले बच्चो का वजन ठीक ढंग से लिया जाये इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नही होनी चाहिए। आशा को सभी किट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पीएन0डी0टी, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। ई-संजीवनी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय से दिया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को परेशान न किया जाये तथा बाहर की दवा न लिखे।

## हत्या के प्रयास और तोड़फोड़ के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास और तोड़फोड़ के अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के झकही निवासी आलोक सिंह को भेलाखरग निवासी एक मनबढ़ ने जान मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था तथा बाइक को तोड़ दिया था। पीड़ित के भाई अपर्ण सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्त कृष्ण मोहन शुक्ल पुत्र गणेश शुक्ल के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, तोड़फोड़ का केस दर्ज कर अभियुक्त के तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को थानेदार मदन मोहन मिश्र उपनिरीक्षक विजय कुमार गोंड, कास्टेबिल धर्मराज सोनकर,अखंड प्रताप सिंह संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि वांछित अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है।

# माँ तिलेसरा देवी महाविद्यालय मे छात्रों का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**टांडा अम्बेडकरनगर।** माँ तिलेसरा देवी महाविद्यालय भसड़ा टांडा मे एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा साधू व जेबी सिंह प्राचार्य पंडित रामलखन शुक्ल डिग्री कालेज आलापुर विशिष्ट अतिथि पूर्व विभगाध्यक्ष बीएन डिग्री कालेज कालेज व महाविद्यालय के संरक्षक आर पी प्रजापति ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साधू वर्मा ने छात्रों को उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की विश्वविद्यालय मे सर्वोच्च अंक हासिल करने वाली एमए संस्कृत विषय शालू वर्मा व बीएड संकाय मे सर्वोच्च अंक हासिल कर गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले नीलेश पाण्डेय को सम्मानित कर मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देते हुए महाविद्यालय की तरफ़ से इलेक्ट्रोनिक स्कूटी देकर उनके उज्जवल भविष्य की प्रबंधक तारा देवी ने कामना की इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि के आगमन पर स्वागत गीत सुनाये साथ ही विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई कार्यक्रम क दौरान आने वाले सभी अभिभावकों को महाविद्यालय परिवार की ओर से बैच और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान दिया कार्यक्रम का विधिवत संचालन शिवानी श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने क लिये महाविद्यालय के छात्र छत्राओं ने लगातार मेहनत करते दिखाई दिये कार्यक्रम के अन्त मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कार्यक्रम मे पधारे सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

# विद्यालय के वार्षिकोत्स्व पर छात्रों ने प्रस्तुत किया मनमोहक कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**




**टाण्डा (अम्बेडकर नगर)।** वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पेश किये गए मनमोहक कार्यक्रम देख कर अभिभावक गण एवं स्थानीय लोग भाव विभोर हो उठे।विद्यालय के टॉपर्स को अवार्ड देकर सम्मानित भी किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी के बी पब्लिक स्कूल मुबारकपुर में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अरशद व अब्दुल माबूद एडवोकेट व अध्यक्षता के बी पब्लिक स्कूल के मैनेजर शकील अहमद खान ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शफी नेशनल इंटर कालेज हंसवर के प्रोफेसर मोहम्मद असलम खान मौजूद रहे जिन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि दो रोटी कम खाएं मगर अपने बच्चों को तालीम ज़रूर दिलाएं। इनके अलावह कार्यक्रम को मोहम्मद जावेद सिद्दीकी एडवोकेट, दिलीप मांझी एडवोकेट, अजय प्रताप श्रीवास्तव एडवोकेट, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रमेश गुप्ता,नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल, नूर आलम ,प्रतीक सोनी, मिन्नतुल्लाह, राशिद ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया और टॉपर्स बच्चों को अपने आशीर्वाद से उत्साहित किया।विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम में मनमोहक डांस, स्पीच ,नाटक ,ग़ज़ल , व अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रसतुत किये ,कार्यक्रम की रूप रेखा प्रिंसिपल राम उजागिर, डायरेक्टर अज़ीम खान व उप प्रधानाध्यापक महबूब सर ने मैनेजर शकील अहमद खान व हाजी जलील खान के दिशा निर्देशन में तैयार किया जो काफी सराहनीय रहा। इस दौरान विद्यालय के कंचन पांडेय, गुलाम रब्बानी, जितेंद्र कुमार, फिज़्ज़ा फात्मा, पल्लवी त्रिपाठी, नेहा यादव, अंशू त्रिपाठी, स्पृह त्रिपाठी, मुस्कान, शम्स अहमदुन, इक़बाल फात्मा, सालिम अंसारी, अमरजीत, सिमरन, रोली गौतम, नन्दनी, पलक, सगिनी वर्मा, माहे रमज़ा, कंचन लता, मोहम्मद सलमान, मासूम, निशा,शौरभ, कुलदीप, सीमा आदि ने कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए अथक प्रयास किया।उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में चौकी इंचार्ज मुबारकपुर सचिव मौर्य व उनके हमराही धर्मेंद्र व संजीव , मौजूद रहे क्षेत्र के सभासद आशीष यादव, सिराज अंसारी ,मिठाई लाल कन्नौजिया ,खालिद मियां, मोहम्मद हुसैन, लालता प्रसाद, पिंटू गुप्ता, घिसियावन मौर्य,गुलाम किबिरिया, शरद यादव आदि अतिथि गण अभिभावक गण एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।विद्यालय के मैनेजर शकील अहमद खान ने कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथि गण व अभिभावक गण को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाइक सवार को मिट्टी लदे डंपर ने कुचला हालत गंभीर

**अवधनामा संवाददाता**

**काकोरी लखनऊ।** दुबग्गा के बाजनगर में निर्माणाधीन हरदोई राज्यमार्ग पर आउटर रिंग रोड के पास सोमवार की सुबह विपरीत दिशा से आ रहे मिट्टी लदे डम्फर ने हेलमेट पहने बाइक सवार किसान को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसान बाइक सहित डम्फर में फंस कर तीस मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसका बायां पैर क्षतिग्रस्त होकर शरीर से अलग हो गया। घायल का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। चालक डम्फर छोड़कर मौके से भाग निकला। घायल के बेटे ने डम्फर चालक पर मुकदमा दर्ज कराया है। काकोरी के करझन गांव निवासी किसान छोटे लाल (45) रोजाना की तरह गोमती नगर स्थित फूल मंडी से गेंदा फूल बेचकर सोमवार की सुबह बाइक से वापस आ रहे थे। आउटर रिंग रोड़ के बाजनगर अंडरपास के बाद से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होने के कारण एकल दिशा में यातायात का संचालन हो रहा है। तभी अंडरपास के पास विपरीत दिशा से आ रहे मिट्टी लदे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक डम्फर में फंसकर तीस मीटर घिसटती चली गई। हादसे में किसान का बाया पैर क्षतिग्रस्त हो शरीर से अलग सड़क पर जा गिरा और पूरे शरीर मे गंभीर चोटें आ गई।

# लगभग तीस लाख से बना पंचायत भवन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**अवधनामा संवाददाता**




**अम्बेडकरनगर।** लगभग 30 लाख से बना पंचायत भवन का निर्माण कार्य, चढ़ा भ्रष्टाचार के भेंट। जहां सरकार एक तरफ विभिन्न प्रकार की योजना बना व उन योजनायों के लिए पर्याप्त राशि की व्यवस्था कर ग्राम पंचायत के विकास को गति देने के लिए अग्रसर है तो वहीं विभागीय अधिकारियों के लापरवाही से यह योजनाएं धरातल पर आने से पहले ही दम तोड़ने लगी हैं। इन योजनायों पर पानी फेरने के साथ ही विकास के लिए जारी राशि को लूटने में पंचायती राज का पूरा अमला कोई कसर नही छोड़ रहा है।

ताजा मामला विकासखण्ड टाण्डा अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत बिहरोजपुर जहाँ पंचायत भवन का निर्माण कार्य भ्रस्टाचार के भेंट चढ़ गया है । शासन द्वारा उक्त निर्माण के लिए लगभग 30 लाख लागत राशि की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जसकी निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को सौंपी गई। पर जिम्मेदार अधिकारियों के मिलीभगत से इस निर्माण के लिए स्वीकृत सरकारी पैसे का जमकर बंदरबांट किया गया । और शासन द्वारा इस निर्माण के लिए जारी किये प्राकलन के नियम को दरकिनार कर भवन का निर्माण करा दिया गया। जानकारों की माने पंचायत भवन के निर्माण में कुछ दिन पहले भवन निर्माण पुर्ण हुआ है और शासन के द्वारा इस पंचायत का संचालन ठीक-ढंग से हो सके उसके लिए पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति दी गयी। पर जिम्मेदार सरपंच-सचिव इस निर्माण में भ्रस्टाचार करने में कोई कसर नही छोड़े हैं,इस भवन में दरार टाईल्स टूट गया है तो वहीं दूसरी ओर इस भवन के कई हिस्सों में दरारें पड़ने लगी है, जिसे निर्माण एजेंसी द्वारा पुट्टी आदि की पुताई करवा दिया था लेकिन दिवाल पर दरार दिखाई पड़ना यह साबित कर रहा है कि पंचायत भवन घटिया सामग्री निर्माण कराया गया है । अभी पंचायत भवन बने एक वर्ष के हुआ होगा ग्रामीणों ने नाम न छापने के शर्त बताया कि पंचायत भवन पर न ही प्रधान बैठता और ना रोजगार सेवक और ग्राम सचिव पंचायत भवन पर हमेशा ताला लगा रहता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया पंचायत भवन पर शराबियों एवं जुआ अड्डा बना हुआ है जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है गौरतलब है कि ग्रामीणो का आरोप पंचायत भवन घटिया सामग्री से बनवाया गया है। और सरकार के साइड पर अपलोड किया गया जिसमें सरकारके रुपए से जैसे कुर्सी मेज प्रिंटर कंप्यूटर आदि सभी सामान अपने घर पर इस्तेमाल कर रहे हैं ग्राम प्रधान अगर जांच हुआ तो ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव के ऊपर कारवाई तैय माना जा रहा है।

## मूर्ति स्थापना की सूचना पर पहुंची प्रशासन की टीम पर ग्रामीणों ने की अचानक पत्थरबाजी

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के समोगरा गांव में बिना अनुमति बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की मूर्ति स्थापना होने की सूचना पर सोमवार की सुबह पहुंची प्रशासन की टीम पर गुस्साए कुछ ग्रामीणों ने अचानक पत्थर बाजी कर दिया। अचानक हुई पत्थरबाजी में एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव के अलावा उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह, कांस्टेबल सुशील कुमार, तथा दो महिला कांस्टेबल को चोटें आई। घटना सोमवार पूर्वान्ह 10 बजे की है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह पांच बजे समोगरा गांव निवासी श्री राम ने अपनी भूमि पर बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दिया। जिसकी सूचना मिलने पर पूरा प्रशासनिक अमला समोगरा गांव पहुंच गया और बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापना को गैरकानूनी बताते हुए प्रतिमा को हटाने को कहा इसी बात को लेकर प्रशासन व ग्रामीणों में झड़प हो गई और पथराव होने लगा। बचाव में पुलिस ने भी बल प्रयोग किया तब जाकर मामला शांत हुआ। घटना के बारे में सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि कोतवाली बांसी क्षेत्र के समोगरा गांव में बिना अनुमति के रखी जा रही बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा की सूचना पर वह एस डी एम शशांक शेखर राय, नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर संतोष कुमार त्रिपाठी व कुछ पुलिस कर्मियों तथा राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके पर गए थे। वहां मौजूद लोगों को अनुमति मिलने तक मूर्ति न रखने के लिए समझाया जा रहा था। इसी दौरान मौके पर मौजूद बांसी की एक महिला नेता के उकसाने पर ग्रामीणों ने राजस्व व पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। पथराव में टीम के कई लोगों को चोटें आई हैं नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव के अलावा एक पुलिस कर्मचारी काफी चोटें आई हैं। एसडीएम शशांक शेखर राय ने कहा है कि किसी भी महापुरुष की मूर्ति स्थापना के लिए जमीन स्वयं की जमीन पर जब स्थापित करेंगे जब शासन के आदेश मिलने के बाद ही किसी भी महापुरुष का मूर्ति स्थापित करेंगे।

## जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी के सिद्धार्थनगर आगमन पर जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पार्टी



पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सिद्धार्थनगर बलरामपुर बॉर्डर पर सोमवार को भव्य स्वागत अभिनंदन किया। वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी अपने व्यक्तिगत कार्य हेतु पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी के आवास पर आए थे वहां पर उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से बातचीत किया तथा वहां उपस्थित लोगों की समस्याओं को भी सुना। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने अपने पत्र में रेहड़ी पटरी वालों के लिए पुनः बैंकों से कार्य करने के लिए उचित दर पर ऋण मिल सके, ताकि वह पुनः अपना कार्य शुरू करके अपना जीवन यापन कर सके इसी क्रम में शोहरतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रियुगी अग्रहरि, सिद्धार्थ पाठक, भाजपा नेता सिद्धार्थ चौधरी, राजू शाही, विनीत कमलापुरी, रामकृपाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सी-एआरएम मशीन से सर्ज़री विभाग मे मरीज़ो को और बेहतर सुविधा : चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री



**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** स्वास्थ व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर शासन की तरफ़ से जिले को बड़ी सौगात मिली है। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में सी-एआरएम मशीन की स्थापन हुई है। जिसका शुभारंभ आज प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ आभास कुमार के प्रयास से इन मशीनों की उपलब्धता हुई है । सर्जरी विभाग में इन मशीनों का संचालन शुरू होने से मरीजों को और बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी । सी-एआरएम मशीन से स्टोन और आर्थो के ऑपरेशन में मरीजों को विशेष लाभ होगा । डॉक्टर अब स्क्रीन पर देख कर मरीज का ऑपरेशन कर सकेंगे। मेडिकल कॉलेज पहुंचे राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह का इमरजेंसी गेट पर स्वागत किया गया । मंत्री ने वाटर कूलर और आईसीयू वार्ड का भी शुभारंभ किया। मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में लोग पैसे के पीछे ज्यादा भागते हैं। जिसके पास ज्यादा पैसा होगा उसको दसों बीमारी हो जाती है। मंत्री ने मेडिकल कॉलेज के व्यवस्थाओं की सराहना भी की। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य डा उमेश वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी सहित मेडिकल कॉलेज समस्त डॉक्टर, कर्मचारी और छात्रों की विशेष रूप से रही मौजूदगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई– निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सी.ए.एम.सी ऑफ WS-62 एन्ड WS - 66 सी.एन.सी. वर्टीकल टर्निग लेथ मशीन्स |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रु० 40,68,270.24 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रु० 81,400/– मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 29.04.2025 से 13.05.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा । निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है । |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–23 दिनांकः 18.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1170/25

## ट्रम्प का टैरिफवार

अमेरिका को महान बनाने की घुन में ट्रम्प ने जो टैरिफवार छेड़ा है उसका फौरी नतीजा जो सामने आया है वह उत्साहवर्धक नहीं है। अमेंरिकी मार्केट में गिरावट आ गई है। चीन के साथ ट्रेडवार शुरू हो गया है। विश्व मार्केट में अनिश्चिता और निराशा हो गई है। एक अखबार ने लिखा है ट्रम्प के हाथ में अस्तूरा आ गया जैसे बन्दर के हाथ में आ गया है। चाहे जिसकी डाढी ट्रम्प छील दे। छोटे बड़े अपने पराये का भेद मिटा कर सभी पर समान रूप से टैरिफ ठोक दिया है। शेयर बाजार अब ट्रम्प के मूड़ का शिकार हो रहा है। बाल स्ट्रीट से लेकर वीएसई तक बौखलाहट फैल गई है। ट्रम्प समझा रहे है थोड़ा दर्द तो सहना पडेगा।

ट्रम्प की पीआर मशीन परेड कर रही है। फाक्स न्यूज मैक्स, बैटबाई सब राष्ट्रपति के साथ हो गये है। चीन, योरोप आकड़े तो डबल टैरिफ ठोक दिया है। भारत की पूरी अर्थव्यस्था से तीन गुना पूंजी अमेरिका अर्थव्यवस्था से गायब हो गई है। पेन्शन फन्ड कम होने लगे है। बाजार में डर की वजह से लोग प्रदर्शन पर उतर आये है। ट्रम्प जब युरेक सामने नहीं होते तो गोल्फ खेल में लगते है। मुडी ट्रम्प 90 दिन की रोक टैअरिफ पर मार्केट लगा, खुश होते है। इससे सबसे बड़ा स्टाक जम्प डो जोन्स ने भरी 3000 प्वाइन्ट की ऐतिहासिक उडाना टीवी चैनलों ने इसे मरनी ही की वापसी बताया। चैनल इसे आर्ट अफ्डील कह के प्रशंसा कर रहे है। शेयर बाजार का उछलना कई बार भावना के खेल का प्रबन्धन होता है। ट्रम्प यही खेल खेल रहे है। सवाल उठता है क्या इससे इंटलेक्युअल प्रापर्टी सुरक्षित हो गई। क्या टेऊ्ड बैलेन्स सुधरा सिफी इस पर तालिया बजी सुधार कुछ नहीं हुआ। अगले दिन हो जोन्स 1000 प्वाइन्ट नीचे आ गया।

भारत के मुकाबले अमेरिकी में बीएमडब्लू कार की कीमत 30-35 प्वाइन्ट कम होती है। वजह अमेरिका नहीं के बराबर टैरिफ लेता है। भारत में भारी आपात शुल्क सरकारी खजाने में जाता है। इसका बोझ ग्राहक उठाता है। किसी देश के लिये यह आत्मरक्षा का तन्त्र भी है। अगर यह हटा दिया जाये तो टाटा महेन्द्रा की महंगी गाड़ियां छोड़ चाइनीच और सस्ती गाड़ियों खरीदने लगे। अमेरिका में कार मैनीफेक्चरिंग पर जापानी कारियन जर्मन गाड़ियों के आने से गहरा संकट होता जा रहा है। नौकरियां जा रही है फैक्टरी वाले शहर वीरान हो रहे है। अगर को नौकरियां फैक्टरियां बचानी है तो टैरिफ एक कारगार हथियार है। तो ट्रम्प एक कारगर हथियार है। ट्रम्प चाहते है एआई चिप्स, काटे, अमेरिका में ही बने। पर जिस नामझी से यह सब कर रहे है विश्व अर्थव्यवस्था में निराशा चाहते हो रहा है। इसकी वजह चीन और अमेरिका ट्रेडवार है। जो 2018 से शुरू होती है। ट्रम्प ने उसे समय चीनी उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाये। उनका कहना चीन अमेरिकी बौद्धिक सम्पदा चुरा रहा है। अमेरिकी बाजर में बाढ़ ला रहा है। अमेरिकी नौकरियां पर हमले कर रहा है। चीन ने जवाबी वार किया। सोयाबीन आटो, टेक्नालजी कम्पनियां सब निशाने पर आ रहे है। अमेरिकी किसानों को हड़तान करनी पड़ी। जिसकी चोट ट्रम्प को अभी तक यादे है। समस्या सिर्फ आयात निर्यात का नही है। यह लड़ाई वैश्विक प्रमुख की है। ट्रम्प इसे व्यापार नही रियल्टी शो की तरह लड़ रहे है। अमेरिचान टैरिफ युद्ध में वैश्विक सप्लाई चेन में एक बड़ा शून्य ला दिया है। चीन तेजी से एक साम्राज्यवादी रूख अख्तियार कर चुका है। इससे सभी असहज है। कई मल्टी नेशनल कम्पनियां चीन से हटाकर अपने करोबार नये ठिकानों के तलाश में है। ट्रम्प की नीतियों में भारत के पास एक मौका है नया मैन्यू फैक्लरिंग हब बनने का प्रश्न है क्या भारत इसके लिये तैयार है। अगर भारत फायदा नही उठाता तो आने वाली पीढ़ियां सवाल करेगी क्या कामर्स कौशलम एक नारा था। भारत को हाथ आ रहे मौका का भरपुर फायदा उठाना चाहिये। लोहा इस समय गरम है चोट करने का यही सही समय है।

## ‘हमारी शक्ति हमारा ग्रह’

22 अप्रैल 2025 को हम पृथ्वी दिवस की 55 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं 2025 पृथ्वी दिवस की थीम ‘हमारी शक्ति हमारा ग्रह’ है यह थीम लोगों संगठनों और सरकारों की अक्षय ऊर्जा स्रोतों पर स्विच करने और एक टिकाऊ भविष्य बनाने की आम जिम्मेदारी पर केंद्रित है।

वर्ष 2024 की थीम थी ग्रह बनाम प्लास्टिक। पृथ्वी दिवस 2024 में विश्व के लगभग 190 देशों सहित लगभग एक अरब लोगों ने प्रतिभाग किया पृथ्वी दिवस दुनिया का सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण ही है। अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में पृथ्वी दिवस की शुरुआत एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। अब विश्व के सर्वाधिक देशों में प्रतिवर्ष पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। धरती को बचाने के लिए प्रयासों में लोगों को प्रोत्साहित करना भी है। वर्ष 1969 में अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को में यूनेस्को के एक विशेष सम्मेलन में पृथ्वी दिवस को 22 अप्रैल को मनाए जाने की तारीख निश्चित की गयी। यद्यपि पृथ्वी दिवसको 21 मार्च 1970 को उत्तरी गोलार्ध में बसंत के पहले दिन आयोजित करने की योजना बनी थी। फिर बाद में 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया। प्रसिद्ध फिल्म एवं टेलीविजन अभिनेता एडवर्ड अल्बर्ट का जन्मदिन भी इसी दिन पड़ता है। अल्बर्ट के प्रयासों को देखकर भी इसी तिथि को मनाया जाना उचित समझा गया।

पृथ्वी दिवस महत्वपूर्ण दिवस है इसकी आवश्यकता इसलिए महसूस की गई जब ग्लोबल वार्मिंग के बारे में पर्यावरणविदों के द्वारा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी मिली है। पृथ्वी दिवस जीवन संपदा को बचाने में, पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूक करता है। जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक बोझ डाला है। संसाधनों के सही प्रयोग केलिए ही पृथ्वी दिवस जैसे कार्यक्रमों का अधिक महत्व बढ़ गया है। हमारे बदलते पर्यावरण की चिंता को लेकर दुनिया भर में अध्ययन किए जा रहे हैं।



ओम प्रकाश ‘सुमन’

आज के इस दौर में प्रमुख वैज्ञानिक, पर्यावरण विद, सामाजिक कार्यकर्ता और युवावर्ग जलवायु को लेकर चिंतित है। पृथ्वी दिवस पर लोग पर्यावरण को हुए नुकसान को दूर करने के लिए स्थाई तरीकों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। बढ़ते तापमान, प्राकृतिक संसाधनों की कमी के साथ ग्लोबल वार्मिंग भी एक गंभीर मुद्दा है। वनों को काटे जाने, जानवरों, पक्षियों और कीड़ों की प्रजातियां लुप्त प्राय हैं। उनकी दशा बदतर होती जा रही है या दुनिया से विलुप्त हो रही हैं। यह पर्यावरण की रक्षा में निवेश शुरू करने का सही समय है। अनेक समस्याओं में बढ़ती जनसंख्या, मृदा अपरदन, बदलती जलवायु ,वनों का कटान, जलवायु प्रदूषण आदि पर्यावरण संरक्षण भी पृथ्वी दिवस का मुख्य विषय है। पृथ्वी दिवस के शुरू होने से लेकर अब तक अनेक दशक बीत गए हैं इन दशकों में क्या कार्य हुआ है इस पर एक हम दृष्टि डालते हैं तो 1970 के दशक में आधुनिक पर्यावरण आंदोलन का पर्यावरण दिवस दुनिया भर केलिए महत्वपूर्ण दिवस बन गया है और आज भी बना है। 1980 के दशक में वाशिंगटन में आयोजित हुए कार्यक्रम में अमेरिका सरकार ने लुप्तप्राय प्रजाति अधनियम, समुद्री स्तनपाई संरक्षण अधिनियम, सुपर फंड, विषाक्त पदार्थ नियंत्रण अधिनियम, संशाधन संरक्षण और पुनर्प्राप्ति अधिनियम, स्वच्छ वायु अधिनियम, और कई पर्यावरण संबंधी कानून इस दशक में पारित किये है। 1990 के दशक में पर्यावरण नेताओं के एक समूह में एक बार फिर ग्रह के लिए एक और बड़ा अभियान आयोजित करने के लिक डैनिश हेन्स से संपर्क किया इस बार पृथ्वी दिवस वैश्विक हो गया।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


**जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा।**

# मानव सभ्यता को बचाने के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आह्वान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है ‘हमारी शक्ति, हमारा ग्रह’, जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है।



ललित गर्ग

190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निर्माता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके।

आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रुव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी



और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढ़ंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफ वार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी।

# जंगल में लगी आग पेड़ को पहचान कर नहीं जलाती

**सांसद निशि कान्त दुबे ने सुप्रीम कोर्ट पर देश में गृह युद्ध करवाने का जो इलज़ाम लगाया है वह माफ़ी के लायक नहीं है और न ही बीजेपी अध्यक्ष द्वारा इससे खुद को अलग कर लेने से मामला दब जाना चाहिए, यह सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का खुला मामला है और वह भी एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस लिए सुप्रीम कोर्ट को अपनी मान मर्यादा बचाए रखने के लिए इसका स्वत संज्ञान लेते हुए निशि कान्त दुबे के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। यह अनजाने में किया गया अपराध नहीं बल्कि जान बूझ कर सुप्रीम कोर्ट की गरिमा और स्वायत्त पर हमला है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।**

पहले बात दो महिलाओं की बातें दोनों सेलेब्रिटी हैं, पहली हैं सुश्री तवलीन सिंह देश की वरिष्ठतम पत्रकारों में से एक दूसरी हैं मशहूर गायिका अनामिका जैन अम्बर दोनों स्वघोषित मोदी भक्त हैं। तवलीन सिंह जी तो कांग्रेस की पैदायशी विरोधी और नेहरू गाँधी परिवार से बीमारी की हद तक नफरत करने वाली पत्रकार के तौर पर अपनी विशेष पहचान रखती हैं, इसी तरह सुश्री अनामिका जैन अम्बर जिन्होंने एक दूसरी गायिका नेहा सिंह राठोर के यूपी में का बा के जवाब में यूपी में बाबा का बुलडोज़र बा गा कर शोहरत हासिल की। दोनों संघ परिवार की चहीती महिलाएं हैं लेकिन दोनो को अब एहसास हो रहा है की विगत दस वर्षो से इस देश में जो हो रहा है उसका निशाना भले ही मुसलमान और कांग्रेस रहे हों लेकिन वास्तव में यह जंगल में लगी वह आग है जो जलाते वक्त यह नहीं देखती की यह पेड़ मीठे फल का है या कडुवे कसेले जहरीले फल का।



उबैद उल्लाह नासिर

विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ऐसे फैसले दिए है जिससे संघ परिवार और मोदी सरकार की बेचैनी बढ़ी है ढ्ढ उत्तर प्रदेश विधान सभा में मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने उर्दू को ले कर जो नफरती अज्ञानी ही नहीं असंवैधानिक बयान दिया था उसके कुछ दिनों बाद ही महाराष्ट्र के एक नगर निगम द्वारा उर्दू के साइन बोर्ड हटाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उर्दू की हिमायत करते हुए फैस्ला सुनाया था की उर्दू शुद्ध रूप से भारत में जन्मी और यहीं पली बढ़ी भाषा है और उर्दू के साइन बोर्ड हटवाना गलत है, योगी जी ने भी उर्दू के सवाल पर अनर्गल बात करते हुए इस बात का भी ध्यान नहीं रखा की उर्दू उत्तर प्रदेश की दूसरी सरकारी भाषा है। सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले पर तवलीन सिंह ने प्रसन्नता ज़ाहिर करते हुए अपने ट्विटर पर इस फैसला की हिमायत की तो संघ परिवार का ट्रोल ब्रिगेड उन पर टूट पड़ा और अपनी आदत के अनुसार उनके चाल चलन आदि पर बेहूदा कमेन्ट लिखने लगा जिससे तवलीन सिंह जी का आहत होना स्वाभाविक है किसी भी सभ्य समाज में किसी भी महिला पर अभद्र अशोभनीय टिप्पणी करना दुखद और शर्मनाक है जिसकी जितनी भी आलोचना और भर्त्सना की जाए कम है। दूसरी ओर मुंबई में लगभग 100 साल पुराना एक जैन मंदिर पर जब बुलडोज़र चला तो अनामिका जैन अम्बर भी कराह उठीं और अब उन्हें बुलडोज़र अन्याय क्रूरता और अत्याचार का प्रतीक लगने लगा। पता नहीं हर मस्जिद के नीचे मन्दिर खोजने और उसके लिए अदालतों में याचिका लगाने वाले जैन पिता पुत्र मुंबई की प्राचीन जैन मंदिर के विध्वंस पर अब क्या रिएक्शन देंगे? लेकिन पूरा जैन समाज आंदोलित है और मुंबई में लाखों



जैनियों ने प्रदर्शन किया जिसमें अन्य समुदाय और सियासी पार्टियों के कार्यकर्ता भी शामिल हुए ढ्ढपता नहीं यूपी में यदि जैनियों ने ऐसा प्रदर्शन किया होता तो योगी जी क्या कदम उठाते क्या वह मुस्लिम प्रदर्शनकारियों की तरह उनसे भी वही अमानवीय सुलूक करते?

मगर तवलीन सिंह जी और अनामिका जैन अंबर और उन जैसे अन्य मोदी योगी भक्तों को भी सोचना होगा कि देश में यह कल्चर कब कैसे और किसने शुरू किया? क्या आज से 10 -12 साल पहले हमारे सियासी और समाजी जीवन में भाषा की मर्यादा इतनी गिरी हुई थी? विगत 10 -12 वर्षो में ही इस देश का और हमारे समाज का जो नैतिक पतन हुआ है क्या कभी ऐसा था, क्या कभी किसी महिला के लिए जर्सी गाय कांग्रेस की विधवा 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड जैसे शब्द प्रयोग किये जाते थे, क्या इससे पहले कभी इस देश में सियासी विरोधियों को देश द्रोही जैसे शब्द से नवाज़ा गया था? रह गए मुसलमान तो उनके लिए क्या क्या नहीं कहा जाता किस तरह उन्हें घृणा और हिंसा का निशाना बनाया जाता है किस तरह सरकार प्रायोजित मुहीम द्वारा और संविधान की शपथ ले कर संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों द्वारा भी इस्लाम और मुसलमानों का दानवीकरण किया जाता है किस तरह उनकी माब लिंचिंग द्वारा हत्या और गैर कानूनी तरीके से उनके मकानों पर बुलडोज़र चलाने पर खुशियाँ मनाई जाती हैं, किस प्रकार साल में 2-3 बार जगह की कमी की मजबूरी के कारण सडक पर उनका नमाज़ पढ़ लेना संगीन जुर्म बना दिया गया है और उसे उचित भी ठहराया जाता है किस प्रकार मुसलमानों को खासकर बीजेपी शासित राज्यों में नाज़ी जर्मनी में यहूदियों जैसी हालत पर खड़ा कर दिया गया है। एक हज़ार साल से भी अधिक सहजीवन शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और सांझी विरासत सांझी कुरबानी को भुला कर अपने पडोसी को ही अपना दुश्मन मान लिया गया है और यह सब कुछ केवल 10 -12 वर्षो में हो गया। हालांकि जहर का यह बीज तो आरएसएस ने अपने वजूद में आने के बाद ही बो दिया था जिसे अयोध्या मोवमेंट द्वारा अडवानी जी ने अंकुरित किया और मोदी योगी ने 10 वर्षो में उसे तनावर लहलहाता हुआ पेड़ बना दिया।

केवल संघ परिवार का ट्रोल ब्रिगेड ही नहीं बल्कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सियासी विरोधियों को ही नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट तक को ट्रोल करते हैं और खुले आम उस पर अनर्गल इलज़ाम तक लगा देते है। क्या किसी और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह संभव है कि उप राष्ट्रपति मंत्री और सांसद सुप्रीम कोर्ट को अपनी ट्रॉलिंग का निशाना बनाएं, क्या उपराष्ट्रपति धनकड़ को या सांसद निशि कान्त दुबे को नहीं मालूम की संसद द्वारा पास किये गए क़ानून की संवैधानिकता की जांच और असंवैधानिक पाने पर उसे निरस्त करने का अधिकार संविधान ने सुप्रीम कोर्ट को दिया है, और यह अधिकार संख्या बल पर कोई सत्ताधारी मनमानी न कर सके और वह तानाशाह न बन जाए इस लिए दिया गया है। अगर स्व ज्ञानी ज़ेल सिंह की तरह जनता के मौलिक अधिकारों के खिलाफ पास किये गए किसी कानून को राष्ट्रपति मंज़ूरी देने से इनकार कर देते तो सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल देने की ज़रूरत ही न पड़ती। संसद और विधान सभा में संख्या और बहुमत के बल पर तानाशाही प्रवृत रोकने के लिए ही संवैधानिक संस्थाओं का गठन किया गया था मोदी ने इन संस्थाओं पर संघ परिवार के लोगों को बिठा कर उन पर अपनी आक्टोपस जैसी पकड़ बना ली है ऐसे में अगर कभी कोई संस्था भले ही वह सुप्रीम कोर्ट ही क्यों न हो सत्ता के खिलाफ कुछ बोलता या करता है तो उसकी ट्रोलिंग शुरू कर दी जाती है लोकतंत्र का इससे बड़ा अपमान और क्या हो सकता है?

# वक़्फ़ सम्पत्ति की लूट-मार समाप्त, समर्थन के लिए मुसलमानों से अपील

इंशा वारिसी

**लाखों करोड़ों की सम्पत्ति के इंतिज़ाम करने के बावजूद, बहुत सारे रियासती वक़्फ़ बोर्ड अपनी क़ौम की भलाई के लिए मामूली रक़म पैदा करने में नाकाम हुए हैं। अक़ल्लीयती अल्पसंख्यक मन्त्री कार्य के ज़रिये 2021 की ख़बर के मुताबिक़, वक़्फ़ बोर्ड के सम्पत्ति से हर साल औस्तन हैरान करने वाला 163 रुपया से कम हर महीना में हर मिल्कियत पर आमदानी हुई। ये ग़ैरमामूली आदाद-ओ-शुमार दिखाते है कि बहुत बड़ी बद-इंतिज़ामी/बदउनवानी हुई है इन दोनों को जदीद बिल ख़त्म कर देते हैं, ज़रूरी एहतिसाब, डिजीटल रिकार्डज़ और सख्ती निगरानी के ज़रिये।**

वक़्फ़ तरमीमी बिल 2025 भारत की तारीख़ी क़ानूनसाज़ी में एक अज़ीम लम्हा की निशानदेही की है। बद-इंतिज़ामी, ग़ैर शफ़्फ़ाफ़ियत और वक़्फ़ इमलाक के बारे में लोगों की शिकायतों को हल करने के लिए जो दहाईयों से मुल्तवी है। अर्से से वक़्फ़ निज़ाम क़ानूनी या इंतिज़ामी ग़ैर वाज़ेह इलाक़े में चलते रहे हैं। जिसके पास रजिस्टर्ड इमलाक की लाखों ज़मीनें हैं, जो कि वक़्फ़ बोर्ड को भारत के अज़ीम ज़मीन मालिकान में से एक बना देती है। रक्षामन्त्री और रेलवे के बाद दूसरे नंबर पर। बहरहाल इन ज़मीनों में से ज़्यादा-तर वक़्फ़ के अधिकार में लाई गई बिना किसी क़ानूनी तरीक़े से, अक्सर बग़ैर किसी इत्तिला या सुनवाई के, जो कि दूसरे गिरोह को मुतास्सिर किया है और कभी-कभार शहरियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन हुआ है।

2025 की तरमीम उस निज़ाम के असंतुलन को दुरुस्त करता है। ये ज़रूरी क़रार देता है कि किसी भी ज़मीन को वक़्फ़ बोर्ड के लिए ऐलान करने से पहले उसकी पहले से सूचना और सही सुनवाई ज़रूरी है, यक़ीनी बनाते हुए कि ज़मीन का मालिक ख़ासकर के पसमांदा और देहाती क़ौमों से, वो इस यकतरफ़ा फ़ैसलों के ज़रिये ना मालूम नहीं है। ये परेशान शहरियों को अधिकार देता है कि वो अपील करे और इसको सही करने की तलाश करे, जिसके लिए वक़्फ़ ट्रायब्यूनल को तीन महीने का समय दिया जाता है, जिसमें इस मामले को हल कर दे। इसका मक़सद क़ानूनी चारा-जुई और ब्यूरोक्रेसी की दाइमी बे-हिसी को ख़त्म करना है। हालांकि ये बिल इन बड़े चैलेंजों के दिल पर हमला करता है जिसका वक़्फ़ इदारे सामना करते हैं जैसा कि शफ़्फ़ाफ़ियत की कमी और बद उनवानी यानी करप्शन।



लाखों करोड़ों की सम्पत्ति के इंतिज़ाम करने के बावजूद, बहुत सारे रियासती वक़्फ़ बोर्ड अपनी क़ौम की भलाई के लिए मामूली रक़म पैदा करने में नाकाम हुए हैं। अक़ल्लीयती अल्पसंख्यक मन्त्री कार्य के ज़रिये 2021 की ख़बर के मुताबिक़, वक़्फ़ बोर्ड के सम्पत्ति से हर साल औस्तन हैरान करने वाला 163 रुपया से कम हर महीना में हर मिल्कियत पर आमदानी हुई। ये ग़ैरमामूली आदाद-ओ-शुमार दिखाते है कि बहुत बड़ी बद-इंतिज़ामी/बदउनवानी हुई है इन दोनों को जदीद बिल ख़त्म कर देते हैं, ज़रूरी एहतिसाब, डिजीटल रिकार्डज़ और सख्ती निगरानी के ज़रिये। मोतबर बात ये है कि ये तरमीम तारीख़ी क़दम की तरफ़ हमवार है, जो ज़रूरी क़रार देता है कि दो औरतों को हर रियासती वक़्फ़ बोर्ड के ख़िलाफ़ में रखना है। ये सिर्फ़ अलामती शमूलियत नहीं है ये मुस्लिम औरतों के हुक़ूक़ की बुनियादी शनाख्त है, जिनमें से बहुत से विरासत से इनकार कर चुके हैं और जायदाद के मामलात में कहते हैं, दोनों क़ौम और इदारों के अंदर उनकी शमूलियत सिर्फ़ सनफ़ी तसव्वुर को दुरुस्त नहीं करेगी, बल्कि वक़्फ़ फ़ंड के मसावी और सही इस्तेमाल के लिए दरवाज़ा भी खोलेगी लड़कियों की तालीम, ज़चगी की सेहत और औरतों की रोज़ी रोटी के प्रोग्राम का राह हमवार करेगी।

शनाख्त करना अहमियत का हामिल है कि वो कौन लोग है जो इस बिल की मुख़ालिफ़त कर रहे हैं और क्यों। अफ़राद और इदारों के एक छोटा सा गिरोह जो लंबी तारीख़ से वक़्फ़ इमलाक के ज़रिये ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से फ़ायदा उठा रहे हैं, वो एहतिजाज की हिमायत कर रहे हैं। ये अंदेशा वक़्फ़ की हिफ़ाज़त के लिए नहीं है बल्कि उनकी ज़ाती मुफ़ाद की हिफ़ाज़त के लिए है। वो डरते हैं कि वो अपने इख़्तियार खो देंगे, उनके माल के ग़लत आमाल बाहर आजाऐंगे। और दहाईयों की इजारा-दारियां ख़त्म हो जाएँगी। ज़ाती मुफ़ादात सिर्फ़ एक बड़ी क़ौम को गुमराह कर रही है और बिल को ऐसे पेश करते हैं गोया कि ये उनके ईमान पर हमला है, जबकि ये हक़ीक़त में उनकी हिफ़ाज़त है। पूरे भारत के मुसलमान इस जाल में ना फंसें 2025 के वक़्फ़ तरमीमी बिल किसी क़ौम के ख़िलाफ़ नहीं है बल्कि ये क़ौम की हिमायत के लिए है। ये वायदा करता है कि मुस्तक़बिल में वक़्फ़ असासे स्कूलों को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाऐंगे नाकि शॉपिंग कम्पलैक्स बनाने के लिए, हॉस्पिटल बनाए जाऐंगे नाकि ज़ाती महलों के लिए, स्कालरशिप दिए जाऐंगे नाका फ़ंड का ग़लत इस्तेमाल होगा। अगर उसकी हिमायत की जाये और इसकी सही रूहानियत में लागू किया जाये, तो ये वक़्फ़ को दलदल से निकाल कर मुआशरती इन्साफ़, तालीम और मआशी तरक़्क़ी की तहरीक में बदल देगी।

हमें कुछ बद-उनवान मुहाफ़िज़ीन को इस लंबी मुल्तवी इस्लाह को ख़त्म करने ना दें। ये अज़ीम मुस्लिम क़ौम ख़ासकर के, नौजवान, शहरी मुआशरा और औरतों को बाहर निकल कर इस बिल की हिमायत करना चाहिए। शफ़्फ़ाफ़ियत, एहतिसाब और क़ानूनी इन्साफ़ हम सबको फ़ायदा देंगे। अब और आने वाली नसलों को भी।

# वस्त्र उद्योग की 26 इकाइयों को 60 करोड़ का देगी अनुदान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के हथकरघा, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग को वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वित्तीय मदद उन इकाइयों को दी जायेगी जो उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग नीति- 2017 की नीति लागू होने से निवेश कर चुकी थीं, लेकिन नीति के दायरे में आने से छूट गई थीं। उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार के इस फैसले से करीब 26 औद्योगिक इकाइयों को सीधे तौर पर फायदा होगा।

इन इकाइयों के लिए सरकार लगभग 60 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान करेगी, जिससे वे अपने उत्पादन को और बढ़ा सकेंगी। इसके लिए सरकार ने बकायदा शासनदेश जारी कर उन्हें योजना के दायरे में ले आने का निर्णय किया है। यह निर्णय उन इकाइयों के लिए राहत का सबब बना है, जिन्होंने नियमानुसार निवेश तो किया था, लेकिन समयसीमा या तकनीकी कारणों से नीति का लाभ नहीं पा सके थे।

उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग नीति-2017 का उद्देश्य राज्य में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देना, निवेशकों को आकर्षित करना और अधिक से अधिक रोजगार सृजन करना है। इसके तहत निवेश करने वालों को विभिन्न प्रकार के अनुदान और सुविधाएं देने का प्रावधान है। इस नीति के कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई और निवेश किया। हालांकि, कुछ इकाइयों ने आंशिक निवेश पहले ही कर दिया था, लेकिन वाणिज्यिक उत्पादन नीति की प्रभावी तिथि के बाद प्रारंभ किया।

ऐसे मामलों को देखते हुए सरकार ने सहानुभूति के आधार पर सकारात्मक विचार करते हुए उन्हें भी नीति के तहत पात्र मानने और यथोचित अनुदान देने का निर्णय लिया है। वे इकाइयां, जिन्होंने नीति के प्रारंभ से पहले यानी 13 जुलाई 2017 से पूर्व अपना आंशिक निवेश किया, लेकिन वाणिज्यिक उत्पादन बाद में प्रारंभ हुआ, अब उन्हें भी 2017 की नीति का लाभ दिया जाएगा। यह निर्णय लघु, मध्यम, विस्तृत और मेगा श्रेणी की इकाइयों पर समान रूप से लागू होगा।

## असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में चयन के नाम पर वसूली करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग की आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में अभ्यर्थियों का चयन करने के नाम पर रुपये लेने वाले केकेसी के असिस्टेंट प्रोफेसर गोमती एंक्लेव अवध विहार योजना निवासी विपिन कुमार यादव को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। इस परीक्षा में फर्जी प्रश्न पत्र बनाकर वसूली करने वाले तीन जालसाजों को रविवार एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। आरोपी विपिन ने फर्जी नाम से आधार कार्ड बना रखा था। एसटीएफ के एडिशनल एसपी विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी विपिन मूल रूप से जौनपुर के रामपुर भोडी निभापुर थाना मुंगराबादशाहपुर का रहने वाला है। उसके पास से एक लाख से अधिक रुपये, 41 एडमिट कार्ड, एक फर्जी आधार कार्ड और दो मोबाइल फोन मिले हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात एसटीएफ को आरोपी विपिन के राजकीय पशु चिकित्सालय मल्हौर रोड चिनहट के पास होने की सूचना मिली थी।

# शिक्षकों व शोधकर्ताओं को सशक्त बनाना आवश्यक

अवधनामा संवाददाता



■ एआई एंड आईसीटी टूल्स फार द नेक्ट जेनेरेशन एजुकेशन एंड रिसर्च पर 6 दिवसीय कार्यशाला

**लखनऊ।** यूनिटी पीजी कॉलेज (आई क्यू एसी के तत्वाधान) में 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक "AI & ICT Tools for the Next generation Education & Researchers" विषय पर 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया हैं। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और शोधकर्ताओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) में अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति के साथ सशक्त बनाना था ताकि अधिक दक्षता और प्रभावशीलता के लिए शिक्षण, सीखने और एकेडेमिक अनुसंधान को बढ़ाया जा सके।

कार्यशाला की शुरुआत 21 अप्रैल की मौलाना आजाद हॉल में एक उद्घाटन समारोह के साथ हुई और इसका आधिकारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो0 अरुणाभ मुखोपाध्याय भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ में सूचना प्रौद्योगिकी और सिस्टम क्षेत्र में, और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मनुका खन्ना, प्रो वाइस चांसलर, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तुजा, सचिव मुर्तजा हसनैन खान, कोषाध्यक्ष सुश्री असमा जावेद, प्राचार्य डॉ सुनील धवन, संकाय सदस्य और छात्रों सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यशाला में प्रतिदिन दो सत्र होंगे हैं और पहले दिन का पहला सत्र कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ0 सुनील धवन के स्वागत भाषण से शुरू हुआ, जिन्होंने शैक्षिक और शोध परिदृश्य को नया आकार देने में एआई और आईसीटी उपकरणों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद आने वाले दिनों में नियोजित सत्रों का अवलोकन किया। कार्यशाला के पीछे के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों को नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित भविष्य के लिए तैयार करने के लिए नवीनतम डिजिटल उपकरणों के साथ शिक्षकों और शोधकर्ताओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। प्रो0 अरुणाभ मुखोपाध्याय ने कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर प्रकाश डाला और चर्चा की कि कैसे कृत्रिम बुद्धि से संचालित उपकरण अकादमिक आकलन, व्यक्तिगत शिक्षण और डेटा विश्लेषण में क्रांति ला सकते हैं। प्रो0 मनुका खन्ना ने भी दक्षता, उत्पादकता और नवाचार को बढ़ाकर शिक्षा में कृत्रिम बुद्धि और आईसीटी की उभरती भूमिका पर अपनी बहुमत्य अतदृष्टि साझा की।

चल रही कार्यशाला के प्रथम दिवस के दूसरे सत्र में 'एआई संवर्धित शिक्षण और अधिगम' पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ0 नूर आलम ने दिया। उन्होंने आधुनिक शैक्षणिक प्रथाओं पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के परिवर्तनकारी प्रभाव पर चर्चा की, इस बात पर जोर दिया कि कैसे एआई-संचालित उपकरण सीखने के अनुभवों को वैयक्तिकृत कर सकते हैं, प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं और शिक्षण में डेटा संचालित निर्णय लेने का समर्थन कर सकते हैं। उन्होंने वास्तविक दुनिया के उदाहरणों पर भी प्रकाश डाला और कक्षाओं और शोध सेटिंग्स में एआई प्रौद्योगिकियों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय से डॉ किरण लता डंगवाल और डॉ. पुनीत मिश्रा, आईआईआईटीडीएम, जबलपुर से प्रो. अपराजिता ओझा और प्रो. प्रीति खन्ना, एमएनआईटी, जयपुर से प्रो. विनीत साहुला जैसे शिक्षा जगत, उद्योग और अनुसंधान संगठनों के प्रतिष्ठित वक्ता आगामी सत्रों में डिजिटल कक्षा और ऑनलाइन शिक्षण में आईसीटी, डेटा विश्लेषण और विजुअलाइजेशन के लिए एआई, शैक्षणिक संस्थानों के लिए एआई अपनाने में चुनौतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रस्तुति और चर्चा आदि विषयों पर अपने विचार आगामी सत्रों में साझा करेंगे।

# सीएमएस छात्र को 1,52,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र रिशी रंजन भदौरिया को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ सैन फ्रांसिस्को द्वारा 1,52,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। रिशी रंजन ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 80 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), एम.आई.टी. आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की हुई दर्दनाक मौत

**सुल्तानपुर,गोसाईगंज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटकौली मोड़ के पास सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षक की जान चली गई। मृतक की पहचान सौरभ सिंह (उम्र 31 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अंबेडकर नगर जनपद के निवासी और वैदहा जूनियर विद्यालय में कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार, सौरभ सिंह सुल्तानपुर जनपद से विद्यालय की ओर जा रहे थे, तभी इटकौली मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय भेजा, जहां शव को मर्चुरी में रखवाया गया है।वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को मंगनगंज गांव के पास छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।

# विकास ने गोबर से तैयार किया धूपबत्ती मोबाइल स्टैंड और दीवाली जैसे प्रोजेक्ट

अवधनामा संवाददाता



■ एक गौभक्त की अनोखी पहल आत्मनिर्भर की ओर, चहुंओर हो रही सराहना

**सुल्तानपुर।** जिले के सीताकुंड निवासी गौभक्त अधिवक्ता विकास यादव ने देसी गाय के गोबर से ऐसे अनोखे उत्पाद तैयार किए हैं। जो न सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल हैं,बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत उन्होंने गोबर से धूपबत्ती,अगरबत्ती, मोबाइल स्टैंड और दीवाली की सजावटी सामग्री जैसे उपयोगी और धार्मिक वस्तुएं तैयार की है। यह सभी उत्पाद पूरी तरह से जैविक हैं और प्लास्टिक या केमिकल युक्त विकल्पों का सुंदर और टिकाऊ विकल्प बनकर उभरे हैं। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह व महामंत्री एडवोकेट जयशंकर दूबे द्वारा गौभक्त विकास यादव को प्रोत्साहित राशि दी गई।

राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने बताया कि संगठन के सक्रिय सदस्य गौभक्त अधिवक्ता विकास यादव निवास शहर के सीताकुंड पर एक कार्यक्रम के तहत पहले गौमाता की भव्य आरती उतारी गई।तदुपरांत गौमाता के गोबर से निर्मित उत्पाद को बारी बारी सभी ने देखा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता विकास यादव का गौमाता के प्रति असीम लगाव देखकर हम सभी अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि गौमूत्र और गोबर से बनी धूपबत्तियां और अगरबत्तियां न केवल शुद्ध वातावरण प्रदान करती हैं,बल्कि पूजा-पाठ के दौरान धार्मिक महत्व भी निभाती हैं। इनसे निकलने वाला धुआं विषैले रसायनों से मुक्त होता है और वातावरण को शुद्ध करता है। संगठन के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट जयशंकर दूबे ने कहा कि जहां एक ओर लोग गोबर को सिर्फ ईंधन या खाद तक सीमित मानते हैं,वहीं शहर के सीताकुंड निवासी गौभक्त विकास यादव एडवोकेट ने उससे मोबाइल स्टैंड, कलमदान और अन्य छोटे घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाकर सभी को चौंका दिया है। इन उत्पादों की मजबूती और डिज़ाइन भी ध्यान आकर्षित कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में बोलेरो नाले में गिरी



**सुल्तानपुर, बल्दीराय (अवधनामा संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत अरवल से निकली बारात नाले में गिर गई। सैनी नाले के पुल के पास अनियंत्रित बैटरी रिक्शा को बचाने के चक्कर में नाले में बोलोरो गिर गई। जिससे 2 बाइक सवार व 4 बाराती घायल हो गए। एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया गया। जगदंबा यादव के यहां से हलियापुर की तरफ बारात जा रही थी। पारा चौकी इंचार्ज सी एस सोनकर ने बताया कि 5 चोटिल को सीएचसी बल्दीराय में एडमिट करवाया गया है। डॉ अशोक मिश्रा ने बताया कि 5 घायलों में से 2 की हालत स्थिर है। 3 लोगों को जिला अस्पताल के लिए रिफर किया गया है।

### सर्प दंश से महिला की हुई मौत

**सुल्तानपुर, दोस्तपुर (अवधनामा संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के हडई गांव में खेत पर काम कर रही महिला को सांप ने डस लिया। सर्पदंश से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान जोतई पत्नी सिमरन के रूप में हुई है। कोतवाल अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

### बंगाल में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में प्रदर्शन



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** संशोधित वक्फ अधिनियम की आड़ में पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के खिलाफ हुयी हिंसा के खिलाफ आज यहां सरदार पटेल प्रतिमा, जीपीओ पार्क में हिन्दुवादी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और वहां की मौजूदा राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन की मांग की। कार्यक्रम के मुताबिक हिन्दूवादी नेता ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व में आज अपराह्न दो बजे जीपीओ पार्क स्थित पटेल प्रतिमा पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा, अखिल भारत हिन्दू त्रिदंडी महासभा एवं हिन्दु सुरक्षा सेवा संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होकर पश्चिम बंगाल के खासकर मुर्शिदाबाद में हुये हिन्दू नरसंहार के विरोध में ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस और शासन के अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पश्चिम बंगाल में तत्काल प्रभाव से ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन की मांग की। इससे विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हिन्दूवादी नेता व राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दिये गये ज्ञापन में कहा है कि पश्चिम बंगाल में व्याप्त कानून व्यवस्था की भयावाह स्थिति एवं हिंदू नरसंहार से अत्यंत व्यथित हैं। पश्चिम बंगाल में हाल की घटनाएं कानून और व्यवस्था की पूर्ण विफलता को दर्शाते हैं। वर्तमान में जारी व्यापक दंगे, हिंदू समुदाय के खिलाफ व्यवस्थिति हमले और हिंसा, हिंदू नरसंहार बड़ी संख्या में हिन्दूओ का पलायन और राज्य प्रशासन की संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने मे विफलता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अनेक जिलों से लगातार रिपोर्ट में मिल रही है। संगठित हमले और भीड़ की हिंसा के कारण हिन्दू समुदाय को जान, माल की हानि, आतंक का माहौल जिसने कई हिंदू परिवारों को अपने घरों से पलायन के लिए मजबूर किया है। राज मशीनरी या तो निष्क्रिय है या कथित रूप से हिंसा में शामिल है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन हो रहा है।

# नगर पालिकाध्यक्ष करा रहे गुंडों से अवैध वसूली : वरुण मिश्र

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** ई रिक्शा चालकों के साथ हो रही अवैध वसूली और मारपीट के मामले में आज ई रिक्शा चालकों के साथ कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता के साथ सड़क पर उतरे। उन्होंने नगरपालिका भवन का सैकड़ों ई रिक्शा चालकों के साथ घेराव किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरीके से ई रिक्शा चालकों से अवैध वसूली और मारपीट की जा रही है, वह अक्षम्य है। जनता ने इसलिए नहीं उन्हें चुना था कि वह गुंडों के सहारे नगरपालिका चलाएंगे।

उन्होंने कहा कि रातों रात नगरपालिका के टेंडर अपने चहेतों को दे देते हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में भी जमकर धांधली हो रही है।घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, किसी काम की कोई जांच नहीं, कोई हिसाब नहीं हो रही है। जनता के टैक्स के पैसे का दुरूपयोग किया जा रहा है, इस पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका का कोई एक्ट नहीं है, जिसमें प्राइवेट लोगों द्वारा जबरन वसूली कराई जाए। लेकिन चेयरमैन साहब को हर जगह बस धन दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अब आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। हर वार्ड में नुक्कड़ सभा की जाएगी और नगरपालिका के भ्रष्टाचार से जनता को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने वादा किया था कि शहर की जनता के साथ अन्याय और भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और वो अपने वायदे पर कायम हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ हर संभव लड़ाई लड़ी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत सिंह सलूजा,सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष बबलू चौधरी, पूर्व सभासद शोहरत अली, रवींद्र तिवारी समेत सैकड़ों ई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से दो साल के मासूम की जलकर हुई मौत

**सुल्तानपुर।** संदिग्ध हालात में आग लगने से दो साल की मासूम की मौत हो गई। मां भी गंभीर रूप से झुलस गई। बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे लाला मजरे सोनवरसा गांव में बीती रात करीब 12 बजे हरीश वर्मा के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में उनकी लगभग दो साल की बेटी पूनम की जलकर मौत हो गई,जबकि पत्नी गीता (35) बुरी तरह झुलस गई हैं।आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। झुलसी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

# सामाजिक न्याय विरोधी है विपक्ष की मानसिकता : नीरज सिंह




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के बरावन खुर्द एवं बाल्दा अशरफाबाद में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन दोनों कार्यक्रमों के मुख्य वक्ता नीरज सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया और देश की वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। अपने उद्बोधन में नीरज सिंह ने निम्नलिखित तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष प्रकाश डाला, श्री सिंह ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय की बात तो करते हैं, पर वास्तव में जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम करते हैं। आरक्षण को धर्म के चश्मे से देखना, संविधान की मूल भावना के विपरीत है। यह बाबा साहब के सिद्धांतों का खुला अपमान है। उन्होंने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि योजना आदि समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं।

# हज यात्रियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण आज से

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** इस वर्ष हज यात्रा पर रवाना होने वाले सभी यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 अप्रैल, मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जामिया इस्लामिया खैराबाद में संपन्न होगा।

जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था की गई है, जिसमें वैक्सीनेशन का कार्य सरकार द्वारा नामित चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर हज यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ हज के सभी अरकान (अनिवार्य धार्मिक क्रियाएं) सिखाए जाएंगे, ताकि वे मक्का और मदीना में धार्मिक विधियों को सही तरीके से अदा कर सकें। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जिला हज ट्रेनर मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी निभाएंगे, जो जामिया इस्लामिया खैराबाद के प्रबंधक और मरकज मस्जिद के पेश इमाम भी हैं। उनकी देखरेख में यह संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त हज यात्रियों की सुविधा हेतु टीकाकरण की दूसरी व्यवस्था मदरसा जामिया अरबिया में भी की गई है।

मौलाना उस्मान कासमी ने हज यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय पर प्रशिक्षण व टीकाकरण स्थल पर उपस्थित होकर सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करें। यह प्रशिक्षण यात्रियों को न केवल धार्मिक दृष्टि से सक्षम बनाएगा, बल्कि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई से भी बचाएगा।

# दो दिवसीय उर्स-ए-वाहिदी-जाहिदी का समापन

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम, हरदोई।** नगर के मोहल्ला सुल्हाड़ा में स्थित सूफी संत हजरत मीर अब्दुल वाहिद बिलग्रामी की याद में आयोजित दो दिवसीय उर्स-ए-वाहिदी-जाहिदी का समापन रविवार दोपहर 2 बजे भव्य रूप से संपन्न हुआ। पीर-ए-तरीकत हजरत सैय्यद हुसैन अहमद हुसैनी मियां की देखरेख में यह कार्यक्रम मोहल्ला सुल्हाड़ा की बड़ी मस्जिद में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार शाम 4 बजे हुई, जब हजरत सैय्यद हुसैन मियां ने हजरत मीर अब्दुल वाहिद रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर चादरपोशी की। इसके बाद गागर का जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नमाज-ए-ईशा के बाद वाहिदी कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से आए विद्वान उलेमा और शायरों ने शिरकत की।

जलसे की शुरुआत कुरआन की पवित्र आयतों के साथ हुई और इसका संचालन वारिस चिश्ती कानपुरी ने किया। बरेली से आए मुफ्ती राहत खान ने इस्लामी तौर-तरीकों पर आधारित जीवन जीने की प्रेरणा दी। मुफ्ती तबरेज आलम (नानपारा), मौलाना इरफानुल हक (खटीमा), मौलाना मोनिस रजा (कन्नौज), मौलाना तौसीफ रजा मिस्बाही (संभल) और मौलाना रियाज गोला ने भी अपनी तकरीरों से श्रोताओं को प्रभावित किया। बीच-बीच में नात-ख्वानी ने महफिल में रूहानी रंग भरा। असद इकबाल कलकत्तवी, शमीम इलाहाबादी, जैनुल आबदीन कन्नौजी, इमरान बरकाती (दिल्ली) और युसुफ रजा कानपुरी ने अपने मधुर कलामों से सभी का दिल जीत लिया।

रविवार सुबह 9 बजे से साहिब-ए-उर्स की शान में मनकबत और नातिया कलाम पेश किए गए। उलेमाओं ने सूफी संतों की जीवनी और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब इंसान अपने ईमान को पूर्ण करता है, तभी वह मीर अब्दुल वाहिद, आला हजरत या गौस-ख्वाजा जैसी शख्सियत बन पाता है। उलेमाओं ने मुस्लिम समुदाय पर हो रहे अत्याचारों, विशेष रूप से फलस्तीन की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में मौलानाओं और आलिमों की संख्या यहूदियों से कहीं अधिक है, फिर भी हालात नहीं बदल रहे, क्योंकि ईमान में कमी है।

दोपहर 1:45 बजे हजरत मीर अब्दुल वाहिद बिलग्रामी का कुल शरीफ हुआ, जिसमें सभी ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। हजरत हुसैन मियां ने सभी मेहमानों, मुरीदों और जायरीनों का दिल से शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम का समापन दरूद-सलाम और लंगर वितरण के साथ हुआ। यह उर्स न केवल आध्यात्मिकता का प्रतीक बना, बल्कि एकता और भाईचारे का संदेश भी दे गया।

# 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार

अवधनामा संवाददाता

■ उपभोक्ता परिषद में आयोग में दाखिल किया प्रस्ताव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार कर रही ग्रांट थ्रोनटों द्वारा झूठा शपथ पत्र दाखिल किए जाने के बाद भी उसे पर कार्यवाही न किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है आज इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक लोक महत्व विरोध प्रस्ताव दाखिल करते हुए टेंडर मूल्यांकन कमेटी के सभी सदस्यों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई और कहां इस कंसल्टेंट के किसी भी प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग आगे कार्यवाही न करने पर विचार करें और इस संबंध में एक आदेश निर्गत करें। साथ ही टेंडर मूल्यांकन कमेटी में शामिल पावर कारपोरेशन के तीनों निर्देशकों निदेशक वित्त निदेशक वितरण व निदेशक आईटी सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ जो मई महीने में अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए उनके द्वारा गलत शपथ पत्र देने का किस आधार पर मूल्यांकन किया गया इसके लिए यह सभी मूल्यांकन कमेटी के सदस्य पूर्णतया दोषी है और खुलासा हो जाने के बाद भी लीपापोती कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के सामने यह विरोध प्रस्ताव रखा की अमेरिकन रेगुलेटर पब्लिक अकाउंटिंग ओवर साइट बोर्ड द्वारा 1 साल पहले ग्रांट थ्रोनटन पर रुपया 40000 डॉलर की पेनल्टी लगाये जाने पर ग्रांट थ्रोनटन कंपनी ने झूठ बोलकर उत्तर प्रदेश में टेंडर लिया इसके लिए टेंडर मूल्यांकन कमेटी के सभी सदस्य दोषी है टेंडर मूल्यांकन कमेटी में तीन निदेशक है।

अवधनामा



# पुलिया से टकराए क्रूजर में लगी आग, दो लोग झुलसे

■ राठ से सगाई समारोह से वापस लौटते समय सुगिरा गांव के पास हाईवे में हादसा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के बगोल तिराहे के पास रविवार की रात को एक क्रूज़र वाहन अनियंत्रित होकर नाले की पुलिया से टकरा गया। टक्कर के बाद वाहन में आग लग गई। वाहन में चालक समेत 12 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में वाहन चालक कुलपहाड़ निवासी 26 वर्षीय ब्रजेश सोनी और एक यात्री शारिक आग से झुलस गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

क्रूज़र गाड़ी रविवार की रात को राठ से एक सगाई समारोह से लौट रही थी, तभी वाहन की तेज रफ्तार और चालक को झपकी आने के कारण हादसा हुआ, उसी समय अचानक गाड़ी में आग लग गई, गाड़ी में आग लगते ही चीख पुकार मंच गई। हालाकि गाड़ी के अंदर फसे लोगों ने कूद कर जान बचाई। शोर को सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े।

ग्रामीणों नें गाड़ी के अंदर फसे चालक समेत दो लोगों को देख कर आनन फानन में उन्हे निकालने में जुट गए, तबतक आग की लपटें तेज हो जाने से चालक ब्रजेश सोनी और शारिक समेत दो लोग आग से झुलस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक वाहन जलकर खाक हो चुका था। इस घटना के बाद क्रूजर में यात्रा कर रहे लोग बुरी तरह सहमे दिखाई दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# कानून-गो ने मुक्त कराई सरकारी चक रोड एवं नाली



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्रामीणों की शिकायत पर छिबरामऊ उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी के आदेश पर राजस्व निरीक्षक प्रेमकृष्ण मिश्रा ने राजस्व व पुलिस कर्मियों के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत जहांगीर पुर में अतिक्रमण से घिरी हुई सरकारी चक रोड एवं नाली को मुक्त कराया।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम जहांगीर पुर में कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से सरकारी चक रोड और नाली पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी और जल निकासी बाधित हो रही थी। ग्रामीणों की शिकायत पर छिबरामऊ उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने तत्काल जांच के आदेश दिए। राजस्व निरीक्षक प्रेमकृष्ण मिश्रा के नेतृत्व में लेखपाल अभिषाक कटियार व राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर चिन्हित अतिक्रमण को हटाया और सरकारी जमीन को पुनः कब्जे से मुक्त कराया। उधर दूरभाष पर एसडीएम ने बताया कि सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी सरकारी या सार्वजनिक भूमि पर कब्जा न करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई तय है।

## गर्मी के आगमन पर अस्पतालों में बढ़ने लगे मरीज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जैसे ही गर्मी ने दस्तक दी है, स्वास्थ्य समस्याएं भी लोगों को घेरने लगी हैं। इन दिनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे लोगों में डिहाइड्रेशन, लू, पेट से संबंधित बीमारियां और बुखार जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इन बीमारियों के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। सोमवार को सीएचसी में तैनात चिकित्सा अधीक्षक डा. शशांक चन्द्रा ने बताया कि बीते कुछ दिनों में ओपीडी में मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। अधिकतर मरीजों में लक्षण जैसे सिरदर्द, थकावट, उल्टी, दस्त और बुखार देखने को मिल रहे हैं। चिकित्सकों डॉ. नीरज कुमार एवं डा. स्वाती गुप्ता की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ मरीजों की जांच कर रही है और उन्हें आवश्यक दवाएं भी निशुल्क प्रदान की जा रही हैं। सीएचसी में करीब 275 मरीजों को देखने के बाद डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

# खेलते समय कुंए में गिरने से मासूम सगे भाईयों की मौत

अवधनामा संवाददाता

■ तालबेहट के चन्द्रापुरा गांव में मचा कोहराम

**ललितपुर।** सोमवार को तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चन्द्रापुरा से दिल-दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां खेत में खेलते समय दो सगे भाईयों की कुंए में गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी। आनन-फानन में परिजन ग्रामीणों की मदद से दोनों मासूमों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनों मासूमों को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर परिजन समझ नहीं पा रहे थे कि वह करें तो क्या करें, परिजन अस्पताल में दोनों बच्चों को झांसी रेफर करने की मांग करते नजर आये। इधर सूचना मिलने पर कोतवाली तालबेहट पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली और घटना स्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। बताया जा रहा है कि चन्द्रापुरा में रहने वाले किसान जितेन्द्र विश्वकर्मा का नौ वर्षीय बड़ा पुत्र दिव्यांश व सात साल का सूर्यांश खेत पर खेल रहे थे। तभी दोनों खेलते-खेलते कुंए में गिर गये। कुछ समय बाद जब परिजनों ने देखा कि दोनों बच्चे कुंए में गिर गये तो उन्होंने ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को कुंए से बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

## सड़क हादसे में कार सवार दो महिलाओं की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विवाह कार्यक्रम से लौट रहे कार में अज्ञात वाहन ने हाईवे पर जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि गाड़ी में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती करानें के उपरान्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया। सोमवार की सुबह करीब 04:15 बजे कार कोतवाली की पुलिस चौकी सराय प्रयाग के ग्राम औराई के सामने पहुंचें तभी किसी अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे यशपाल की 32 वर्षीय पत्नी रानी, सुशील की 30 वर्षीय पत्नी नेहा की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि श्रेया, सिया, गुड़िया, सनी और गाड़ी चालक सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार एवं सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय सीएचसी और 100 सैय्या अस्पताल छिबरामऊ भेजा। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# बुजुर्ग महिला को बेटों ने किया बेघर, विधायक ने दिलाया सहारा

■ अब बुजुर्ग महिला अपना खुद का घर पाकर खुशी से फूली नही समा रही



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** चरखारी कस्बे में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को नया घर मिल गया है। रामनगर मोहल्ले की इस महिला को उनके बेटों और बहुओं ने घर से निकाल दिया था। महिला के पास रहने की कोई जगह नहीं थी। विधायक से मदद मांगने पर चरखारी विधायक ने काशीराम कालोनी मे खाड़ी पड़ा मकान का महिला को आवंटन करा दिया, इससे महिला खासी गदगद है।

सरकारी योजनाओं में मिले आवास भी उनके बेटों और बहुओं के नाम पर थे। जिसमें बुजुर्ग महिला अपने बेटे बहू के साथ रह रही थी, लेकिन बुढापे में अब बेटे भी मां बाप का साथ छोड़ देते है। बहू बेटे ने वृद्ध महिला को घर से भगा दिया। असहाय महिला ने चरखारी विधायक डॉण् बृजभूषण राजपूत से मदद मांगी। विधायक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के कर्मचारियों को बुलाया। काशीराम कालोनी में खाली मकानों की जानकारी लेकर दो नंबर कालोनी में महिला को आवास आवंटित किया।

नए घर में पहुंचकर बुजुर्ग महिला की आंखों में खुशी के आंसू थे। वृद्ध महिला ने विधायक बृजभूषण राजपूत को आर्शीवाद देते हुए विधायक को खूब फलने फूलने की दुआंए दी। इस घटना ने सामाजिक रिश्तों की कड़वी सच्चाई को उजागर किया है। साथ ही यह भी दिखाया कि एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि लोगों के लिए उम्मीद बन सकता है। क्षेत्र में विधायक की इस पहल की सराहना हो रही है।

# ललितपुर पुलिस ने सीसीटीवी लगवाने वाले नागरिकों को किया सम्मानित

■ अपराध रोकथाम के लिए जागरूक हों नागरिकः मो. मुश्ताक



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर पुलिस ने सार्वजनिक सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में सहयोग देने वाले जागरूक नागरिकों को सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने स्वेच्छा से अपने आवास, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों या कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की।

**सीसीटीवी की उपयोगिता पर जोर–** इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी से न केवल अपराधियों पर नजर रखी जा सकती है, बल्कि उनके मन में डर का माहौल भी बनता है। उन्होंने कहा कि दिन-रात होने वाले अपराधों पर नियंत्रण के लिए अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाना जरूरी है, जिससे घटनाओं की रिकॉर्डिंग कर अपराधियों को पकडने् में मदद मिल सके।

**जनपदवासियों से अपील–** एसपी मो.मुश्ताक ने ललितपुर के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वह स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे लगवाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा प्रयास समाज की सुरक्षा में बड़ा बदलाव ला सकता है।

पुलिस-जनता सहयोग की मिसाल

इस पहल से न केवल अपराध दर में कमी आई है, बल्कि पुलिस और आम जनता के बीच सहयोग की भावना भी बढ़ी है। सम्मानित नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए अन्य लोगों को भी सीसीटीवी लगवाने के लिए प्रेरित किया। ललितपुर पुलिस की यह पहल राज्य के अन्य जनपदों के लिए भी एक मॉडल साबित हो सकती है, जहां तकनीक और जनता की भागीदारी से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

**प्रेस क्लब अध्यक्ष समेत पत्रकार हुये सम्मानित–** एसपी मो.मुश्ताक ने अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, अभय श्रीमाली, शिवम अग्निहोत्री व शहनाज को प्रशस्ति पत्र देकर पुलिस कार्यालय में सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### विकास खंड नवाबगंज की सहकारी समिति में सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप

**उन्नाव।** विकास खंड नवाबगंज स्थित सहकारी समिति में तैनात सचिव घनश्याम मिश्रा पर भ्रष्टाचार और मनमानी का आरोप लगा एक किसान ने मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायत पहुंचाई है। ग्राम मखदूमपुर गांव के एक किसान ने वर्षो पहले समिति में 30 हजार रुपए जमा करने को दिए थे, लेकिन सचिव ने केवल 20 हजार रुपए ही जमा किए। 10 हजार की रकम आजतक गायब है। हाल ही में किसान राकेश बहादुर सिंह ने समिति को 30 कुंतल गेहूं बेचा जिसकी राशि उसके खाते में पहुंच गई थी लेकिन 20 अप्रैल को सचिव ने फोन कर आरोप लगाया कि किसान की बोरियों में गेहूं के साथ मिट्टी मिली हुई है और उसे तुरंत समिति पर बुलाया गया। किसान का कहना है कि उसने सभी बोरियों में साफ गेहूं भरा था, और हर बोरी का वजन करीब 50 किलो 300 ग्राम था। आरोप प्रत्यारोप के बाद सचिव व किसान मे विवाद के दौरान सचिव पर किसान के खिलाफ अभद्रता किये जाने का आरोप है। पीड़ित किसान ने अब मुख्यमंत्री के सचिव, जिलाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने भी समिति में भ्रष्टाचार और मनमानी की पुरानी शिकायतों को दोहराया है और सचिव को तत्काल हटाए जाने की मांग की है।

### अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने दिये दिशा निर्देश




**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उत्तरी/दक्षिणी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारियों व जनपद के समस्त चौकी/हल्का प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही, जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की प्राथमिकता, महिलाओं एवं बच्चों के साथ घटित होने वाली घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने आदि के संबंध में निर्देशित किया गया। इसके साथ ही समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने, शिकायतों का शीघ्र व विधिक निस्तारण करने, महिला सम्बन्धी अपराधों को गंभीरता से लेने व उचित कार्यवाही करने, वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी करने, विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने, डायल 112 की चेकिंग करने बिषयक आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### पुलिस कर्मियो को यूपीएस व एनपीएस की दी गई जानकारी

**उन्नाव।** पुलिस लाइन सभागार उन्नाव में यू0पी0एस0/एन0पी0एस के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चन्द्र शेखर असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट एक्सिस बैंक द्वारा ब्रजेन्द्र कुशवाहा डिप्टी मैनेजर व संजय वर्मा असिस्टेंट मैनेजर एक्सिस बैंक उन्नाव के सहयोग से उपस्थित पुलिसकर्मियों को विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

■ भारी मात्रा में विदेशी शराब व दो कारे बरामद



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी महोदय बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट, सर्विलांस व थाना बेहटामुजावर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर 45 बोतल रेड लेवल, 45 बोतल व 46 पौवा बलेण्डर प्राइड, 37 बोतल रायल ग्रीन, 23 हाफसिग्नेचर ब्रांड, 45 हाफ व 33 पौवा रायल ग्रीन ब्रांड हरियाणा मार्का शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त दो कार 01. स्विफ्ट डिजायर कार व इको कार को बरामद किया गया है। 20 अप्रैल को सर्विलांस, स्वाट व थाना बेहटामुजावर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जोगीकोट आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे सण्डीला अण्डर-पास पर एक स्विफ्ट डिजायर कार व एक इको कार को चेकिंग के दौरान रोका गया तथा दोनो गाड़ियो की तलाशी ली गयी तो स्विफ्ट डिजायर कार से 45 अदद बोतल जोनी वाल्कर रेड लेवल बलेण्डिड स्कोच विस्की नेट क्वान्टिटी 75 सीएल व 23 अदद सिग्नेचर रेयर एजिड विस्की नेट क्वान्टिटी 375 एमएल तथा ईको कार से 45 अदद बलेण्डर प्राइड बोतल अल्ट्रा प्रीमियम विस्की नेट क्वान्टिटी 750, 46 अदद बलेण्डर प्राइड पौवा नेट क्वान्टिटी 180, 33 अदद रायल ग्रीन क्लासिक पौवा विस्की नेट क्वान्टिटी 180, 37 अदद रायल ग्रीन बोतल विस्की नेट क्वान्टिटी 750, 45 अदद रायल ग्रीन हाफविस्की नेट क्वान्टिटी 375 शराब हरियाणा स्टेट ब्रान्ड की बरामद हुई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया कि हम लोग जनपद सोनीपत (हरियाणा) व गुरुग्राम से सस्ते दामो में अंग्रेजी शराब हरियाणा ब्राण्ड खरीद कर अतिरिक्त लाभ कमाने के लिये अपने वाहनो पर शराब लाद कर बिहार राज्य में उसे ऊंचे दामों में बेचते है तथा हम लोग यह कार्य काफी समय से कर रहे है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बेहटा मुजावर पर मु0अ0सं0 99/2025 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### जमीनी विवाद में सास बहू और बेटे को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर निवासी मुईन पुत्र लियाकत अली द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार की सुबह 11:30 बजे मोहल्ले के ही चार लोग दरवाजे पर आए और जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए उसकी पत्नी रायला बेगम व उसकी मां नूर जहां बेगम एवं भाई मुशीर अली के साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। उसके द्वारा बचाव में आने पर उसे भी लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी है।

### युवक से बैनामा करा कर गायब कराने का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम नौसारा निवासी वीरमति पत्नी अमर सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसके पुत्र मोर सिंह को विगत 05 अप्रैल को ग्राम समगुरा निवासी दो लोग नौकरी के बहाने बुला ले गए और दिनांक 16 अप्रैल को मेरे पुत्र से फर्जी बैनामा करा लिया। उसके बाद उसके पुत्र को कहीं गायब कर दिया। काफी खोजबीन के बाद जब उसके पुत्र का कोई पता नहीं चला तो। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले पर आधारित फिल्म से रोक हटाने की मांग

■ आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुलेजी और माता सावित्रीबाई फुलेजी के जीवन पर आधारित फिल्म पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक का आम आदमी पार्टी ने विरोध जताते हुये तत्काल रोक हटाये जाने की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में आम आदमी पार्टी ने बताया कि हाल ही में महात्मा ज्योतिबा फुलेजी और माता सावित्रीबाई फुलेजी के महान जीवन और संघर्षों पर आधारित एक महत्वपूर्ण फिल्म पर केन्द्र सरकार के अधीन कार्यरत सेंसर बोर्ड द्वारा रोक लगाई गई है। यह रोक न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है, बल्कि हमारे देश के महान समाज सुधारकों की विचारधारा को दबाने का भी प्रयास प्रतीत होती है। महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने सदियों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और शिक्षा, नारी सशक्तिकरण तथा समतामूलक समाज की स्थापना के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनकी जीवन यात्रा को जनमानस तक पहुँचाना आज के समय की आवश्यकता है ताकि देश के युवा उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। हम आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एवं उत्तर प्रदेश की जनता, इस अन्यायपूर्ण रोक का विरोध व्यक्त किया। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से आह्वान किया है कि सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्म पर लगाई गई रोक को तुरंत हटाने का निर्देश दिया जाए, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इतिहास के सही चित्रण को सुनिश्चित किया जाए और ऐसे महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने में सरकार सकारात्मक भूमिका निभाए। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., रमेश कुमार झां, अनूप ताम्रकार, हजारीलाल राजपूत, मीना, गनेशराम रजक, बुद्ध सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## ससुराल में देवर पर महिला ने लगाया बलात्कार और धोखाधड़ी का आरोप

**ललितपुर।** जिले के थाना पाली क्षेत्र के गांव बरौदियाराईन से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक विधवा महिला ने अपने देवर अभिषेक पर बलात्कार, धोखाधड़ी और प्रताडऩा का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने ललितपुर के पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपकर अभिषेक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पति अनुज की 7 नवंबर 2025 को बिजली के करंट से अकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उनके पति की मृत्यु के बाद, उन्हें शासन से 5 लाख रुपये की राहत राशि प्राप्त हुई थी, जो उनके बैंक खाते में जमा थी। पीड़िता अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी अंशिका के साथ ससुराल में अपनी सास श्रीमती मनप्यारी और देवर अभिषेक के साथ रह रही थी। शिकायत के अनुसार अभिषेक ने पीड़िता के प्रति बुरी नीयत रखना शुरू किया और उसे बहलाने-फुसलाने के साथ-साथ डराने-धमकाने लगा।

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का फीता काटकर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** केन्द्र व प्रदेश सरकार के निर्देश पर गरीबों व जरूरतमंदों को कम दाम में दबाईयां उपलब्ध कराये जाने के लिये स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष ने फीता काटकर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया है।

सोमवार को नगर के तिर्वारोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थापित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने फीता काटकर शुभारम्भ करनें के उपरान्त कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का उद्देश्य आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराना है। इस दौरान डॉ परीक्षित, मनोज गुप्ता, कमलेश राजपूत, गंगा सिंह कुशवाहा, जैनुल आब्दीन, सुधीर पाल आदि मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में किसानों ने धरना प्रदर्शन कर की नारेबाजी

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** विद्युत समस्या सहित किसानो की तमाम समस्याओं को लेकर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में तमाम किसानों ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। समस्याओं से संबंधित ज्ञापन पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है। सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह सहित प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुये बताया कि अघोषित विद्युत कटौती से पूरे जिले के किसानों की फसलें सूख रही हैं। जिले भर में लेखपाल एवं पुलिस दोनों विभाग मिलकर माफियाओं को किसानों की जमीन पर अवैध कब्जे करा रहे हैं। समधन नगर पंचायत के आंशिक भाग इस्माइलपुर में गलियों में कीचड़ युक्त पानी भरा हुआ है। जिसकी शिकायत के बावजूद भी पंचायत प्रशासन मौन है शासन के आदेश अनुसार 18 घंटे विद्युत की आपूर्ति निर्वाध रूप से दी जाए। उन्होंने कहा कि समस्याओं का निस्तारण समय रहते ना हुआ तो भाकियू जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष ने सात सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौप कर कार्यवाही की मांग की है। सबसे अंत में पदाधिकारियों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने नवागंतुक जिलाधिकारी से औपचारिक भेंटकर बधाई दी। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान, सुरेश यादव, डॉ. साजिद हुसैन, मो, शहराज हुसैन, मारूफ खान, सबनूर खान, सत्यम प्रजापति, बब्लू ठाकुर, धर्मेंद्र प्रताप सिंह राजपूत बबलू ठाकुर, वसीम सिद्दीकी, राहुल कुमार गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तीर्थों के संरक्षण-संवर्द्धन का लिया संकल्प



अवधनामा संवाददाता

■ अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी की प्रथम महिला प्रकोष्ठ का हुआ गठन

**ललितपुर।** 125 वे स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के तत्वावधान में नगर के महावीर गार्डन, सिविल लाइन में प्रथम महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इस दौरान 30 महिला मण्डलों की सैकड़ों महिलाएं अपने -अपने महिला मण्डल के गणवेश में उपस्थित रहीं। अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष जवाहरलाल जैन ने की। प्रारंभ में सर्वप्रथम प्रतिभास्थली पाठशाला की बच्चियों ने संगीतमय मंगलाचरण प्रस्तुत किया, इसके बाद चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया। इसके पश्चात सामूहिक मंगलगान किया गया। कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि तीर्थ, मंदिर, मूर्तियां हमारी आस्था सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहर हैं। तीर्थ हमारी आस्था के केन्द्र बिंदु हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी 125 वर्षो से निरंतर संलग्न है। सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। मीनू जैन ने नारी के महत्व को रेखांकित करते हुए नारी शक्ति के योगदान को बताया। शरद जैन ने तीर्थक्षेत्र कमेटी की गुल्लक योजना की विस्तार से जानकारी दी। आकाश जैन ने जैन मंदिरों में गुल्लक योजना को लागू करने का आश्वासन दिया। इस दौरान तीर्थक्षेत्र कमेटी के तत्वावधान में प्रथम महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। जिसमें प्रत्येक महिला मंडल से एक सदस्य को संयोजक बनाया गया।

**महाराष्ट्र में जैन मंदिर तोडने् की कड़ी निन्दा–** आयोजन में मुंबई के विले पार्ले में हुई घटना पर समाज में भारी रोष है। संजीव जैन ममता स्पोर्ट्स, एड.धन्य कुमार जैन, मनोज जैन, धार्मिक आयोजन समिति संयोजक रिंकू जैन, पुष्पेंद्र जैन, नीरज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनीता मोदी, अंशु जैन, स्वाति जैन, सुषमा जैन, संगीता जैन आदि का योगदान रहा।

# बाबुता के बाद रूद्रांक्ष-आर्या की जोड़ी का दिखा जलवा, पेरू शूटिंग विश्व कप में जीता रजत पदक

**लीमा (पेरू)।** रूद्रांक्ष पाटिल और आर्या बोरसे की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता जबकि पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रूद्रांक्ष और आर्या की जोड़ी को फाइनल में नार्वे के जोन हरमान हेग और जीनेटे हेग ड्यूस्टैड से 11-17 से हार मिली। इससे पहले पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।



**तकनीकी खराबी से पाटिल चूके**

फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

**फाइनल में क्या हुआ था**

फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा। पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली।

# वह प्रेरणास्रोत हैं, पोल वॉल्ट के सर्वकालिक महान एथलीट डुप्लांटिस ने की नीरज चोपड़ा की तारीफ

**नई दिल्ली।** डुप्लांटिस को सर्वकालिक महान पोल वॉल्ट एथलीट कहा जाता है। वह सात बार के सीनियर वैश्विक चैंपियन और 6.27 मीटर से वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। उन्होंने नीरज चोपड़ा की जमकर तारीफ की है।

पोल वॉल्ट खेल में विश्व रिकॉर्ड धारी स्वीडिश अमेरिकी खिलाड़ी अर्मांड डुप्लांटिस ने भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की तारीफ की है। डुप्लांटिस ने नीरज को बेहतरीन इंसान और प्रेरणास्त्रोत बताया है। डुप्लांटिस के मुताबिक, वह नीरज से ओलंपिक में दो पदक जीतने और ग्लोबल स्टार बनने से बहुत पहले मिले थे। उनका कहना है कि इतनी अपार सफलता हासिल करने के बाद भी नीरज अब भी उतने ही विनम्र और बेहतरीन इंसान हैं।

**डुप्लांटिस सर्वकालिक महान पोल वॉल्ट खिलाड़ी**

डुप्लांटिस को सर्वकालिक महान पोल वॉल्ट एथलीट कहा जाता है। वह सात बार के सीनियर वैश्विक चैंपियन और 6.27 मीटर से वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। नीरज ने पिछले दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत के साथ भारत के सबसे महान एथलीट के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स की पूर्व संध्या पर डुप्लांटिस ने नीरज के साथ अपनी शुरुआती मुलाकातों को याद करते हुए उन्हें प्रेरणादायी करार दिया।

> **विश्व रिकॉर्ड**
>
> **पोल वॉल्ट खेल में विश्व रिकॉर्ड धारी स्वीडिश अमेरिकी खिलाड़ी अर्मांड डुप्लांटिस ने भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की तारीफ की है।**



**25 साल के हैं अर्मांड डुप्लांटिस**

25 वर्षीय डुप्लांटिस को 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स में स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने कहा, हमने एक दूसरे से काफी बातचीत की है। टोक्यो में ओलंपिक से पहले और ओलंपिक के बाद भी उनके साथ काफी बातचीत हुई थी, जब वह पूरे भारत देश को प्रेरित कर रहे थे, जो बहुत अच्छा था।

**नीरज अब भी वैसे ही इंसान, जैसे पहले थे**

डुप्लांटिस ने कहा, नीरज अब भी वैसे ही इंसान है, वही इंसान जिससे मैं वर्षों पहले मिला था। हम शायद 2016 की विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पहली बार एक ही प्रतियोगिता में थे, उन्होंने वहां भी धमाकेदार प्रदर्शन किया। वह प्रेरणास्रोत हैं। वह जो भी करते हैं, मुझे वह पसंद हैं। वह प्रतिभाशाली और महान एथलीट हैं। वह भारत में खेलों के लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, वह वास्तव में एक अद्भुत है।

**डुप्लांटिस पेरिस और टोक्यों में स्वर्ण जीत चुके**

लुसियाना में जन्मे पोल वॉल्ट एथलीट डुप्लांटिस स्वीडन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। उनके पास पेरिस 2024 और टोक्यो 2020 में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं। वह दो बार के विश्व आउटडोर चैंपियन (2022, 2023), तीन बार के विश्व इनडोर चैंपियन (2022, 2024, 2025) और मौजूदा यूरोपीय चैंपियन हैं।

## प्रसिद्ध शेरपा गाइड 31वीं बार करेंगे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का प्रयास, अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेंगे



**काठमांडू।** सबसे महान पर्वतारोही गाइडों में से एक कामी रीता दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर 31वीं बार चढ़ने की कोशिश करेंगे। वह इस मामले में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेंगे। 55 वर्षीय रीता रविवार को काठमांडू से माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए, ताकि पर्वतारोहियों के एक समूह का नेतृत्व किया जा सके। वह वसंत चढ़ाई के मौसम के दौरान 8,849 मीटर (29,032 फीट) की चोटी पर पहुंचने की कोशिश करेंगे। एवरेस्ट पर पहली बार 1953 में न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और नेपाली शेरपा तेनजिंग नोर्गे ने चढ़ाई की थी।

काठमांडू के हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कामी रीता ने कहा, मैं मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से पहाड़ पर चढ़ने के लिए तैयार हूं। मैं अभी अपनी सर्वश्रेष्ठ शारीरिक स्थिति में हूं उनके नाम 30 बार माउंट एवरेस्ट पर सबसे सफल चढ़ाई करने का रिकॉर्ड है। पिछले साल मई में उन्होंने दो बार चोटी पर चढ़ाई की थी।

उन्होंने कहा, मेरी पहली प्राथमिकता अपने क्लाइंट को चोटी के शिखर पर पहुंचाना है। उसके बाद मैं तय करूंगा कि मैं सीजन के दौरान एक से ज्यादा बार चोटी पर चढ़ूंगा या नहीं। यह मौसम और पहाड़ की स्थितियों पर निर्भर करता है। माउंट एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा चढ़ाई करने के मामले में उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी साथी शेरपा गाइड पासंग दावा हैं, जिन्होंने पहाड़ पर 27 सफल चढ़ाई की है।

# दिल्ली से हिसाब चुकाने उतरेंगे सुपरजायंट्स, पंत से बड़ी पारी की उम्मीद, केएल राहुल पर रहेंगी निगाहें

**लखनऊ।** पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दो रन से मिली जीत से उत्साहित लखनऊ सुपरजायंट्स के सामने अब दिल्ली कैपिटल्स की मजबूत चुनौती होगी। मुकाबले में मेजबान न सिर्फ का विजय अभियान जारी रखने उतरेंगे, बल्कि आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली से मिली हार का हिसाब चुकाने भी टीम की नजर होगी। दूसरी ओर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज दिल्ली की टीम एक और जीत के साथ प्लेऑफ की दावेदारी ठोकने उतरेगी। बताते चले कि 24 मार्च को हुए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी, जिसमें आशुतोष शर्मा (नाबाद 66 रन) ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर लखनऊ के जबड़े से जीत छीन ली थी। धमाकेदार फॉर्म में चल रहे निकोलस पूरन के ऊपर लखनऊ सुपरजायंट्स की बल्लेबाजी क्रम का सबसे ज्यादा भार है। उनका दमदार प्रदर्शन टीम की जीत की गारंटी बन जाता है, जबकि न खेलने पर टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा जाती है। पिछले दो मुकाबलों की बात करे तो चेन्नई के खिलाफ पूरन ने आठ रन बनाए। इस कारण टीम 166 रन ही बना सकी और मुकाबला लखनऊ के हाथ से निकल गया। इसके बाद राजस्थान के खिलाफ पूरन के खाते में महज 11 रन बनाए और यहां भी टीम 180 रन का आंकड़ा छू सकी। मुकाबले में आवेश खान ने पारी का करिश्माई आखिरी ओवर डालते हुए लखनऊ को रोमांचक जीत दिलाई। इसके अलावा टीम के स्पीडस्टार मयंक यादव भी अपने घरेलू मैदान में दिल्ली के खिलाफ खेल सकते हैं। वे राजस्थान के लिए पांच सब्टीट्यूट खिलाड़ियों में शामिल थे, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं दी। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनका खेलना तय माना जा रहा है। लखनऊ के लिए कप्तान पंत को भी अपने प्रदर्शन में सुधार लाना होगा, जो अभी तक चेन्नई के खिलाफ 63 रन की इकलौती पारी खेलने के अलावा अन्य मुकाबलों में पूरी तरह नाकाम रहे। मुकाबले से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स अपने पूर्व कप्तान केएल राहुल से सबसे अधिक सावधान रहना होगा।



पहले तीन सत्रों में लखनऊ की कप्तानी कर चुके केएल राहुल को टीम की खामियों और खूबियों की अच्छी खासी जानकारी है, जो टीम प्रबंधन के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। इसके अलावा राहुल का धमाकेदार फॉर्म भी लखनऊ के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। छह मैचों में 53.20 की औसत से 266 रन बनाने वाले राहुल ने पूर्व में इकाना स्टेडियम में कई बड़ी पारियां खेली हैं। इसके अलावा गेंदबाजी में इनफॉर्म कुलदीप यादव (सात मैच में 14.58 की औसत से 12 विकेट) और मिचेल स्टार्क (सात मैच में 26.70 की औसत से 10 विकेट) भी लखनऊ के बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश कर सकते हैं।

## उत्तराखंड राष्ट्रीय खेल में 11 खिलाड़ी डोप में फंसे, ज्यादातर पदक विजेता, इनमें छह पंजाब के

**नई दिल्ली।** खेलों में डोपिंग का एक और दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। उत्तराखंड में हाल में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में 11 खिलाड़ी डोप में फंसे हैं। डोप पॉजिटिव खिलाड़ियों में ज्यादातर पदक विजेता हैं। इनमें सर्वाधिक छह खिलाड़ी पंजाब से हैं।

राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवाओं के सेवन के लिए 11 में से 8 खिलाड़ियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। इनमें नामी बास्केटबाल खिलाड़ी पंजाब के अमृतपाल सिंह शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया व जापान की प्रतिष्ठित लीग में खेल चुके अमृतपाल दूसरी बार डोप में फंसे हैं। अमृतपाल ने इन खेलों में पंजाब के लिए स्वर्ण पदक जीता था। अगर वह बेगुनाही साबित नहीं कर पाए, तो उन पर आठ वर्ष का प्रतिबंध लग सकता है। वह इससे पहले 2020 में डोप पॉजिटिव पाए गए थे। वूशु खिलाड़ी नीरज जोशी और राहुल तोमर के नमूनों में एक से अधिक दवाओं का मिश्रण पाया गया है।

नाडा की ओर से लिए गए नमूनों की जांच जारी है। लिहाजा खिलाड़ियों की संख्या बढ़ने की आशंका है। 2023 में गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में रिकॉर्ड 25 खिलाड़ी डोप में पकड़े गए थे। 2015 के केरल में हुए राष्ट्रीय खेलों में 16 खिलाड़ी डोप में पकड़े जाने पर हंगामा हुआ था। 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 10 खिलाड़ी डोप पॉजिटिव पाए गए थे।

**राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण की दावेदार एलिश भी शामिल**

बड़ा झटका तमिलनाडु की वेटलिफ्टर एलिश अरोकिया के रूप में लगा है। 87 किलो में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एलिश को अगले वर्ष ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक का सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा था।

दो महिला एथलीटों समेत तीन खिलाड़ियों पर स्पेसीफाइड सब्सटेंस के कारण अस्थायी प्रतिबंध नहीं लगा है। दोनों ने इन खेलों में स्वर्ण जीते थे।

## नवजात की जान बचाकर चर्चा में आईं खुशबू पाटनी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी एक मासूम बच्ची को बचाने को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। सोशल मीडिया पर भी लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। चलिए जानते हैं उनके बारे में कुछ दिलचस्प बातें

जहां दुनिया अपनी रफ्तार में व्यस्त रहती है, वहीं कुछ लोग अपने छोटे-छोटे कदमों से इंसानियत को फिर से पेश करते हैं। ऐसी ही एक शख्सियत हैं खुशबू पाटनी, जिन्होंने हाल ही में बरेली में एक नवजात बच्ची की जान बचाकर न केवल लोगों का दिल जीता, बल्कि सोशल मीडिया से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक चर्चा का केंद्र बन गईं। एक्स इंडियन आर्मी ऑफिसर खुशबू पाटनी ने अपने साहस, सूझबूझ और मानवता से एक ऐसी मिसाल कायम की है, जो समाज के लिए प्रेरणा बन गई है।

खुशबू पाटनी का जन्म 23 नवंबर 1991 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ था।

## 'हमें नए लोगों के दिमाग को समझना पड़ेगा', इमरान हाशमी ने बताया कैसी फिल्में बनाने की है जरूरत

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि कैसे हमें नए अभिनेताओं और निर्माताओं के साथ काम करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि किस तरह की फिल्में बनाने की जरूरत है।



अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। कश्मीर से लेकर मुंबई तक में फिल्म की स्क्रीनिंग की जा रही है और पूरी टीम फिल्म के प्रचार में जुटी है। इस बीच इमरान हाशमी ने सिनेमा की दुनिया में प्रासंगिक बने रहने या नए निर्माताओं के साथ काम करने के लिए क्या करना चाहिए इस पर बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को समझना और उनसे सीखना मौजूदा वक्त में बने रहने के लिए बहुत जरूरी है। हाल ही में पीटीआई के साथ बातचीत में इमरान हाशमी ने नए लोगों के साथ काम करने के लिए किस तरह से संतुलन बनाना जरूरी है, इसको लेकर बात की। अभिनेता ने कहा, ÷जब आप एक निश्चित उम्र पार कर लेते हैं, जब नए तरह के अभिनेता और फिल्म निर्माता आते हैं, तो प्रासंगिकता और उनसे जुड़ना बहुत जरूरी हो जाता है। उनसे सीखना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लगता है कि प्रासंगिकता इसी के बारे में है। जब आप उनके दिमाग से जुड़ते हैं और खुद को नया रूप देते हैं और किरदारों, शैलियों व फिल्मों पर नए सिरे से विचार करते हैं, और अतीत में नहीं जीते हैं। यहीं से जुड़ने का और प्रासंगिकता का पूरा खेल शुरू होता है। एक कलाकार के तौर पर इमरान ने कहा कि उन्हें चीजों को बदलना और खुद को चुनौती देना पसंद है। अभिनेता ने कहा, जब मैंने 2017-2018 में 'बार्ड ऑफ ब्लड' किया, तो वह एक बदलाव था। अगर मैं सिर्फ पीछे की ओर जा रहा था और मैं ऐसा सोच रहा था कि मैं वही करता रहूंगा जो मैं करता हूं, तो यह प्रासंगिकता के लिए प्रतिकूल है। इंडस्ट्री एक अलग चरण से गुजर रही है जहां हमें अपनी फिल्मों के प्रकार पर फिर से सोचने जरूरत है। ऐसी फिल्में बनाएं जो थोड़ी अधिक जड़ें जमाए हुए हों और दर्शकों के लिए पूरे भारत की भावना को सामने लाएं।

# रणदीप हुड्डा ने पीएम मोदी से की मुलाकात बोले- उनका पीठ थपथपाना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान

**मुंबई।** अभिनेता रणदीप हुड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वे अपनी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा के साथ पीएम से मिलने पहुंचे और मुलाकात की झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

अभिनेता रणदीप हुड्डा ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पीएम से उन्होंने सरकार के दूरदर्शी नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर चर्चा की। साथ ही पीएम की एंटी ओबेसिटी ड्राइव पर भी बात की। इस दौरान रणदीप के साथ उनकी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा भी मौजूद रहीं। पीएम से मिलकर रणदीप हुड्डा गदगद हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब उनकी पीठ थपथपाते हैं, तो वह उनके लिए अच्छा काम करने का सबसे बेहतर प्रोत्साहन होता है।

**पीएम मोदी से मिलना सम्मान और सौभाग्य की बात**

रणदीप हुड्डा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात रही। देश के भविष्य को लेकर उनकी दूरदृष्टि, जानकारी और विचार हमेशा प्रेरणादायक होते हैं। उनका पीठ थपथपाना हमारे लिए अपने संबंधित क्षेत्रों में अच्छा काम करते रहने और हमारे राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है।



**बोले- गौरवपूर्ण पारिवारिक क्षण**

रणदीप हुड्डा ने आगे लिखा, मुलाकात के दौरान हमने सरकार के दूरदर्शी नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के बारे में चर्चा की, जो विश्व मंच पर भारतीय आवाजों को बढ़ावा देने को तैयार है। इस दौरान मेरी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा भी साथ मौजूद रहीं। यह हमारे लिए एक गौरवपूर्ण पारिवारिक क्षण था। रणदीप हुड्डा ने आगे कहा कि उन्होंने पीएम मोदी के मोटापा विरोधी अभियान और समग्र स्वास्थ्य की उनकी पहलों पर भी बातचीत और चर्चा की।

**जाट में नजर आ रहे हैं रणदीप हुड्डा**

अभिनेता रणदीप हुड्डा इन दिनों फिल्म जाट में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में वे राणातुंगा की भूमिका में दिखाई दिए हैं। 10 अप्रैल 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। इसमें सनी देओल लीड रोल में हैं। इसमें रेजिना कसांड्रा, विनीत कुमार सिंह, संयमी खेर, राम्या कृष्णन और जगपति बाबू जैसे सितारे भी नजर आए हैं।

# सैफ देर से आते थे, उनके साथ काम करना मुश्किल, कुणाल ने बताया ज्वेल थीफ की शूटिंग का अनुभव

**मुंबई।** सैफ अली खान इन दिनों अपनी आगामी हीस्ट ड्रामा थ्रिलर फिल्म ज्वेल थीफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनके साथ कुणाल कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। अब कुणाल ने सैफ के साथ शूटिंग का अनुभव साझा किया है।

सैफ अली खान नेटफ्लिक्स की आगामी एक्शन से भरपूर हीस्ट थ्रिलर फिल्म ज्वेल थीफ में एक चालाक चोर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म इस हफ्ते ही रिलीज होने वाली है। वहीं, तेजी से फिल्म का प्रचार भी शुरू हो चुका है। अब इस दौरान जयदीप अहलावत, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता हाल ही में अपने फिल्मांकन के अनुभव के बारे में एक मजेदार बातचीत के लिए बैठे। इस दौरान कुणाल के चुटीले अंदाज ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

**कुणाल कपूर ने साझा किया शूटिंग का अनुभव**

जयदीप और निकिता ने सेट पर की गई सारी मस्ती को याद किया। फिल्मीज्ञान के साथ बातचीत में कुणाल ने मजाक में दावा किया कि उनका अनुभव बिल्कुल अलग था।



उन्होंने कहा, अकेलापन इसलिए क्योंकि मैं फिल्म में उनके साथ नहीं हूं, मैं उनका पीछा कर रहा हूं, इसलिए मैं सेट पर अकेला था। ये लोग साथ में खूब मस्ती करते थे।

**सैफ के साथ काम करने का अनुभव**

सैफ के साथ काम करने के बारे में पूछे जाने पर कुणाल ने कुछ चुटकुले सुनाए। उन्होंने मजाक में कहा, वह एक दर्द है। उसके साथ काम करना मुश्किल था। वह समय पर नहीं आते थे था और जब आते थे तो उन्हें अपनी लाइन नहीं आती थी और फिर हमें तब तक इंतजार करना पड़ता था, जब तक वह अपनी लाइन नहीं सीख लेते थे। फिर एक के बाद एक टेक।

**इन दिन रिलीज होगी फिल्म**

बाकी कलाकारों ने भी मजाक में कहा कि चूंकि सैफ सोशल मीडिया पर नहीं है, इसलिए वह कुणाल के कमेंट्स नहीं देख पाएंगे, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत थे कि अगर यह अखबारों में छपा तो सैफ को जरूर पता चल जाएगा।

कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित और सुमित अरोड़ा द्वारा लिखित ज्वेल थीफ एक हाई-ऑक्टेन डकैती थ्रिलर है। ज्वेल थीफ का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 25 अप्रैल को होगा।

# एलन मस्क की मां के साथ सिद्धिविनायक पहुंचीं जैकलीन फर्नांडिस, तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** हाल ही में सोशल मीडिया पर जैकलीन फर्नांडिस की कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसमें वह एलन मस्क की मां मेय मस्क के साथ सिद्धिविनायक मंदिर में नजर आ रही हैं। जानिए, क्या है जैकलीन से मेय मस्क का नाता?

रविवार को जैकलीन फर्नांडीस मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंचीं। एक्ट्रेस के साथ मेय मस्क यानी अमेरिकी बिजनेस मैन एलन मस्क की मां भी नजर आईं। यह दोनों ईस्टर फेस्टिवल वाले दिन सिद्धिविनायक पहुंची थीं।

**गोल्डन कलर के सूट में दिखीं जैकलीन**

सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उसमें जैकलीन ने गोल्डन कलर का सूट और दुपट्टा पहना है। मेय भी पीले रंग की एक ड्रेस में नजर आ रही हैं। दोनों ने गणपति बप्पा के दर्शन किए, प्रार्थना की। मेय मस्क की बात करें तो वह अपनी एक किताब के लॉन्च इवेंट के लिए भारत आईं। मेय मस्क की किताब का हिंदी एडिशन लॉन्च होने वाला है।



**जैकलीन ने मेय को अपना दोस्त बताया**

जैकलीन ने मेय मस्क के साथ सिद्धिविनायक मंदिर जाने के अपने एक्सपीरियंस को साझा किया। वह कहती हैं, 'यह बहुत ही अच्छा एक्सपीरियंस रहा। मैंने अपनी प्यारी दोस्त मेय मस्क के साथ गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। वह अपनी बुक लॉन्च के सिलसिले में भारत में हैं। मैंने मेय मस्क की किताब से काफी कुछ सीखा है। मैंने इस बात को समझा है कि उम्र बस एक नंबर है, इससे आपके सपनों और लक्ष्यों पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

**मल्टीटैलेंटेड हैं मेय मस्क**

एलन मस्क की मां सिर्फ राइटर ही नहीं हैं। वह सुपरमॉडल भी रह चुकी हैं। साथ ही बतौर न्यूट्रिशनिस्ट भी काम कर चुकी हैं। एलन मस्क और उनके भाई-बहनों को आगे बढ़ाने में मेय मस्क का बड़ा बहुत रोल है।

## रेसलमेनिया में पहुंचे 'बाहुबली' के भल्लालदेव

**मुंबई।** राणा दग्गुबाती ने रेसलमेनिया इवेंट से जुड़ी जो तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं, उसमें एक्टर का एक्शन अंदाज नजर आ रहा है। कहीं वह बॉक्सिंग पंच बनाते दिखे, कहीं उनके हाथ में एक क्रिकेट बैट नजर आया। इसके अलावा उन्होंने इवेंट में भी कई तस्वीरें क्लिक कीं। इसके अलावा जब राणा का नाम इवेंट में पुकारा गया तो दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। राणा ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उसके साथ एक मैसेज भी लिखा है, 'जाने-पहचाने से चेहरे और रेसलमेनिया में मैं। जो लाइन क्रॉस किया वो गया।'

राणा दग्गुबाती की तस्वीरों पर फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। राणा को रेसलमेनिया में देखकर फैंस को 'बाहुबली' फिल्म का किरदार भल्लालदेव याद आ गया। इस फिल्म में राणा ने यह किरदार निभाया था। भल्लालदेव ने फिल्म में एक सांड को मार गिराया था। यह एक ताकतवर किरदार था। फैंस ने राणा की पोस्ट में कुछ मीम्स भी साझा किए, जो भल्लालदेव से जुड़े थे।

## हाईकोर्ट ने सरोगेसी की मांग कर रही तलाकशुदा महिला की याचिका की खारिज



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरोगेसी की अनुमति मांग रही तलाकशुदा महिला की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इससे सरोगेसी का व्यवसायीकरण हो सकता है और बच्चे के अधिकारों पर असर पड़ेगा। कोर्ट ने महिला को सुप्रीम कोर्ट से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को एक तलाकशुदा महिला की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने संतान प्राप्ति के लिए सरोगेसी की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करने से व्यापक असर पड़ सकता है और इससे सरोगेसी का व्यवसायीकरण हो सकता है। जस्टिस जी.एस. कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत सेठना की बेंच ने कहा, केवल महिला के अधिकारों पर विचार करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चे के अधिकारों को भी ध्यान में रखना जरूरी है। महिला ने याचिका में कहा था कि उसने मेडिकल कारणो से अपने अपना गर्भाशय हटवाया है और वह दोबारा विवाह नहीं करना चाहती। उसके दो बच्चे हैं, जो उनके पूर्व पति की हिरासत (कस्टडी) में हैं। महिला ने राष्ट्रीय और राज्य सहायक प्रजनन तकनीकी और सरोगेसी बोर्ड से सरोगेसी के लिए चिकित्सा (मेडिकल) प्रमाणपत्र प्राप्त करने और प्रक्रिया की अनुमति देने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि यह मामला व्यापक मुद्दों से जुड़ा है और महिला को सुप्रीम कोर्ट से मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि यह मामला केवल महिला के अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सरोगेसी के व्यावसायीकरण और बच्चे के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ता है।

# राहुल गांधी भारत के बारे में घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते, धर्मेंद्र प्रधान का हमला

**आयोग**

**अपने एक्स हैंडल पर भाजपा नेता लिखा - लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश की धरती से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं।**





**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से अपने अमेरिका दौरे के दौरान देश के कई मुद्दों पर विचार रखे गए हैं। वहीं भाजपा की तरफ से उनके बयान पर निशाना साधा गया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि- राहुल गांधी जब भी विदेश में होते हैं, भारत के बारे में घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर हमला करते हुए कहा कि वे जब भी विदेश में होते हैं तो भारत और इसकी लोकतांत्रिक प्रणालियों के बारे में घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते। अपने एक्स हैंडल पर भाजपा नेता लिखा - लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश की धरती से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब भी राहुल गांधी विदेश में होते हैं, वह भारत और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के प्रति अपनी नफरती सोच साझा करने से नहीं चूकते हैं। उन्होंने आगे लिखा- दरअसल, दशकों तक सत्ता पर राज करने वाले राजशाही परिवार के युवराज को भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं की वैश्विक स्तर पर मिल रही पहचान से चिढ़ है। यही वजह है कि वह देश और देशवासियों को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। धर्मेंद्र प्रधान ने आगे लिखा- देश ही नहीं विश्व भी हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों और उसकी विश्वसनीयता में यकीन रखता है। मगर, लगातार मिल रही पराजय की बौखलाहट राहुल गांधी जी के चेहरे पर स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है। मेरा राहुल गांधी से निवेदन है कि चुनावी हार-जीत के मानक पर भारत की लोकतांत्रिक गरिमा को चोट मत पहुंचाइए।

बता दें कि, अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा-नीत गठबंधन की जीत पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि भारत का चुनाव आयोग निष्पक्षता से समझौता कर रहा है। उनके इस बयान पर धर्मेंद्र प्रधान ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर मिल रही मान्यता से नफरत करते हैं और अपनी पार्टी की लगातार हार से निराश हैं।

## हावड़ा की रासायनिक फैक्ट्री में भीषण आग, आरएएफ को बुलाया गया



**कोलकाता।** हावड़ा के पास डोमजुड़ में स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में सोमवार को भीषण आग लग गई है। दमकल की 15 गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग ने आग बुझाने का काम बंद कर दिया है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा के पास डोमजुड़ में स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में सोमवार को भीषण आग लग गई है। काले धुएं ने पूरे इलाके को ढक लिया है। प्रारंभ में दमकल की 15 गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग ने आग बुझाने का काम बंद कर दिया है।

आग की तीव्रता इतनी ज़्यादा है कि सिर्फ पानी की बौछार से उसे बुझा पाना संभव नहीं है। चूंकि यह एक रासायनिक फैक्ट्री है, इसलिए आग के तेज़ी से फैलने की आशंका बनी हुई है। फिलहाल इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि आग कैसे लगी। हताहतों के बारे में भी अभी तक किसी तरह की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह फैक्ट्री डोमजुड़ के एक सुनसान इलाके में स्थित ओएनजीसी की एक रासायनिक इकाई है, जहां बड़ी मात्रा में रसायन संग्रहित थे। जानकारी के अनुसार, वहां लगभग 100 से 150 तेल के टैंकर रखे गए थे, जिनमें धमाके हो रहे हैं और पूरा इलाका कांप उठा है। बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ और तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल रही है। क्योंकि फैक्ट्री आबादी से थोड़ी दूर है, इसलिए दमकल कर्मियों को थोड़ी राहत मिली है, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, फैक्ट्री के अंदर कोई फंसा है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है क्योंकि दमकल कर्मी अंदर जा ही नहीं पाए हैं। अब आग को काबू करने के लिए अन्य उपायों पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक फैक्ट्री परिसर के भीतर ही मजदूरों ने अपने रहने के लिए झोपड़ियां बना रखी थीं। उन्हें पहले ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। अभी तक आग को नियंत्रण में लाया नहीं जा सका है। खबर है कि और भी दमकल गाड़ियां भेजी जाएंगी। आग कैसे लगी, इसकी वजह भी अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## समुद्र में 6000 मीटर तक जाएगी पनडुब्बी, हर 30 मिनट में देगी जानकारी

**नई दिल्ली।** मत्स्य-6000 भारत की पहली मानवयुक्त पनडुब्बी है, जो 6000 मीटर गहराई तक तीन व्यक्तियों को ले जा सकती है। इसमें 96 घंटे की इमरजेंसी सहनशक्ति, हर 30 मिनट में सतह से संपर्क और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुसार डिजाइन की गई तकनीक शामिल है। इसका उद्देश्य समुद्र के रहस्यों की खोज और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना है।

मत्स्य-6000 भारत की प्रमुख मानव पनडुब्बी है, जिसका उद्देश्य तीन व्यक्तियों को 6000 मीटर की गहराई तक ले जाना है। इसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान चेन्नई द्वारा विकसित किया गया है। अब यह पनडुब्बी समुद्र में अपने मिशन पर जाने के लिए तैयार है। तैयारी के अंतिम चरण में पनडुब्बी को कई परीक्षणों से गुजारा जा रहा है। पनडुब्बी का पायलट हर 30 मिनट में जानकारी देगा। पनडुब्बी में 96 घंटे तक की आपातकालीन सहनशक्ति है, जो एक डीएनवी प्रमाणित मानव सहायता और सुरक्षा प्रणाली (एचएसएसएस) द्वारा समर्थित है। गहरे समुद्र के रहस्यों का पता लगाने में यह पनडुब्बी कारगर साबित होगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए नॉटाइल नामक समुद्र में 6000 मीटर की गहराई तक जाने वाली फ्रांसीसी मानव वैज्ञानिक पनडुब्बी के साथ भागीदारी की जा सकेगी।

## चुनाव से पहले बिहार को मिल सकती है इतनी ट्रेनों की सौगात

**नई दिल्ली।** रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, बिहार में अगले हफ्ते से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी जिले में प्रस्तावित दौरा है। इस दौरान पीएम मोदी बिहारवासियों को दूसरी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का तोहफा देंगे।

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के पहले ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चली है। सभी दलों के नेताओं का बिहार आना-जाना का सिलसिला भी शुरू हो चला हैं। ऐसे में भारतीय रेलवे भी एक्शन में नजर आ रहा है। रेलवे ने बिहार में चुनावी घोषणा से पहले छह माह के भीतर छह नई ट्रेनें शुरू करने का ऐलान किया है। इसमें अमृत भारत एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई प्रमुख ट्रेनें शामिल है।

# बंगलूरू में वायुसेना के विंग कमांडर पर जानलेवा हमला, पुलिस की लापरवाही आई सामने

**बंगलूरू।** बंगलूरू में वायुसेना के विंग कमांडर पर स्थानीय शख्स की तरफ से हमले का मामला सामने आया है। जिसमें विंग कमांडर काफी जख्मी है, उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया कि कन्नड़ भाषा बोलने वाले लोगों के समूह ने उनपर हमला किया है। इस मामले में उन्होंने पुलिस पर तुरंत कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया है।कर्नाटक की राजधानी ब ंगलूरू से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां भारतीय वायुसेना के एक विंग कमांडर पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। जानकारी के मुताबिक, विंग कमांडर पर हमला उस समय हुआ जब वह अपनी पत्नी के साथ एयरपोर्ट जा रहे थे। इस घटना में उनके सिर पर चोट आई और उन्होंने घटना के बाद पुलिस की निष्क्रियता की आलोचना भी की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें विंग कमांडर बुरी तरह जख्मी औ खून से लथपथ दिखाई दे रहे हैं। विंग कमांडर शिलादित्य बोस ने आरोप लगाया कि दोपहिया वाहन पर उनका पीछा करने वाले लोगों ने रोड रेज की घटना में उन पर हमला किया और गाली-गलौज की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने घटनाक्रम का विवरण दिया और अपने चेहरे और गर्दन पर चोटों को दिखाया, जिसमें से खून बह रहा था। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे पुलिस स्टेशन गए थे, लेकिन उन्हें तुरंत मदद नहीं मिली। उन्होंने

**आरोप**


**विंग कमांडर शिलादित्य बोस ने आरोप लगाया कि दोपहिया वाहन पर उनका पीछा करने वाले लोगों ने रोड रेज की घटना में उन पर हमला किया और गाली-गलौज की।**

वीडियो में बताया कि, हम डीआरडीओ, सीवी रमन नगर फेज एक में रहते हैं। आज सुबह, मेरी पत्नी मुझे एयरपोर्ट ले जा रही थी, तभी पीछे से एक बाइक आई और हमारी कार को रोक दिया। मैं डैश कैम फुटेज भी शेयर करूंगा। बाइक सवारों में से एक ने कन्नड़ में मुझे गाली देना शुरू कर दिया। मेरी कार पर डीआडीओ का स्टिकर देखकर उसने कहा, तुम डीआरडीओ के लोग हो, इसके बाद कन्नड़ में और गाली दी। फिर उसने मेरी पत्नी को गाली दी। मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सका। विंग कमांडर ने आगे बताया कि, जब मैं कार से बाहर निकला, तो उसने तुरंत अपनी चाबी से मेरे माथे पर वार किया। मैं वहीं खड़ा रहा, चिल्लाया, पूछा कि क्या लोग सेना या रक्षा बलों के किसी व्यक्ति के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं। इस दौरान और लोग इकट्ठा हो गए और हमें गाली देना शुरू कर दिया।% इसके अलावा, उस आदमी ने एक पत्थर भी उठाया और मेरी कार पर फेंकने की कोशिश की।





# ईस्टर युद्धविराम के दौरान रूसी हमलों में मारे गए तीन लोग, खेरसान के गवर्नर का दावा



**कीव।** तीस घंटे के ईस्टर युद्धविराम के दौरान रूस ने यूक्रेन के खेरसान क्षेत्र पर हमले किए, जिसमें 3 लोगों की मौत और 3 घायल हुए। यूक्रेन ने रूस पर 2,900 से ज्यादा बार युद्धविराम तोड़ने का आरोप लगाया, जबकि रूस ने भी यूक्रेन पर 4,900 बार युद्धविराम के उल्लंघन का आरोप लगाया। तीस घंटे के ईस्टर संघर्षविराम के दौरान रूसी हमलों में यूक्रेन के दक्षिणी खेरसान क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हुई। खेरसान के गवर्नर ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूस के राष्ट्रपति ने व्लादिमीर पुतिन साप्ताहांत पर युद्धविराम की घोषणा की थी। गवर्नर ओलेक्जेंटर प्रोकुडि ने टेलीग्राम पर बताया कि कि पिछले चौबीस घंटे में तीन लोग हताहत हुए हैं। साथ ही तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार सुबह एक टेलीग्राम संदेश में बताया कि रूस ने संघर्षविराम का 2,900 से ज्यादा बार उल्लंघन किया है। उन्होंने बताया कि रूसी सेनाओं ने अग्रिम मोर्चे पर 96 बार हमला किया, यूक्रेनी ठिकानों पर 1,800 से अधिक बार गोलीबारी की और सैकड़ों ड्रोन का इस्तेमाल किया।

जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन की कार्रवाई आईने जैसी होगी। हम चुप्पी का जवाब चुप्पी से देंगे और अपनी सुरक्षा के लिए रूस के हमलों का जवाब देंगे। काम शब्दों से ज्यादा बोलता है। पुतिन ने शनिवार को घोणषा की थी कि वह मानवीय कारणों से ईस्टर के मौके पर युद्धविराम की घोषणा कर रहा है। वहीं, यूक्रेन ने कहा था कि अगर वास्तव में संघर्षविराम लागू हुआ है, तो वह उसका पान करेगा। हालांकि, यूक्रेन ने युद्धविराम को लेकर रूस की मंशा पर सवाल उठाए थे। दोनों पक्षों ने थोड़ी ही देर में एक-दूसरे पर संघर्षविराम को तोड़ने के आरोप लगाए। यह संघर्षविराम ईस्टर संडे की मध्यरात्रि (स्थानीय समायानुसार रात नौ बजे) पर समाप्त हो गया। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया, रविवार रात से सोमवार तक रूसी सेनाओं ने खेरसान और मायकोलाइव क्षेत्रों पर तीन मिसाइलें दागीं और यूक्रेन के अन्य हिस्सों पर 96 'शहीद' ड्रोन छोड़े। उसने कहा कि 42 ड्रोन मार गिराए गए, जबकि 47 ड्रोन उड़ान के दौरान ही गिरा दिए गए। गवर्नर सर्ही लाइसाक ने बताया, निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों से एक इमारत और एक खाद्य उद्योग प्रतिष्ठान में आग लग गई। उन्होंने कहा कि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ। वहीं, गवर्नर इहोर तबुरेत्स ने बताया कि चेरकासी क्षेत्र में एक ढांचे पर हमला हुआ।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रूसी सेना ने संघर्षविराम का पूरी तरह पालन किया और वह पहले से कब्ज़ा की गई जगहों पर ही बनी रही। मंत्रालय ने यूक्रेन पर 4,900 बार संघर्षविराम तोड़ने का आरोप लगाया। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान 6 हमले, 1404 बार तोपों और रॉकेट लॉन्चर से गोलाबारी और 3,316 ड्रोन हमले किए गए। इसने आगे कहा कि संघर्षविराम समाप्त होने के बाद रूस की सेना ने 'विशेष सैन्य अभियान' फिर से शुरू कर दिया है।

# रणनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करें दोनों देश, इस्राइली राष्ट्रपति ने भारत के नए राजदूत का किया स्वागत

**यरूशलम।** इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने भारत से रणनीतिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करने का आग्रह किया और आईएमईसी परियोजना को दुनिया का भविष्य बताया। भारत के नए राजदूत जेपी सिंह से मुलाकात के दौरान उन्होंने भारत-इस्राइल संबंधों को और ऊंचाई तक ले जाने की बात कही। दोनों देशों ने शांति, सुरक्षा और आपसी सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सोमवार को भारत से आग्रह किया कि दोनों देश रणनीतिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करें, ताकि आपसी संबंधों को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की ओर ध्यान दिलाया और इसे दुनिया का भविष्य बताया। हर्जोग ने ये बातें तब कहीं, जब भारत के नए राजदूत जेपी सिंह ने इस्राइल में उनके आधिकारिक निवास पर अपना परिचय पत्र सौंपा। राष्ट्रपति हर्जोग ने कहा, हम भारत और उसके नेतृत्व का सम्मान करते हैं। इस्राइली लोग आपके देश को बहुत पसंद करते हैं। मैं बेसब्री से भारत आने और भारत के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का इस्राइल में स्वागत करने का इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने भारत के नए राजदूत का स्वागत करते हुए कहा, आपके कार्यकाल के लिए मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं। हमारे संबंध और ऊंचाई को छुएंगे।

**मजबूत**

**इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सोमवार को भारत से आग्रह किया कि दोनों देश रणनीतिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करें, ताकि आपसी संबंधों को और मजबूत किया जा सके।**



हर्जोग ने कहा कि भारत और इस्राइल को एक साथ आकर रणनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करना चाहिए,जैसे बंधकों को वापस लाना, ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना, शांति और समावेश की दिशा में बढ़ना, देशों को जोड़ने वाला संपर्क और दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करना। उन्होंने कहा, आईएमईसी पूरी दुनिया का भविष्य है। ये सिर्फ हमारे क्षेत्र का नहीं बल्कि यूरोप, अमेरिका, पूर्वी एशिया, और ऑस्ट्रेलिया तक का भू-रणनीतिक परिदृश्य बदल देगा। इस्राइल और भारत के बीच संपर्क से पूरी दुनिया की दिशा बदल सकती है। आईएमईसी की घोषणा 2023 में नई दिल्ली में त20 शिखर सम्मेलन में हुई थी। इसका मकसद भारत से लेकर यूरोप तक एक मजबूत ढांचागत गलियारा बनाना है, जो पश्चिम एशिया से होकर यूरोप से जुड़ता है।

## ट्रंप ने चली नई चाल, जारी की गैर टैरिफ धोखाधड़ी सूची, दुनियाभर के देशों को दी चेतावनी



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ने एग्रीकल्चर स्टैंडर्ड के बचाव को भी गलत बताया और यूरोप द्वारा जेनेटिकल इंजीनियर मक्का को प्रतिबंधित करने पर तीखा निशाना साधा। साथ ही ट्रंप ने प्रोटेक्टिव टेक्निकल स्टैंडर्ड को भी गलत बताया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को नया बम फोड़ दिया। दरअसल उन्होंने एक आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची जारी की है। इस सूची में ट्रंप ने दुनियाभर के देशों को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने कोई गैर टैरिफ धोखाधड़ी लागू की तो उनके अमेरिका के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। ट्रंप की ताजा धमकी से कई देशों की परेशानी बढ़ सकती है और व्यापार युद्ध का जो खतरा दुनिया पर मंडरा रहा है, उसकी आशंका और मजबूत हो गई है।

ट्रंप की आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची में मुद्रा अवमूल्यन शामिल है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि कुछ देश जानबूझकर अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करते हैं ताकि उनके निर्यात अमेरिका में प्रतिस्पर्धी बने रहें और अमेरिका के उत्पाद उनके बाजार में महंगे हो जाएं। अन्य गैर टैरिफ धोखाधड़ी में ट्रंप ने वैट का जिक्र किया है और कहा कि किस तरह से कुछ देश आयात पर वैट लगाते हैं और निर्यात पर उसे वापस कर देते हैं। ट्रंप ने कम कीमत पर दूसरे देशों में सामान डंप करने की भी आलोचना की। साथ ही निर्यात पर सरकारों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और अन्य सरकारी सब्सिडी को भी गलत बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एग्रीकल्चर स्टैंडर्ड के बचाव को भी गलत बताया और यूरोप द्वारा जेनेटिकल इंजीनियर मक्का को प्रतिबंधित करने पर तीखा निशाना साधा। साथ ही ट्रंप ने प्रोटेक्टिव टेक्निकल स्टैंडर्ड को भी गलत बताया। जापान का उदाहरण देते हुए ट्रंप ने कहा कि वहां बॉलिंग बॉल टेस्ट होता है, जिसमें कारों पर भारी भरकम बॉल डालकर उनकी गुणवत्ता जांची जाती है। साथ ही ट्रंप ने पाइरेसी और टैरिफ से बचने के लिए ट्रांसशिपिंग से भी नाराजगी जताई। ट्रंप ने गैर टैरिफ धोखाधड़ी को लेकर ये चेतावनी ऐसे समय जारी की है, जब वे पहले ही कई देशों पर टैरिफ लगाने का एलान कर चुके हैं। हालांकि चीन को छोड़कर ट्रंप ने फिलहाल बाकी देशों को 90 दिनों के लिए टैरिफ से राहत दी हुई है। चीन द्वारा अमेरिका पर जवाबी कार्रवाई करते हुए टैरिफ लगाया गया तो ट्रंप और भड़क गए और उन्होंने चीन पर 145 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया है।

# कौन होगा पोप फ्रांसिस का उत्तराधिकारी? रेस में दुनियाभर के कई आर्चबिशप शामिल

**रोम।** रोम कैथोलिक चर्च की तरफ से अपने सर्वोच्च पादरी पोप को चुने जाने की प्रक्रिया बीते करीब 800 वर्षों से नहीं बदली है। इस सिस्टम को पैपल कॉन्क्लेव भी कहा जाता है। अगला पोप चुनने के लिए इस सिस्टम का ही इस्तेमाल किया जाएगा।

पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे, जिन्होंने अपने करिश्माई व्यक्तित्व, विनम्र स्वभाव तथा गरीबों के प्रति चिंता के साथ पूरी दुनिया में लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। फ्रांसिस फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे। युवावस्था में उनके एक फेफड़े का हिस्सा निकाल दिया गया था। उनके निधन के बाद कैथोलिक धर्म के शीर्ष धार्मिक नेता का पद खाली हो गया है। इस पर अब उनके उत्तराधिकारी की खोज शुरू हो गई है। कैथोलिक चर्च की तरफ से अपने सर्वोच्च पादरी पोप को चुने जाने की प्रक्रिया बीते करीब 800 वर्षों से नहीं बदली है। इस सिस्टम को %पैपल कॉन्क्लेव% भी कहा जाता है। अगला पोप चुनने के लिए इस सिस्टम का ही इस्तेमाल किया जाएगा। कैथोलिक ईसाइयों का सर्वोच्च नेता चुनने की प्रक्रिया को वोटिंग के जरिए अंजाम दिया जाता है। किसी पोप का चुनाव तभी होता है, जब उन्हें दो-तिहाई कार्डिनल्स के वोट हासिल हो जाएं। फ्रांसिस के निधन के बाद अगले पोप के चुनाव के लिए कई नाम सामने आए हैं।

जीन-मार्क एवलिन को स्थानीय चर्च में जॉन ङ्गङ्गढ्ढङ्क के नाम से जाना जाता है। उनके पास धर्मशास्त्र में डॉक्टरेट और दर्शनशास्त्र में डिग्री है। उनका जन्म अल्जीरिया में स्पेनिश प्रवासियों के परिवार में हुआ था। एवलिन अपने मिलनसार, सहज स्वभाव और फ्रांसिस के साथ अपनी वैचारिक निकटता विशेष रूप से आप्रवासन और मुस्लिम दुनिया के साथ संबंधों के लिए जाने जाते हैं।

कार्डिनल पीटर एर्दो पोप फ्रांसिस के एकदम विपरीत हैं। जहां फ्रांसिस आप्रवासन, समलैंगिकता और मुस्लिम दुनिया के साथ संबंधों को लेकर उदारवादी रुख रखते हैं। वहीं इसके विपरीत एर्दो रूढ़िवादी खेमे से आते हैं। 2015 के प्रवासी संकट के दौरान वेटिकन में उन्होंने चर्चों से शरणार्थियों को लेने के पोप फ्रांसिस के आह्वान का विरोध किया था और कहा था कि यह मानव तस्करी के बराबर है। कार्डिनल मारियो ग्रेक गोजो से आते हैं, जो माल्टा का एक छोटा सा द्वीप है और यूरोपीय संघ का सबसे छोटा देश भी है। पोप फ्रांसिस ने उन्हें सिनोड ऑफ बिशप्स का सेक्रेटरी जनरल नियुक्त किया था। जो वेटिकन में एक अत्यंत प्रभावशाली पद है। शुरुआत में उन्हें एक रूढ़िवादी के रूप में देखा जाता था, लेकिन बाद में वह पोप फ्रांसिस के सुधारों के समर्थक बन गए। कार्डिनल जुआन जोसे ओमेला बार्सिलोना के आर्चबिशप हैं और स्पेनिश हैं। ओमेला को पोप फ्रांसिस के खेमे का माना जाता है। अपने सहज, सौम्य स्वभाव और विनम्र जीवन जीने के लिए जानेवाले ओमेला का जन्म 1946 में स्पेन के उत्तर-पूर्वी गांव क्रेटास में हुआ था। 1970 में वे पादरी बने। 1999 से 2015 तक उन्होंने स्पेन की एक संस्था के साथ काम किया, जो विकासशील देशों में भुखमरी, बीमारी और गरीबी से लड़ने का कार्य करती है। वे 1996 में बिशप बने और 2015 में उन्हें बार्सिलोना का आर्चबिशप बनाया गया। ठीक एक वर्ष बाद पोप फ्रांसिस ने उन्हें कार्डिनल की लाल टोपी पहनाई । 2023 में पोप फ्रांसिस ने उन्हें अपने नौ सदस्यीय सलाहकार मंडल किचन कैबिनेट में शामिल किया, जो शासन से जुड़े मुद्दों पर उन्हें परामर्श देता है।



कार्डिनल पिएत्रो पैरोलीन वेटिकन के वरिष्ठ राजनयिक माने जाते हैं। वे वर्तमान में पोप फ्रांसिस के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट हैं।

# ईसीसी कॉलेज में छात्रों का जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

- एनसीसी छात्र अमन की मौत से हैं आक्रोशित
- प्रिंसिपल, प्रबंधक और ऑफिस रूम को किया अंदर से बंद



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज (ईसीसी) में एनसीसी छात्र अमन यादव की मौत के बाद सोमवार को कॉलेज परिसर में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने असिस्टेंट नेवी ऑफिसर अजीन रे को पद से हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल, प्रबंधक और ऑफिस रूम को अंदर से बंद कर दिया गया जिससे छात्र अंदर प्रवेश न कर सकें। छात्र अमन यादव की मौत के मामले में आंदोलन कर रहे हैं। छात्रों ने कहा कि कौन सी ऐसी अथॉरिटी प्रशासन के पास है जो कमेटी बनाकर जांच कर रही है। यह काम पुलिस विभाग का है न कि कॉलेज प्रशासन का। उधर मृत अमन के परिजन थाना मुट्ठीगंज पहुंचे। उनकी कॉलेज जाकर प्रिंसिपल और अन्य प्रोफेसर्स से मिलने की योजना है। कॉलेज प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस कॉलेज प्रशासन के साथ वार्ता कर रही है। एनसीसी छात्र अमन यादव की डूबने से मौत को लेकर छात्रों का आक्रोश अंदर ही अंदर धधक रहा था। सोमवार सुबह बड़ी संख्या में छात्र ईसीसी कॉलेज कैंपस पहुंच गए। छात्रों ने नारेबाजी कर हंगामा शुरू कर दिया। पूरे कालेज कैंपस में घूम घूमकर नारेबाजी करने लगे। छात्रों के हंगामे की वजह से क्लास रूम शुरू नहीं हो सकी। गुस्साए छात्र प्रिंसिपल रूम के बाहर धरने पर बैठ गए। उनकी मांग है कि अस्सिटेंट नेवी अफसर अजीम रे को कॉलेज से हटाया जाए और उनकी गिरफ्तारी की जाए। छात्र अमन यादव के लिए 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ईसीसी के कई छात्र नेता कालेज पहुंच आंदोलन कर रहे छात्रों का समर्थन कर रहे हैं।छात्रों का हंगामा देखते हुए पुलिस ने कॉलेज प्रशासन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों को वहां से सुरक्षित निकालना शुरू कर दिया है। मुट्ठीगंज, कीडगंज, अतरसुइया थाने की फोर्स कालेज कैंपस में मौजूद है। अधिकारी छात्र के परिजनों को सझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, बाँदा में भ्रष्टाचार का अड्डा

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जिले का स्वास्थ्य तंत्र जहाँ आम जनता की सेवा के लिए बना है, वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) कार्यालय में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहराई तक पहुंच गई हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुँच ही नहीं पा रहा है। रूद्राक्ष समाचार समूह की इस विशेष पड़ताल में हमने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जुड़े कई गंभीर मामलों को उजागर किया है:

**1. फर्जी नर्सिंग होम्स और पैथालॉजी सेंटर्स का कारोबार:** बाँदा जिले में बिना लाइसेंस के चल रहे कई नर्सिंग होम्स और पैथालॉजी सेंटर वर्षों से संचालित हो रहे हैं। ष्टरूह्र कार्यालय की मिलीभगत से इन संस्थानों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ जारी है।बबेरू, तिंदवारी नरैनी सहित शहर के कई इलाको मे चल रहे है बिना पंजीयन के क्लीनिक और नर्सिंग होम।

**2. विकलांग प्रमाणपत्र घोटाला:** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कई लोग विकलांग प्रमाणपत्र प्राप्त कर सरकारी लाभ ले रहे हैं। यह प्रमाणपत्र मोटी रकम लेकर कुछ चुनिंदा दलालों एवं विभागीय कर्मचारियो के माध्यम से बनवाए जा रहे हैं।

अभी शिक्षा विभाग का मामला सुर्खियो मे है।

**3. खरीददारी में फर्जी कंपनियों की भूमिका:** सीएमओद कार्यालय द्वारा की जाने वाली खरीददारी में फर्जी कंपनियों को टेंडर दिए जा रहे हैं। चाहे दवाओ की खरीद हो या फिर मेडिकल किटो , या फिर इलेक्ट्रीक उपकरणो , रूई से लेकर कुर्सी मे तक की सभी मे मानको से इतर रहकर की गयी है खरीददारी । विभागीय बाबुओ की साझेदारी से चल रहा है भ्रष्टाचार का खेल । जिस कंम्पनियो से खरीददारी की जा रही है उससे मिलता है बडा कमीशन कई बार इन कंपनियों का कोई अस्तित्व ही नहीं होता, लेकिन कागजों पर बड़ा लेन-देन दिखाया जाता है।

**4. जैम पोर्टल बना सफेद हाथी:** सरकार ने भ्रष्टाचार को दूर करने के लिये एक पारदर्शी पोर्टल बनाया था जिससे सभी प्रकार की खरीद फरोख्त के निर्देश दिये गये थे परंतु सरकारी खरीद के लिए बनाए गए जैम पोर्टल का उपयोग केवल दिखावे के लिए किया जा रहा है। असल में खरीददारी पारंपरिक परंतु भ्रष्ट तरीकों से हो रही है।

**5. ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल:** सीएमओ कार्यालय में ट्रांसफर और पोस्टिंग केवल पैसे के दम पर हो रही है। जो ज्यादा पैसा देता है, उसे मनचाही जगह मिलती है, ऐसा आरोप विभागीय कर्मचारियों द्वारा अक्सर लगाया जाता है।

**6. सरकारी मद का दुरुपयोग:** सरकारी योजनाओं और बजट की धनराशि का प्रयोग निजी हित में किया जा रहा है। दवाइयों की खरीद, चिकित्सा उपकरणों और कैंपों की आड़ में बड़ा घोटाला हो रहा है। प्रशिक्षण देने के नाम पर चलाये जा रहे कार्यक्रमो मे चाय नाश्ते से लेकर पैन पैड फोल्डर देने और प्रचार प्रसार पर भी भारी भरकम धनराशी खर्च करने का दावा होता है ।

**7. एनएचएम में भी भ्रष्टाचार की साजिशें:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह्वारू) के तहत चलने वाली योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। फर्जी नियुक्तियां, फर्जी उपस्थिति और कागजी खर्च के जरिए सरकारी पैसा हड़पा जा रहा है।

**8. सीएमओ कार्यालय के बाबुओं की आर्थिक जाँच की ज़रूरत:** बाबुओं की संपत्ति उनकी आमदनी से कहीं अधिक है। इनकी जांच होने पर करोड़ों के घोटाले सामने आ सकते हैं। कई बार ऐसा देखा गया है कि बाबू ही अपने निजी हितो को सिद्ध करने के लिये फर्जी पंजीयन प्रमाणपत्र , और लेटर बनाकर मोटी रकम ऐंठ लेते है क्योकि प्रमाणपत्रो का वेरीफिकेशन भी तो उन्हे ही करना है ।

**निष्कर्ष:** बाँदा का मुख्य चिकित्सा कार्यालय एक ऐसे दलदल में फंसा है जहाँ से बाहर निकालने के लिए उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। यदि समय रहते इन भ्रष्टाचारियों पर लगाम नहीं लगी, तो जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है।

# रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने ज़रूरतमंदों को दी आजीविका हेतु सहायता




- रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने जिला गवर्नर की औपचारिक यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रोटरी क्लब इलाहाबाद मिडटाउन द्वारा जिले के गवर्नर की आधिकारिक यात्रा के अवसर पर ज़रूरतमंद व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्लब ने चार ठेले और चार सिलाई मशीनें दान कीं ताकि लाभार्थी अपनी आजीविका कमा सकें।

यह कार्यक्रम रोटरी के सेवा मिशन का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग को आत्मनिर्भर बनाना है। ज़िला गवर्नर की मौजूदगी में आयोजित इस समारोह में क्लब के आधिकारिक सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर ज़िला गवर्नर ने क्लब की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की सेवाएं समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन राधा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और वर्ष भर में क्लब द्वारा किए गए सेवा प्रकल्पों एवं गतिविधियों की एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की संयोजिका रोटेरियन सीए मधु अग्रवाल रहीधे इस अवसर पर एजी पूनम राय और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर परितोष बजाज ने क्लब की सेवाओं की सराहना की क्लब के सचिव नीरुज ने आने वाले सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में रोटेरियन सीए विनायक टंडन द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य सदस्यों में मनु सक्सेना, हरप्रीत सिंह भाटिया, अमृता अग्रवाल, नीरज भार्गव, नीरज मेहरोत्रा, शेफाली, डॉ. अर्पित बंसल, अंकित जैन एवं नीरज अग्रवाल शामिल थे।

## नेताजी और खेलगांव को मिली जीत

**प्रयागराज।** नेता जी सुभाषचंद्र बोस क्लब ए और खेलगांव पब्लिक स्कूल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गये मैच में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 25 ओवर में 133 रन (विकल्प यादव 46, नितिन पटेल 4/14, सुहैब खान 2/10, सागर यादव 2/15) बनाये। जवाब में नेता जी सुभाषचंद्र बोस क्लब ए ने 17.5 ओवर में चार विकेट पर 134 रन (सुहैब खान 74, शिवम केसरवानी 2/12, आर्यन प्रजापति 2/57) पर समेटा। मैच में राहुल सिंह व मोहम्मद आरिफ अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे। खेलगांव पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर 40 ओवर में 5 विकेट पर 249 रन (ऋषभ सोनकर 61, जयेश केसरवानी 51 नाबाद, अरमान यादव 49, इशान 34 नाबाद, पीयूष मिश्र 2/32, निकेश कुमार 2/48) बनाकर सेंट जांस क्लब को 38.3 ओवर में 220 रन (अमित कुमार पटेल 73 नाबाद, शिवम यादव 49, निकेश कुमार 35, पीयूष मिश्र 20, विराट गुप्ता 3/44) पर समेट दिया।

# 70 प्लस वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाए जाएं : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 प्लस सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा मेगा कैंप लगाकर कार्ड बनाये जाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि वरिष्ठजनो के कार्ड सभी पंचायत भवन, जिला पुरुष चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो पर, सभी जन सेवा केंद्रो पर, समस्त आशा के माध्यम से, समस्त सूचिबद्ध निजी चिकित्सालयों पर बनाये जा सकते हैं। 70 प्लस वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड के जन्म तिथि के आधार पर बनाये जाने हैं इसमें किसी भी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं हैं। वरिष्ठजन आयुष्मान कार्ड बनावाकर 5 लाख तक निःशुल्क ईलाज किसी भी सूचिबद्ध निजी चिकित्सालयों में व किसी भी राजकीय चिकित्सालयों में करवा सकते हैं। जनपद जौनपुर में कुल 35 निजी चिकित्सालय सूचिबद्ध हैं जहां पर लाभार्थियों का ईलाज करवाया जा सकता हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देशानुसार 22 अप्रैल 2025 से 24 अप्रैल 2025 तक सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त समस्त सेवकों एंव उनके आश्रितों का विकास भवन के द्वितीय तल पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा जिसमें समस्त सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों व उनके आश्रितों का कार्ड बनाया जाना हैं। समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों से निवेदन हैं कि आप सभी अपना पं0 दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस कार्ड बनाने हेतु पेंशन से सम्बन्धित दस्तावेज, आधार कार्ड, फोटो लेकर कैंप में आये व केंप का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का कष्ट करें। जनपद में अबतक कुल 1229704 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं और 97950 लाभार्थियों के ईलाज हो चुके हैं जिनपर लगभग 160 करोड़ खर्च हुये हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## खामियां मिलने पर दिया कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने यूनियन बैंक की सिविल लाइन्स शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के लंबित आवेदनों के ससमय निस्तारण नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई साथ ही शाखा का ऋण जमा अनुपात भी कम होने पर शाखा प्रबंधक चन्दन कुमार पर बैंक मैनेजमेंट द्वारा कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया। स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पहुँच कर क्षेत्र प्रमुख अनिल कुमार को सभी आवेदनों को अविलम्ब निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्टेट बैंक में सर्वाधिक आवेदन लंबित रहने पर कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबंधक अभय श्रीवास्तव को सभी बैंकों की जनपद में लंबित सीएम युवा उद्यमी योजना के आवेदनों का शीघ्र निस्तारण, स्वीकृत ऋण पत्रावलियों के शीघ्र वितरण हेतु स्पष्ट निर्देश दिया।

## 25 हजार के ईनामी बदमाश के घर नोटिस चस्पा

**जौनपुर।** थानाध्यक्ष बक्शा लक्ष्मण विक्रम सिंह ने न्यायालय के आदेश पर 25 हजार रुपये के ईनामी अपराधी के घर पहुंचकर नोटिस चस्पा करते हुए डुगडुगी पिटवाया। सोमवार को थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी धर्मेन्द्र यादव पुत्र जंग बहादुर निवासी अभयचन्दपट्टी के खिलाफ थाने पर धारा 64, 351(2) में अभियोग दर्ज है। फरार वांछित आरोपी एवं 25 हजार के ईनामी के घर न्यायालय के आदेश के तहत तामिला पश्चात नोटिस चस्पा करके डुगडुगी पिटवाते हुये मुनादी करवायी।

## निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी करें 07 मई तक आवेदन

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत के0पी0 इण्टरमीडिएट कालेज, निकट मेडिकल चौराहा, प्रयागराज में संचालित यूपीएससी, यूपी पीएससी, जे0ई0ई0, नीट, एसएससी, यूपीएसएसएससी की निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, प्रयागराज में 07 मई तक पूर्वान्ह 10.00 से अपरान्ह 04.00 बजे तक प्राप्त कर शैक्षिक एवं अन्य वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ जमा कर सकते हैं। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी-डा0 प्रज्ञा पाण्डेय ने दी है।

## आम आदमी पार्टी का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जाति-विरोधी समाज सुधारक, लेखक, महिलाओं और वंचितों की शिक्षा के लिए स्कूल खोलने वाले और लैंगिक असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले महात्मा ज्योतिराव गोविन्दराव फुले और माता सावित्री बाई फुले के जीवन पर बनी फिल्म ÷फुले÷ 11 अप्रैल को रिलीज होनी थी। लेकिन सत्ता में बैठी सामंतवादी सोच वाली पिछड़ा और दलित विरोधी मोदी सरकार के सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म पर रोक लगवा दी। फिल्म पर रोक लगाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आप का विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम सिविल लाइन धरना स्थल में किया गया। जिसमें काफी संख्या में कार्यकर्ता पहुचे।

# विश्व रचनात्मक और नवाचार दिवस 2025 पर कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** स्वयंसेवी संगठन ग्राम्यजन सेवा ट्रस्ट द्वारा एक विचार संगोष्ठी का आयोजन सावित्रीबाई फुले राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज आजमगढ़ में किया गया। जिसमें पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण से किया गया इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा स्वयं तैयार किया गया। परियोजना प्रोजेक्ट एवं विचार प्रस्तुत किया गया जिसकी सराहना की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लाल बहादुर चौरसिया लाल जी ने बताया कि हम सूक्ष्म जगत की अनुभूतियों में वैचारिक नवाचार द्वारा स्थूल जगत के लिए एक आविष्कार को जन्म दे सकते हैं लाल की रचनाओं को विभिन्न बोर्ड में पढ़ाया जाना इसका प्रमाण है कार्यक्रम के विशिष्ट अतीत श्री श्रवण कुमार यादव जी ने बताया कि हमारे आधुनिक जीवन शैली में योग किस प्रकार रचनात्मक और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है और नशा इस पर कितना नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। कार्यक्रम के संयोजक श्री कुलभूषण सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का प्रभाव सकारात्मक होगा और व्यापक संदेश जाएगा आज हम सभी को संवेदनशील होकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु संकल्पित होना होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन प्रबंधक दृष्टि श्री देवी प्रसाद पांडे ने किया।

# मण्डलायुक्त ने किया गेहूँ क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

- संजरपुर में कम खरीद पर व्यक्त की नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपदों में चल रही गेहूँ खरीद की स्थिति जायजा लेने हेतु सोमवार को जनपद आजमगढ़ के पवई लाडपुर-सरायमीर एवं संजरपुर स्थित गेहूँ क्रय केन्द्रों का अकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनो गेहूँ क्रय केन्द्र क्रियाशील पाये गये। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों से अब तक की गई खरीद की जानकारी प्राप्त की, जिसमें पाया गया कि गेहूँ क्रय केन्द्र बी पैक्स संजरपुर में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम खरीद की जा रही है। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ तथा जिला प्रबन्धक, पीसीएफ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। मण्डलायुक्त विवेक के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी पवई लाडपुर द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर अब तक 52 कृषकों से 205.45 एमटी गेहूँ खरीद की गयी है, जिसके सापेक्ष 184 एमटी गेहूँ का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम डिपो में किया जा चुका है। उक्त क्रय केन्द्र पर कृषक रामकिशोर यादव, ग्राम-फत्तनपुर के गेहूँ की तौल होते हुए पाया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित कृषकों से सीधे वार्ता की गयी, जिसमें कृषकों द्वारा बताया गया कि उन्हें केन्द्र पर गेहूँ विक्रय किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इसी प्रकार बी पैक्स संजरपुर के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर 14 कृषकों से 79.30 एमटी गेहूँ खरीद की गयी है। मण्डलायुक्त ने इसे लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम पाते हुए सख्त नाराजगी व्यक्त किया तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ तथा जिला प्रबन्धक, पीसीएफ व अन्य के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्हों केन्द्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। संजरपुर क्रय केन्द्र पर ग्राम मैनपारपुर, रानी की सराय निवासी कृषक मणिराम यादव के गेहूँ की तौल की जा रही थी।

मण्डलायुक्त ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गांवों में जाकर कृषकों से सम्पर्क कर उनकी सुविधा को ध्यान रखते हुए नियमानुसार मोबाईल केन्द्र के माध्यम से भी गेहूँ खरीद में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कृषकों को निर्धारित समयावधि में उनकी उपज का भुगतान किया जाये तथा किसानों के समक्ष किसी समस्या नहीं आनी चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने केन्द्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान आदि की व्यवस्था के साथ ही समय से क्रय केन्द्रों का खुलना, मौके पर कर्मचारियों की उपस्थिति आदि सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि केन्द्रों पर गेहूँ को सुरक्षित रखा जाय तथा समय से पीसीएफ को भेजा जाय। निरीक्षण के समय अपर आयुक्त-प्रशासन शमशाद हुसैन, संभागीय खाद्य नियन्त्रक राजीव मिश्रा, डिप्टी आरएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सपा में दूसरे आजम खां बन गये हैं राम जी लाल सुमनः संजय

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** यूपी के दलितों को लेकर सियासत जारी है। समाजवादी पार्टी की तरफ से इसकी अगुवाई कर रहे पार्टी के राज्य सभा सांसद राम जी लाल सुमन पर योगी सरकार के मंत्री डॉ संजय निषाद ने निशाना साधते हुए उन्हें समाजवादी पार्टी का दूसरा आजम खान करार दिया है। प्रयागराज में मीडिया से बात करते हुए संजय निषाद अखिलेश यादव को आड़े हाथों लेते हुए यह बयान दिया है। यूपी में दलितों के वोट बैंक में सेंध लगाने की सियासत जाती है समाजवादी पार्टी में इसकी अगुवाई कर रहे सांसद राम जी लाल सुमन इस समय खुलकर बैटिंग कर रहे हैं। रफ्तार की फिराक में राम जी लाल सुमन ने रेप के एक मामले यह बयान देकर नया विवाद खड़ा कर दिया है कि छोटी मोटी बाते होती रहती हैं। भाजपा सुमन के बयान पर हमलवार है। योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने इस पर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि अखिलेश यादव ने अमर सिंह के खिलाफ जिस तरफ आजम खान का इस्तेमाल किया उसी तरह राम जी लाल सुमन का कर रहे हैं। सुमन सपा के दूसरे आजम खान बन रहे हैं। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने राणा सांगा विवाद पर भी भाजपा के पक्ष में बयान देते हुए कहा है कि जिन जातियों ने देश को आजाद कराने में कुरबानी दी उसमें राणा सांगा जैसे लोग हैं। उनका अपमान करना अनुचित है। मुर्शिदाबाद की घटना को लेकर अखिलेश यादव द्वारा इसके लिए भाजपा को दोषी करार देने पर संजय निषाद ने कहा है कि जिनका आदर्श औरंगजेब जैसे कट्टर शासक हो उनकी जुबान ऐसी ही होगी। जनता इन्हें सबक सिखाएगी। डॉ संजय निषाद का कहना है कि अनुसूचित जाति से ,36 जातियों को हटाकर पिछली सरकारों ने ओबीसी में डाल दिया उन्हें उनके अधिकार दिलाने के लिए वह संविधान अधिकार यात्रा निकाल रहे है। इसके चौथे चरण में वह यहां से सोनभद्र जा रहे हैं।

# छात्रा अर्चिता सिंह की आवाज को बुलंद करेगा राजपूत सेवा संगठन : सत्या

अवधनामा संवाददाता



- प्रवेश परीक्षाओं में अन्याय, धांधली और राजनैतिक व जातिगत भेदभाव का मढ़ा आरोप, प्रदर्शन

**आजमगढ़।** कलेक्ट्रेट के आस-पास छात्रा अंकिता को न्याय दो न्याय दो की आवाज से गूंज उठा। मामला बीएचयू पीएचडीं प्रवेश परीक्षा में छात्रा अंकिता सिंह को न्याय दिलाने का था। इसी को लेकर मुखर दिखी राजपूत सेवा संगठन आजमगढ़ ने प्रधानमंत्री को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। संगठन ने बीएचयू की व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए हिंदी विभाग के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश में अन्याय, धांधली और राजनैतिक व जातिगत भेद-भाव का आरोप मढ़ते हुए मामले में पीएम से हस्तक्षेप की बात कहीं। राजपूत सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष सत्या सिंह परिहार ने बताया कि बीएचयू हिंदी विभाग में पीएचडी के पाठ्यक्रम में सत्र 2025 में प्रवेश को लेकर देश की एक होनहार बेटी अर्चिता सिंह विवि प्रशासन के विरुद्ध चार दिनों से धरनारत है। अंकिता ने ईडब्लूएस कोटे के अंतर्गत हिंदी विभाग के पीएचडी पाठ्यक्रम में आवेदन किया था और काउंसलिंग व मेरिट आदि की प्रक्रिया के बाद वह चयनित हो गई थी। अंतिम प्रवेश के लिए जब अर्चिता से ईडब्लूएस प्रमाण-पत्र मांगा गया, उसके पास नवीनीकृत रूप नही था, ब तय मोहलत में नवनीतम ईडब्लूएस प्रमाणपत्र जमा करने पहुंचती है तो देखती है कि उसका प्रवेश रद्द करके किसी अन्य छात्र भाष्कर त्रिपाठी को प्रवेश दे दिया गया है। श्री सिंह आरोप लगाया कि अर्चिता के स्थान पर चयनित हुए छात्र का आरएसएस-बीजेपी की छात्र ईकाई एबीवीपी से रिश्ते हैं। पूरा प्रकरण राजनैतिक हस्तक्षेप के कारण योग्य और गंभीर अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन है। सत्या सिंह ने कहाकि अर्चिता सिंह के साथ पूरी राजपूत सेवा संगठन खड़ी है और वह जरूरत पड़ी तो वाराणसी पहुंचकर समर्थन देगी और प्रवेश मिलने तक व्यापक जमीनी संघर्ष करने को बाध्य होगी। डा रामजीत सिंह ने कहाकि आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ जैसे शब्द केवल स्लोगन बने हुए है इनकी रक्षा करने की जब बारी आती है तो माननीय से लगायत सभी जिम्मेदार मौन साध कर व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाया जा रहा है।

# शव को सड़क पर रखकर किन्नरों ने किया चक्का जाम



अवधनामा संवाददाता

- गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप मुकदमा दर्ज

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सोमवार की सुबह दुर्घटना में हुई किन्नर के शव को थाने के सामने सड़क पर रखकर किन्नरों ने चक्का जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किन्नरों का उग्र रूप देखकर पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। शनिवार की शाम को थाना क्षेत्र के सरायरूस्तम गांव निवासी अंजली किन्नर (30) आर्टिका गाड़ी से ड्राइवर कोदहूं निवासी अंबुज मौर्या के साथ प्रयागराज गई थी रविवार की सुबह लौटते समय पांडेयपुर गांव के पास आर्टिका गाड़ी खाई में चली गई।हादसे में किन्नर अंजली की मौत हो गई जबकि ड्राइवर अंबुज को गम्भीर हालत में वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मौत को लेकर रविवार की शाम हत्या करने का मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु किन्नरों ने मुंगराबादशाहपुर थाना मे जमकर हंगामा किया था। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद अंजली का शव घर पहुंचते ही किन्नरों में आक्रोश फैल गया और शव को लेकर थाने पहुंच गए और शव को सड़क पर रखकर किन्नरों ने चक्का जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। किन्नरों के आक्रोश को देखकर पुलिस के पसीने छूट गए। किन्नरों के चक्का जाम के कारण के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। किन्नरों को समझाने के लिए पुलिस प्रशासन को पसीने बहाने पड़े। किन्नरों की बढ़ती संख्या एवं विरोध को देखते हुए पुलिस की सांस अटक गई। किन्नरों का आरोप है कि गाड़ी के ड्राइवर व उसके चार पांच साथियों द्वारा किन्नर अंजली का गैंग रेप किया गया फिर हत्या कर दी गई है।इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर चालक अंबुज मौर्या व उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी ड्राइवर अंबुज मौर्या को वाराणसी के अस्पताल में पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है।

# एक लाख रुपये की दहलीज पर पहुंचा सोना, कमजोर डॉलर व अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध के बीच दमक और बढ़ी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को इसका भाव 20 रुपये घटकर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,600 रुपए उछलकर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह मामूली गिरावट के साथ 97,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इस वर्ष अब तक पीली धातु की कीमतें पिछले वर्ष 31 दिसंबर से 20,850 रुपये या 26.41 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम बढ़ चुकी हैं। चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

कोटक महिंद्रा एएमसी के फंड मैनेजर सतीश डोंडापति ने कहा, इस साल, व्यापार तनाव, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, भू-राजनीतिक



अनिश्चितताओं और कमजोर डॉलर के कारण सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया है। अब तक सोने में 25 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा 2 अप्रैल को टैरिफ की घोषणा के बाद से 6 फीसदी की बढ़ोतरी भी शामिल है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून डिलीवरी वाले सोना वायदा का भाव 1,621 रुपये यानी 1.7 प्रतिशत बढ़कर 96,875 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 3,397.18 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। बाद में इसमें कुछ सुधार आया और यह 3,393.49 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वैश्विक स्तर पर सोने का वायदा भाव पहली बार 3,400 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया और इसमें 80 डॉलर प्रति औंस या 2.4 प्रतिशत की तेजी आई।

जानकारों के अनुसार सोने की कीमतों में सकारात्मक तेजी जारी रही और यह 3,400 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गई। व्यापार शुल्क संबंधी अनिश्चितता, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और ट्रेजरी प्रतिफल में वृद्धि से सोने को उछाल मिल रहा है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी व करेंसी रिसर्च के ईबीजी उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ईटीएफ निवेशकों के बीच खरीदारी गतिविधियां बढ़ी हैं, जबकि भारत में आगामी त्योहारी मांग से अतिरिक्त समर्थन मिलने की उम्मीद है।

कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के तीन साल के निचले स्तर पर पहुंचने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल को हटाने की धमकी के बाद सुरक्षित निवेश के लिए सोने की मांग बढ़ी है। एशियाई बाजार में हाजिर चांदी करीब 1 प्रतिशत बढ़कर 32.85 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# ईडीआईआई ने अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया

**लखनऊ।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने 20 अप्रैल 2025 को अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया। गोवा के माननीय मुख्यमंत्री श्री डॉ. प्रमोद सावंत ने इस अवसर पर वर्चुअली संबोधित किया । इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथि शामिल हुए, जिनमें मुख्य अतिथि डॉ. पिरुज़ खंबाटा, चेयरमैन - रसना ग्रुप एवं माननीय काउंसल जनरल, दक्षिण कोरिया (गुजरात); सम्मानित अतिथि श्री सुनील अंचीपाका, आईएएस, सचिव (उद्योग), गोवा; श्री बी. एस. पाई आंगले, मेनेजिंग डायरेक्टर, ईडीसी लिमिटेड, गोवा; श्री दिनेश सिंह रावत, चीफ जनरल मेनेजर एवं जोनल हेड (अहमदाबाद ज़ोन), आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, अहमदाबाद (एवं गवर्निंग बोर्ड मेम्बर, ईडीआईआई) तथा डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई शामिल रहे ।सरकार, कॉरपोरेट, उद्योग संघों और शैक्षणिक क्षेत्र से भी कई गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल रहे। यह कार्यक्रम का केंद्रबिंदु था कि कैसे उद्यमिता, स्टार्टअप्स और इनोवेशन देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को प्रभावित कर रहे हैं।डॉ. प्रमोद सावंत जी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए गुजरात के अद्वितीय विकास मॉडल की सराहना की और देश व बाहर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ईडीआईआई की भूमिका की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री जी ने ईडीआईआई - गोवा केंद्र द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का भी उल्लेख किया (जिसका उद्घाटन 12 मार्च 2024 को हुआ था)। श्री दिनेश सिंह रावत ने कहा, ईडीआईआई ने उद्यमिता का उपयोग करके सभी वर्गों के लोगों के उत्थान और उन्नत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर डॉ. पिरुज़ खंबाटा ने कहा, ÷उद्यमिता ने लंबा सफर तय किया है; इसे सामाजिक-आर्थिक विकास के एक शक्तिशाली साधन के रूप में सराहा जा रहा है। 'मैं ईडीआईआई को बहुत बधाई देता हूँ, जिसने विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों के लोगों को उद्यमी बनने के



लिए प्रशिक्षित और प्रेरित किया।÷गोवा में उद्यमिता और ईडीआईआई-गोवा केंद्र के योगदान पर बात करते हुए श्री सुनील अंचीपाका, आईएएस, सचिव (उद्योग), गोवा ने कहा, गोवा अपनी अनोखी संस्कृति, रचनात्मकता और वाणिज्यिक दृष्टिकोण के साथ तेजी से सबसे प्रगतिशील राज्यों में से एक के रूप में उभर रहा है। अपने संबोधन में डॉ. सुनील शुक्ला ने ईडीआईआई की स्थापना को रेखांकित किया और उद्यमिता की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ईडीआईआई के 43 वर्षों की उद्यमशीलता भावना को बढ़ावा देने के इस सफर में हमें यह देखकर खुशी होती है कि लोगो की सोच में कैसे बदलाव आया है अब यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाने लगा है कि उद्यमी केवल जन्म से नहीं होते, बल्कि उन्हें योग्य प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से तैयार भी किया जा सकता है।

## शेयर बाजार में सोमवार को मजबूत उछाल

### सेंसेक्स 855 अंक चढ़ा, निफ्टी 24100 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ पर 90 दिन की पाबंदी के बाद बाजार का संभलना सोमवार को भी जारी रहा। वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों के बाद बैंकिंग शेयरों में अच्छी तेजी दिखी। बैंकिंग शेयरों तेजी से निफ्टी बैंक अपने नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजों और विदेशी पूंजी प्रवाह लौटने से बैंकिंग और आईटी शेयरों में भारी खरीदारी दिखी। इससे बेंचमार्क सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ 855 अंक उछलकर 79,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। रुपया डॉलर के मुकाबले 25 पैसे की बढ़त के साथ 85.13 के स्तर पर बंद हुआ।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक या 1.09 प्रतिशत चढ़कर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। इसके 23 शेयर हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के दौरान यह 1,081.85 अंक या 1.37 प्रतिशत चढ़कर 79,635.05 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 273.90 अंक या 1.15 प्रतिशत चढ़कर 24,125.55 पर बंद हुआ। इसमें 39 शेयरों में तेजी और 11 में गिरावट रही। पांच दिन की तेजी के दौरान सेंसेक्स में 5,561.35 अंक या 7 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई तथा निफ्टी में 1,726.40 अंकों की तेजी आई। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 2 अप्रैल को लगाए गए पारस्परिक शुल्कों से हुए नुकसान की भरपाई हो गई। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा व महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रहे। अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और नेस्ले पिछड़ने वालों में शामिल थे।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत रायचूर में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाया

**बैंगलोर।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र सामुदायिक विकास के लिये अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने कर्नाटक के रायचूर जिले में समुदायों को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के भाग के रूप में, टीकेएम ने नीति आयोग द्वारा पहचाने गए एक आकांक्षी जिले रायचूर में लगातार विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए महत्वपूर्ण शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे का समर्थन किया है।

रायचूर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में कमी की समस्या बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण सीमित बुनियादी ढाँचा है। इस कमी को पूर्ण करने के लिए, टीकेएम ने बुनियादी सामाजिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लक्षित पहल की है। इसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में सीखने के माहौल को मज़बूत करना



और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना है - ताकि समावेशी और दीर्घकालिक प्रभाव पैदा हो। शिक्षा क्षेत्र में, टीकेएम ने जिले भर के स्कूलों को कक्षा के फर्नीचर, वाटर डिस्पेंसर और रसोई के सामानों के रूप में सहयोग किया है ताकि अधिक अनुकूल और आकर्षक शिक्षण स्थान बनाए जा सकें। इन प्रयासों से इस वर्ष रायचूर में 66,342 छात्रों को सीधे लाभ हुआ है। इससे आज तक विभिन्न परियोजना स्थानों पर 2,63,373 छात्रों का संचयी प्रभाव हुआ है।

स्वास्थ्य सेवा के मोर्चे पर, टीकेएम ने रायचूर में मातृ एवं शिशु केंद्र को महत्वपूर्ण और नैदानिक चिकित्सा उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला से सुसज्जित करके सरकारी अस्पतालों की क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इस हस्तक्षेप से जिले में बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि ये सुविधाएं पूरे समुदाय के लिए सुलभ हों। स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाना और उनका प्रबंधन संभव होगा, जटिल गर्भधारण के जोखिम कम होंगे और हजारों परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल तक पहुंच में सुधार संभव होगा।

चिकित्सा सहायता में आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण जैसे डिफिब्रिलेटर, आईसीयू कॉट्स, सीरिंज पंप, रिससकिटेशन किट्स और सर्जिकल उपकरण सेट शामिल हैं। दिये गए डायग्नोस्टिक उपकरणों में हेमटोलॉजी एनालाइजर, डॉपलर और इको सुविधाओं के साथ यूएसजी स्कैनर, हार्मोन एनालाइजर, ईसीजी मशीन और श्रवण कार्यों की जांच के लिए सिस्टम शामिल हैं। स्ट्रेचर ट्रॉली, ओटी ट्रॉली, आईएलआर, ब्लड बैग सीलर, एएलएस एम्बुलेंस और एक व्हीलचेयर जैसी सुविधाओं के साथ सामान्य चिकित्सा बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया गया है।

## प्रेम त्रिकोण या प्यार का टकराव

### 'मेरे हस्बैंड की बीवी' देखिए जियो हॉटस्टार पर, इसमें अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडणेकर की मुख्य भूमिकाएं हैं

**मुंबई।** एक मंगेतर, एक भूलने की बीमारी वाली एक्स-वाइफ और एक परेशान मर्द जो दो नाराज़ औरतों के बीच फंस जाता है। मेरे हस्बैंड की बीवी एक मजेदार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें एक आदमी की जिंदगी में उलझन, हंसी और ड्रामा सब कुछ है। कहानी में गलत जगह रखी अंगूठियां, भूलने की बीमारी और ढेर सारी गलतफहमियां इस फिल्म को हंसी का रोलर कोस्टर बनाती हैं। वाशु भगनानी और पूजा फिल्म्स ने इसे बनाया है, और मुदस्सर अजीज़ इसके निर्देशक हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडणेकर, रकुल प्रीत सिंह, हर्ष गुजराल, डिनो मोरिया और आदित्य सियाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म आपको हंसाएगी और भरपूर मनोरंजन करेगी।

इस फिल्म में अंकुर (अर्जुन) की कहानी दिखाई गई है, जो आखिरकार पुरानी जिन्दगी से आजाद होकर अपनी कॉलेज क्रश अंतरा (रकुल प्रीत सिंह) को प्रपोज करना चाहता है। लेकिन उसकी एक्स-वाइस प्रभलीन (भूमि पेडणेकर) उसकी जिन्दगी में लौट आती है और उसे एम्नेसिया है। वह अंकुर के साथ अपने रिश्ते को दोबारा शुरू करने की कोशिश कर रही है। मेरे हस्बैंड की बीवी के निर्देशक मुदस्सर अजीज़ ने बताया, इस फिल्म में दिल टूटने, हंसी और समझदारी को बहुत ही अनोखे तरीके से दिखाया गया है। हमने एक जटिल भावनात्मक स्थिति को लिया और उसमें ढेर सारी उलझनें डाल दीं। इस फिल्म को बनाना बहुत मजेदार था। हम जियोहॉटस्टार के साथ इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं।

हमेशा कुंठित रहने वाले अंकुर की भूमिका निभा रहे अर्जुन कपूर ने कहा, अंकुर का किरदार दर्शकों को %की एंड का% और %2 स्टेट्स% से पसंद है। इस फिल्म में वह अपने अतीत और वर्तमान के बीच मजेदार तरीके से उलझ जाता है। कॉमेडी में इतनी पागलपन के साथ भावनात्मक गहराई कम ही देखने को मिलती है। यह एक शानदार लव ट्रायंगल है। रकुल, भूमि, हर्ष और मुझे इसकी शूटिंग में बहुत मजा आया। अब यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है, और मैं उन लोगों का रिस्पॉन्स देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, जिन्होंने इसे सिनेमाघरों में नहीं देखा।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 60 स्टाइलस स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित एज 60 सीरीज़ में सबसे




क्रिएटिव और एआई-संचालित नया स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 स्टाइलस को लॉन्च किया है। यह अपनी श्रेणी का पहला स्मार्टफोन है जिसमें इनबिल्ट स्टायलस दिया गया है। यह उन क्रिएटर्स, मल्टीटास्कर्स और विचारकों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो चलते-फिरते सटीकता, नियंत्रण और उत्पादकता की तलाश करते हैं। स्केचिंग से लेकर एआई टूल्स जैसे स्केच टू इमेज और हैंडराइटिंग-टू-टेक्स्ट कन्वर्ज़न तक, एज 60 स्टाइलस रचनात्मकता और कार्यक्षमता को एक नई ऊँचाई पर ले जाता है। इसमें अपने सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50एमपी सोनी एलवाईटीआईए 700सी कैमरा, शानदार 6.7 इंच 1.5के सुपर एचडी पोलेड फ्लैट डिस्प्ले, डॉल्बी ऑटम्स के साथ स्टीरियो स्पीकर, और पैंटोन-क्यूरेटेड वेगन लेदर फिनिश में बना एक स्लिम, मजबूत डिज़ाइन दिया गया है जो आईपा68 और एमआईएल-810एच मिलिट्री ग्रेड प्रोटेक्शन के साथ आता है। मोटोरोला एज 60 स्टाइलस यह परिभाषित करता है कि एक स्मार्टफोन किस तरह से अंदर और बाहर, दोनों रूपों में रचनात्मकता को सशक्त बना सकता है। स्टाइलस की सटीकता को और भी शानदार बनाता है एआई-पावर्ड टूल्स का एक पूरा सेट, जो मोटोरोला एज 60 स्टाइलस को टेक-सेवी क्रिएटर्स के लिए एक परफेक्ट साथी है। स्केच टू इमेज जैसे फीचर्स की मदद से यूज़र्स अपने रफ डूडल्स को जीवंत, एआई द्वारा जनरेटेड विज़ुअल्स में बदल सकते हैं। स्टाइलस, गूगल फोटोज एआई के साथ भी बखूबी काम करता है, जिससे यूज़र्स फोटो में किसी ऑब्जेक्ट को पहचानकर उसे मैजिक इरेजर से हटाने जैसे एडवांस्ड और इंट्यूटिव एडिट्स कर सकते हैं। इसके अलावा, मोटो नोट में बिल्ट-इन ओसीआर (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन ) टेक्नोलॉजी दी गई है, जिससे हाथ से लिखे या प्रिंट किए गए टेक्स्ट को तुरंत डिजिटल टेक्स्ट में बदला जा सकता है, ताकि उसे कहीं और इस्तेमाल किया जा सके। लॉन्च पर बोलते हुए, मोटोरोला इंडिया के प्रबंध निदेशक, श्री टी.एम. नरसिम्हन ने कहा, मोटोरोला में, हम नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने और ऐसी तकनीक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हर रोज़ के अनुभवों को महत्वपूर्ण रूप से बेहतर बनाती है।

## आईएसडब्ल्यूएआई ने प्रगतिशील एक्साइज़ नीतियां लागू करने के लिए राज्य सरकारों की सराहना की



**नई दिल्ली।** भारत में प्रीमियम एल्कॉलिक बेवरेज उद्योग की अधिकारिक संस्था, इंटरनेशनल स्पिरिट्स एण्ड वाईन्स एसोसिएशन आफ इंडिया ने आज प्रगतिशील एक्साइज़ नीतियां लागू करने के लिए राज्य सरकारों की सराहना की। जिसका उद्देश्य रीटेल फोर्मेट को आधुनिक बनाना, राजस्व बढ़ाना तथा उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

उत्तर प्रदेश के कम्पोज़िट रीटेल फोर्मेट से लेकर आन्ध्र प्रदेश के निजीकृत मॉडल, राजस्थान के प्रीमियम मॉल-आधारित स्टोर्स, मध्य प्रदेश के सिंगल-बॉटल बिलिंग सिस्टम और हरियाणा, तेलंगाना, कर्नाटक एवं उड़ीसा के प्रीमियम ओनली रीटेल फोर्मेट्स तक ये प्रगतिशील नीतियां देश भर में एल्कॉहल रीटेल इकोसिस्टम के संचालन को नया आयाम दे रही हैं। इस सकारात्मक बदलाव का स्वागत करते हुए संजीत पाधी, सीईओ, इंटरनेशनल स्पिरिट्स एण्ड वाईन्स एसोसिएशन आफ इंडिया ने कहा, ''भारत के विभिन्न राज्यों में किए गए सुधार एल्कोबेव सेक्टर की अवधारणा एवं प्रबन्धन में हो रहे आदर्श बदलावों का संकेत हैं। ये राज्य सरकारों के सकारात्मक इरादे और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रगतिशील एक्साइज़ नीतियां न सिर्फ अनुपालन एवं पारदर्शिता में सुधार लाएंगी बल्कि स्थायी, उपभोक्ता-उन्मुख विकास की नींव भी तैयार करेंगी।'' इस बदलाव में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है, जिसने पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी बढ़ोतरी करते हुए रु 55,000 करोड़ राजस्व के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सुधार-उन्मुख एक्साइज़ नीति का लॉन्च किया है। संरचनात्मक बदलावों जैसे 12,000 से अधिक आउटलेट्स और तकरीबन 9000 विक्रय केन्द्रों के साथ रीटेल पहुंच दोगुना हो गई है जो मार्केट में ज़्यादा कवरेज को सुनिश्चित कर रही है।

# हायर इंडिया ने ग्रेविटी सीरीज़ लॉन्च की

**नई दिल्ली।** हायर अप्लायंसेज़ इंडिया ने एयर कंडीशनर की बहुप्रतीक्षित ग्रेविटी सीरीज़ का अनावरण किया है। फ़ैब्रिक फ़िनिश वाले भारत के एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर के रूप में, ये फ़ैब्रिक फ़िनिश वाले अभिनव एसी इंटेलिजेंट कूलिंग तकनीक को सहजता से एकीकृत करते हैं, जो आधुनिक घरों की जलवायु समाधानों के लिए नए मानक स्थापित करते हैं। ग्रेविटी सीरीज़ सात शानदार रंगों में उपलब्ध है- मॉर्निंग मिस्ट, मून स्टोन ग्रे, मिडनाइट ड्रीम, गैलेक्सी स्लेट, एक्वा ब्लू, कॉटन कैंडी और व्हाइट- जो समकालीन घरों के इंटीरियर में प्रीमियम टच जोड़ते हुए बेजोड़ कूलिंग करते हैं।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष श्री एनएस सतीश ने कहा, ÷हायर इंडिया में, हम ऐसे उत्पाद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो नवाचार को जीवनशैली के साथ सहजता से एकीकृत करते हैं। नई




सीरीज़ इस विज़न का प्रतिबिंब है कि एक ऐसा एयर कंडीशनर जो जितना स्टाइलिश है उतना ही इंटेलिजेंट भी है। भारत का एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल वाला यह सीरीज़ ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत आराम को नए मायने बताती है। हमारे अत्याधुनिक भारतीय विनिर्माण सुविधाओं में निर्मित, यह रेंज हमारी 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया' प्रतिबद्धता का एक सच्चा अवतार है - जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं और जलवायु की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।÷हायर ग्रेविटी सीरीज़ 5-स्टार एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर रेंज 51,990 रुपये से शुरू होती है और इसे हायर वेबसाइट, प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म एवं भारत भर के सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर और रिटेल आउटलेट के माध्यम से खरीदा जा सकता है।

## अलायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 137 और डिस्ट्रिक्ट 102 लखनऊ का अधिष्ठापन 20 अप्रैल को

**लखनऊ।** अलायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 137 और डिस्ट्रिक्ट 102 लखनऊ का अधिष्ठापन 20 अप्रैल 2025 को होटल सिल्वेट हजरतगंज लखनऊ में किया गया। डिस्ट्रिक्ट 102 के निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अलॉय संजीव कुमार भटनागर ने एक शानदार समारोह में अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व इंटरनेशनल प्रेसिडेंट डॉ तृप्ता कौर जुनेजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अलॉय अजय बंसल चेयरमैन एमसीसी नॉर्थ और अलॉय अनिल मालवीय मल्टीपल सेक्रेटरी विशिष्ट अतिथि थे। इंटरनेशनल डायरेक्टर डॉ मनमीत सिंह, अलॉय प्रियंका दीक्षित पूर्व एमसीसी नॉर्थ और इंटरनेशनल प्रवक्ता और डी एस भटनागर इंटरनेशनल सलाहकार के साथ पूर्व डीजी के के वर्मा, आर के अरोड़ा, मंजुला खरे, मीना खरे और विभिन्न क्लबों के सदस्यों ने समारोह में भाग लिया और नई टीम को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। रुचि अग्रवाल और मीनू आहूजा को भी चेयरपर्सन बनाया गया अलॉय डॉ सुधीर प्रताप भटनागर जिला गवर्नर के साथ अलॉय सुनीता श्रीवास्तव वीडीजी 1, अलॉय रेणु मेंदीरत्ता वीडीजी 2, अलॉय विनय श्रीवास्तव वीडीजी 3, अलॉय दिनेश माथुर सचिव, रचना खरे कोषाध्यक्ष और जिला 137 के लिए अन्य टीम के सदस्य, और अलॉय अरविंद कुमार भटनागर जिला गवर्नर के साथ डॉ प्रेरणा मित्रा वीडीजी 1, डॉ लिंकी अग्रवाल वीडीजी 2 बी पी जायसवाल सचिव, अलॉय निमिषा सक्सेना संयुक्त सचिव, बृजेंद्र रस्तोगी कोषाध्यक्ष, सुनीता भटनागर संयुक्त कोषाध्यक्ष, अर्चना शंकर गुप्ता पीआरओ, दीपा जैन शुक्ला संयुक्त पीआरओ, विभिन्न गतिविधियों के लिए अध्यक्षों के साथ अलॉय मीनू आहूजा - महिला सशक्तिकरण, अलॉय आशीष शर्मा - युवा मामले, अलॉय रूचि अग्रवाल व्यावसायिक परियोजनाएं और अलॉय जोरावर सिंह सेठी - स्वास्थ्य परियोजनाएं जिला 102 के लिए नामित हुये कार्यक्रम की शुरुआत अलायंस क्लब इंटरनेशनल की राष्ट्रीय शपथ, मातृभूमि के प्रति समर्पण के साथ राष्ट्रगान गाकर और गणमान्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से हुई।

# श्री चैतन्या अकादमी ने दी जेईई मेन 2025 की वाराणसी गर्ल टॉपर

**वाराणसी।** बड़े पैमाने पर परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित संस्था इन्फिनिटी लर्न की पहल श्री चैतन्या अकादमी ने अपने वाराणसी टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई मेन सेशन के परिणामों की घोषणा की है। इस सेंटर की रेगुलर क्लासरूम छात्रा अनन्या त्रिपाठी ने ऑल इंडिया रैंक 72 और 99.94 परसेंटाइल के साथ वाराणसी की गर्ल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। अनन्या ने अपनी शैक्षणिक यात्रा ओरिजेन्स से शुरू की थी, जो अब श्री चैतन्य अकादमी का हिस्सा है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के अलावा श्री चैतन्या अकादमी के वाराणसी टेस्ट प्रेप सेंटर से 25 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। सेंटर को गर्व है कि 80 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए पात्रता हासिल की है।

सफल छात्रा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए श्री चैतन्या समूह की सीईओ और डायरेक्टर एवं इन्फिनिटी लर्न की सह-संस्थापक सुषमा बोप्पना ने कहा, जेईई मेन 2025 परीक्षा में अनन्या त्रिपाठी की उत्कृष्ट उपलब्धि पर हमें अत्यंत गर्व



है। यह हमारे इस संकल्प को दोहराता है कि हम छात्रों को सशक्त बनाएं और उनके विकास में सहायक बनें। हम इस सफलता में योगदान देने वाले हमारे समर्पित फैकल्टी को दिल से धन्यवाद देते हैं। हम अनन्या और वाराणसी के अन्य टॉप परफॉर्मर्स को शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे जेईई एडवांस्ड की तैयारी को और भी बेहतर करेंगे और देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों के और करीब पहुंचेंगे।

इस सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए, इन्फिनिटी लर्न के संस्थापक सीईओ उज्ज्वल सिंह ने कहा, ÷ अनन्या की इस अद्भुत सफलता ने मुझे गर्व और खुशी से भर दिया है। मुझे उम्मीद है कि वे जेईई एडवांस्ड 2025 में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यह शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि हम बिना छात्रों को बड़े शहरों में भेजे, टियर 2 और टियर 3 शहरों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ला रहे हैं। ऐसी उपलब्धियाँ हमारे मूल मंत्र बच्चा सीखा कि नहीं को साकार करती हैं और देशभर में हमारी पहुंच और उत्कृष्टता को विस्तारित करने के संकल्प को मजबूत करती हैं।

अपनी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए, अनन्या ने कहा जेईई मेन 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 72 प्राप्त कर मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं अपने मेंटर्स और परिवार का समर्थन के लिए आभार व्यक्त करती हूं। श्री चैतन्या अकादमी की फैकल्टी द्वारा दी गई सघन प्रशिक्षण और मार्गदर्शन, मॉक टेस्ट्स और स्टडी मटेरियल्स ने मेरी तैयारी में अहम भूमिका निभाई और मुझे प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाई।÷

श्री चैतन्या अकादमी वाराणसी में तीन टेस्ट प्रेप सेंटर संचालित करती है - दुर्गाकुंड, शक्ति नगर और शिवपुर में। ये सेंटर जेईई और नीट की तैयारी कर रहे छात्रों को उच्च गुणवत्ता की कोचिंग प्रदान करते हैं। अनुभवी फैकल्टी, सुव्यवस्थित लर्निंग मॉड्यूल और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से, ये संस्थान यह सुनिश्चित करते हैं कि छात्र अपने घर के पास रहते हुए भी असाधारण परिणाम हासिल कर सकें।

**श्री चैतन्या अकादमी के बारे में**

श्री चैतन्या अकादमी - इन्फिनिटी लर्न की एक पहल, एक व्यापक परीक्षा तैयारी केंद्र है जो छात्रों को आईआईटी-जेईई और नीट प्रवेश परीक्षाओं, स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं, ओलंपियाड और अन्य आधारभूत स्तर के मूल्यांकन के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

## टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा पेटेंट दाखिल करने का नया रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी, टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 2025 में 250 पेटेंट्स और 148 डिजाइन ऐप्लीकेशंस दाखिल करने की उपलब्धि हासिल की है। यह एक साल में की गईं अब तक की सबसे ज्यादा फाइलिंग्स हैं। इस फाइलिंग में ऑटोमोटिव क्षेत्र के प्रमुख रुझानों जैसे कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिफिकेशन, सस्टेनेबिलिटी और सेफ्टी (सीईएसएस) के अनुसार उत्पादों और प्रक्रियाओं के नवाचारों की विस्तृत सूची है। इसमें हाइड्रोजन-आधारित वाहन और फ्यूल सेल जैसी उभरती तकनीकें भी शामिल हैं। साथ ही, बैटरी, पावरट्रेन, बॉडी और ट्रिम, सस्पेंशन, ब्रेक, एचवीएसी और उत्सर्जन नियंत्रण जैसे विभिन्न वाहन सिस्टम भी इसमें शामिल हैं। कंपनी ने इस साल 81 कॉपीराइट आवेदन दाखिल किए हैं और 68 पेटेंट प्राप्त किए हैं, जिससे उसके कुल पेटेंट्स की संख्या 918 हो गई है।

टाटा मोटर्स भविष्य के यातायात के लिए नए कदम उठाते हुए अपनी आधुनिक तकनीकों और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों के साथ ऑटोमोटिव क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रही है। वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड संख्या में पेटेंट और डिज़ाइन ऐप्लीकेशंस से पता चलता है कि कंपनी वाहनों की सुरक्षा और प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है। यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल भविष्य की यातायात समस्याओं को हल करेगा, बल्कि दुनिया को और स्मार्ट, हरा-भरा और कनेक्टेड बनाने की टाटा मोटर्स की सोच को भी दर्शाता है। इन महत्वपूर्ण प्रयासों ने टाटा मोटर्स को ऑटोमोटिव नवाचार में वैश्विक अग्रणी के रूप में मजबूत किया है। बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) में शानदार काम के लिए टाटा मोटर्स को वित्त वर्ष 2025 में भारत और विदेशों में पांच प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान मिले हैं।

# छः महिलाओं का उजड़ गया सुहाग बच्चों के सर से उठा बाप का साया


रोते बिलखते हरेंद्र व योगेंद्र के परिजन


रोते बिलखते रंजीत के परिजन

**शकील अहमद**

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले में रविवार की रात जो हृदय विदारक घटना घटी है, इससे हर कोई स्तब्ध है। सभी लोग नियति को कोसते नजर आ रहे हैं। इस हादसे में जहां छः महिलाओं का सुहाग उजड़ गया वही दर्जनों बच्चे के सर से बाप का साया भी उठ गया।

### दिल्ली, मुंबई व हरिद्वार से आए थे शादी में शामिल होने

गंगा मद्धेशिया के बेटे विकास की शादी में दिल्ली, मुंबई व हरिद्वार से शादी समारोह में शामिल होने आए थे। बताया जा रहा था कि योगेंद्र और हरेंद्र मद्धेशिया दोनों भाई दिल्ली रहते थे। रंजित मद्धेशिया रगड़गंज पुल पर चाय की दुकान चलाते थे जबकि ओमप्रकाश विजयपुर चौराहे पर मिठाई की दुकान। मुकेश हरिद्वार रहता था, सभी लोग चचेरे भाई की शादी में शरीक होने आए थे।

बता दें कि रामकोला थाना क्षेत्र के नरायनपुर चरगहां निवासी गोपाल मद्धेशिया के बेटे विकास मद्धेशिया का शादी था। रविवार की शाम धूमधाम से बारात निकलनी शुरू हुई। बारात नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के देवगांव पहुंची, द्वार पूजा हुआ जयमाल का भी कार्यक्रम सम्पन्न हूं। तभी मौत की खबर बेटे के पिता को मिली। वहां हादसे की जानकारी होते ही अफरा तफरी मच गई। सभी लोग घटना स्थल की तरफ दौड़े। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घर परिवार में चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा था कि मृतक ओम प्रकाश का एक छोटी सी बच्ची है। हरेंद्र मद्धेशिया के तीन बच्चे है जिसमें दो बेटी व एक बेटा। योगेंद्र के भी तीन बच्चे है। रंजीत मद्धेशिया की अभी दी साल पूर्व शादी हुई थी। बताया जा रहा कि इनकी पत्नी आठ माह से गर्भवती है। मुकेश मद्धेशिया के दो बच्चे है जिसमें एक बेटा व एक बेटी है व भीम यादव का भी एक बच्चा है।इन सभी के मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वहां मौजूद सभी लोग नियति को कोसते नजर आ रहे थे। चंद मिनटों में छः महिलाओं का सुहाग उजड़ गया। दर्जनों बच्चों के सर से बाप का साया भी उठ गया। बच्चे व परिजनों की चीख पुकार सुनकर सबकी आंखें नम हो जा रही थी।

## दो सगे भाइयों की मौत से परिवार पर टूटा विपत्तियों का पहाड़


मृतक हरेंद्र की मासूम दोनों बेटियां


मृतकों के परिजनों को ढांढस बढ़ाते विधायक विनय

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कार एक्सिडेंट में मेरे छः लोगों में दो सगे भाई हैं। इन दोनों भाइयों के मौत के बाद परिजनों पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में कोहराम मच गया।

बच्चों के चीख पुकार से सबका कलेजा फटा जा रहा था। बताया जा रहा है कि शंकर मद्धेशिया के तीन बेटे हैं। दो बेटे हरेंद्र और योगेंद्र दिल्ली रहकर कमाते हैं। पट्टीदारी में आयोजित शादी समारोह में दो दिन पहले आए थे। क्या पता यह शादी मौत लेकर आएगी। छोटे-छोटे मासूम बच्चे, माता-पिता, जीवन संगिनी और सगे संबंधितों को छोड़कर इस दुनिया से अलविदा कहना पड़ेगा। बेसुध पिता शंकर ने बताया कि मृतक दोनों बेटों में योगेंद्र बड़े हैं और हरेंद्र छोटे हैं। दो दिन पहले दिल्ली से शादी में शामिल होने आए थे। क्या पता इस शादी में मेरे बेटों का अर्थी उठ जाएगी, ये सब बाते कहकर शंकर फफक कर रोने लगे। बताया जा रहा कि शंकर के दोनों बेटे घर का कमाऊ सदस्य थे। इन दोनों के मौत से परिवार में विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**विधायक ने मृतकों के परिजनों को बढ़ाया ढांढस-** हादसे में मरे युवकों के परिजनों से रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने सोमवार की सुबह नरायनपुर चरगहां गांव पहुंचे तथा उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बढ़ाया। इस मौके पर उन्होंने कि इस दुख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूं। उन्होंने सरकार से हर संभव अहेतुक सहायता दिलाने की बात कहीं। इस मौके पर पूर्व विधायक रामानंद बौद्ध, तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश सिंह, तहसीलदार हाटा नरेंद्र राम, मंडल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, पारस नाथ कुशवाहा, प्रधान गंगा मद्धेशिया सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## एक साथ जली छः चिताएं तो रो पड़ा समूचा क्षेत्र



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र नरायनपुर चरगहां निवासी छह युवकों की कार एक्सिडेंट में रविवार की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को दोपहर बाद छोटी गंडक नदी घाट पर प्रशासन की मौजूदगी में एक साथ छः चिताएं जाली तो समूचा क्षेत्र रो पड़ा। सबकी आंखें नम हो गई थी। जवान बेटों को आग देते ही हाथ कांप जा रही थी। बता दें कि उक्त गांव निवासी गोपाल मद्धेशिया के बेटे विकाश की शादी में सभी कार से बारात जा रहे थे अभी वह नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के शुक्ल भुजौली के पास पहुंचे ही थे कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें बैठे आठ लोगों में से छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया तो परिजनों के चीख पुकार से कलेजा फट जा रहा था। सभी छः मृतकों का अंतिम संस्कार छोटी गंडक नदी घाट पर प्रशासन की मौजूदगी में किया गया।

सबकी आंखें नम हो जा रही थी।

**छह युवकों की मौत से गांव में मातम, नहीं जले चूल्हे-** कार एक्सिडेंट में हुई छः युवकों की मौत के बाद पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। गांव में दो दिन से किसी के घर चूल्हा नहीं जला है और आसपास के लोग भोजन करा रहे हैं। रामकोला थाना क्षेत्र के नरायनपुर चरगहां में रविवार की रात चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहे एक ही कार में सवार आठ लोगों की कार हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार दोपहर बाद एक साथ छः युवकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। छः लोगों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। शोक में पूरे गांव में किसी के चूल्हे नहीं जल सके और भोजन तक नहीं बनाया गया। आसपास के गांवों के लोगों द्वारा खाना खिलाया जा रहा है।

### छठी माता मंदिर का होगा पर्यटन विकास, 95.28 लाख की परियोजना स्वीकृत

**उरई (जालौन)।** प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छठी माता मंदिर में पर्यटन विकास कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 95.28 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति सिंह ने बताया कि यह कार्य उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रदेश में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं में भी व्यापक विकास होगा। छठी माता मंदिर परिसर में प्रस्तावित कार्यों में यात्री हॉल का निर्माण, पेयजल व्यवस्था एवं बोरिंग, प्रसाधन (शौचालय), कोटा पत्थर से फर्श एवं प्लेटफॉर्म निर्माण, प्लेटफॉर्म शेड, गजीबो (विश्राम स्थल), इंटरलॉकिंग टाइल्स, डस्टबिन, सोलर लाइट, म्यूरल (चित्रांकन) और साइन बोर्ड आदि शामिल हैं। परियोजना के पूर्ण होने से न केवल स्थानीय जनता को सुविधाएं मिलेंगी।

# नदी में पैर फिसलने से युवक डूबा परिजनों में मचा कोहराम

**अवधनामा संवाददाता**

**तरयासुजान, कुशीनगर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के जवही दयाल नारायणी नदी में एक युवक का पैर फिसलने से नदी के गहराई में गिर गया। आसपास मौजूद लोग देखकर सोर मचाते हुए दौड़ पड़े लेकिन युवक नदी के धार में बह गया। घटना की सूचना पर पहुंची तरयासुजान पुलिस व एनडीआरएफ टीम युवक की तलाश में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक उक्त युवक के बारे मे कोई पता नहीं चल सका। घटना के जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार जवहीं दयाल निवासी राकेश यादव पुत्र हरि यादव उम्र 16 वर्ष अपने पिता को भोजन पहुंचाने के लिए नारायणी तट पर पहुंचा था जो गेहूं के कटाई व दवरी के लिए नदी के उस पार गए थे। नाव के दूसरे तट से इस तट आने में थोड़ी देर थी तो


युवक की लाश तलाश करती प्रशासन व अन्य

### अपने पिता को भोजन देने जा रहा था बेटा

युवक नदी के तट पर लगे बोरे पर खड़ा हो उस पार खड़े अपने पिता से चिल्ला चिल्ला कर बुलाने का प्रयास रहा था। आवाज उस पार न पहुंचता देख बोरियों पर अपनी जगह भी बदल रहा था इसी बीच बोरी नदी की धारा में खिसक गई जिसके साथ युवक भी पानी में बह गया। युवक को पानी में डूबता देख लोगों ने शोर मचाया तो भीड़ जुट गई। तब तक युवक नदी के गहराईयों में समा चुका था। इसी बीच किसी ने घटना की जानकारी थाने पर दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों के प्रयास से नाव के जरिए युवक को खोजने के प्रयास में जुट गए। युवक ने हाल ही में इंटर की परीक्षा दिया था जो अपने चार भाईयों व दो बहनों मे सबसे बड़ा था। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान धनवीर सिंह ने बताया की एनडीआरफ टीम के साथ डूबे हुए युवक की तलाश की जा रही है।

## सवा दो करोड़ की लागत से बंधा एवं सड़क का होगा जीर्णोद्धार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज तहसील क्षेत्र से होकर गुजरने वाली छोटी गंडक नदी के विभिन्न क्षेत्रों में गंडक नदी द्वारा विगत दो दशक पूर्व हुए कटान से सड़कें नदी में विलीन हो गई थी जिससे नदी से सटे गांवों की अस्तित्व समाप्त हो गया था। वहीं उसके पास से लोगों का आवागमन बंद हो गया था जिसको लेकर शासन ने बाढ़ खंड क्षेत्र के पांच प्रमुख कटान स्थलों का निर्माण के लिए सवा दो करोड रुपए धन स्वीकृत हुआ है जिसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बता दें कि कप्तानगंज सिवान से होकर गुजरने वाली छोटी गंडक नदी के विभिन्न घाटों पर लगातार हो रहे कटान के चलते विगत दो दशक पूर्व छोटी गंडक नदी के समीप मदार बिंदवलिया, लक्ष्मीपुर कुर्मी, खोटही, मुड़िला हरपुर, सोहसा मठिया व सतगुडही स्थान पर गंडक नदी काफी तेजी से कटान कर रही थे जिसके कारण जहां हरपुर गांव के मुख्य मार्ग मुड़िला हरपुर पूरी तरह से नदी में विलीन हो गया था। गंडक गांव की तरफ रुख कर दिया था वही सतुगड़ही के पास मुख्य मार्ग टेकुआटार रामनगर को भी विलीन कर दिया। इसी तरह अन्य जगहों पर भी छोटी गंडक नदी पूरी तरह विलीन कर दिया जिसको देखते हुए शासन ने समय-समय पर उपरोक्त मरम्मत कार्य किया जाता रहा है। बाढ़ खंड के एसडीओ मनोरंजन कुमार ने बताया कि सभी पांचवा स्थान पर निर्माण कार्य चालू हो गया है।


बंधा मरम्मत का जायजा लेते बाढ़ खंड

### चार वर्ष पहले मुड़िला हरपुर में 25 लाख से कराया गया था मरम्मत

मुड़िला हरपुर में बीते 4 वर्ष पूर्व मनरेगा योजना के तहत लगभग 25 लाख रुपए खर्च कर मरम्मत किया गया था। लोगों की मांग पर सतुगडही के पास पीडब्लूडी के द्वारा सड़क को ठीक कर आवागमन चालू कराया गया था जहां समय समय पर सड़क धंस जाती है ऐसे में शासन द्वारा उपरोक्त स्थानों पर अस्थाई समाधान के लिए बाढ़ खंड के माध्यम से सवा दो करोड रुपए धन अवमुक्त हुआ है, जिससे इन स्थानों पर निर्माण करते हुए इसका अस्तित्व बरकरार किया जायेगा।

### विधायक निधि से सम्पर्क मार्ग के निर्माण को भेजा प्रस्ताव

**अमेठी।** विकास खंड अमेठी के अंतर्गत गंगौली ग्राम पंचायत में स्थित सिरमौर बौद्ध विहार सोइया तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण के लिए विधायक महाराजी प्रजापति ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने इस सम्बन्ध में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को भी एक पत्र भेजा है। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया, जनपद का एक मात्र बौद्ध स्मारक स्थल है।इस विहार तक पहुंचने के लिए पक्का सम्पर्क मार्ग नहीं है। विहार की प्रबंध समिति की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी को काफी समय पहले पत्र दिया गया था। सांसद और उनके प्रतिनिधि ने कोई ध्यान नहीं दिया। विधायक की ओर से पिछले विधानसभा चुनाव के पहले सम्पर्क मार्ग के निर्माण का वादा किया गया था,यह वादा अभी तक फाइलों में ही बंद पड़ा है।

## पांच मंदिरों और स्मारकों के पर्यटन विकास को शासन ने स्वीकृत किए 1400.5 लाख रुपये की धनराशि

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जिले में पांच मंदिरों और स्मारकों के पर्यटन विकास को शासन की ओर से 1400.5 लाख रू की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिले में बौद्धों के स्मारक स्थल सिरमौर बौद्ध विहार को पर्यटन विकास योजना में शामिल नहीं किया गया है। जिला पर्यटन सूचना अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृति दी गई है। 62 लाख की लागत से हिंगलाज भवानी मंदिर दादरा मुसाफिरखाना का पर्यटन विकास कराया जाएगा, 59.16 लाख की लागत से श्री मुकुट नाथ मंदिर ग्राम ताला, 1086.21 लाख की लागत से मलिक मोहम्मद जायसी स्मारक का निर्माण, 99.10 लाख की लागत से परम संत सतगुरु कबीर साहेब के बैठका का सौंदर्यीकरण एवं जीणोद्धार, 94.03 लाख की लागत से बाबा दुर्लभ दास ग्राम धर्मे का पर्यटन विकास योजना के अंतर्गत कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने एवं श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को आकर्षित किए जाने के उद्देश्य पर्यटन स्थलों का विकास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त स्थलों के चयन के लिए माननीय जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजा गया था जिसके क्रम में उपरोक्त स्थलों का पर्यटन विकास योजना अंतर्गत कार्य कराए जाने को लेकर पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत दी गई है। **सिरमौर बौद्ध विहार को पर्यटन विकास योजना में शामिल करने की मांग**-सिरमौर बौद्ध विहार सोइया शासन, प्रशासन की ओर से अभी तक उपेक्षित है। बौद्धो के एक मात्र तीर्थ स्थल इस विहार के विकास के लिए जिले के जनप्रतिनिधि भी गंभीर नहीं है। अम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष उदय राज राव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष छेदी लाल पासवान, हरिश्चंद्र कोरी, महामंत्री राम चन्द्र, कोषाध्यक्ष राजेश अकेला और सिरमौर बौद्ध विहार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव भारती ने बौद्ध विहार को पर्यटन विकास योजना में शामिल करने की मांग की है।

### मृतकों के परिजनों आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

**कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कार एक्सिडेंट में असमय मौत के गाल में समा गए युवकों के परिजनों को अहेतुक सहायता दिलाने की मांग पूर्व विधायक मदन गोविंद राव ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में जिक्र किया है कि रविवार की रात खड्डा पडरौना राष्ट्रीय मार्ग पर भुजौली शुक्ल गांव के पास वाहन दुर्घटना में ग्राम सभा नारायनपुर चरगहां एवं कुस्महा विकास खंड मोतीचक/ रामकोला, तहसील हाटा/ कप्तानगंज जनपद कुशीनगर के आधा दर्जन युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई है, मृतकों की उम्र 22 से 30 वर्ष के मध्य की है। मृतक युवक परिवार के कमाऊ सदस्य थें। सड़क हादसे में मारे गये युवकों के परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने की कृपा करें।

### बसपा ने बनाई संगठन निर्माण की कार्ययोजना 23 अप्रैल से शुरू होगा गांव चलो अभियान



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाई की बैठक कान्हा मैरिज लान गौरीगंज में हुई। बैठक में जिले की चार विधानसभाओं को सोलह जोन में बांट कर सेक्टर और बूथ कमेटियों का पुनर्गठन करने और गांव चलो अभियान तेज करने की कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी पूर्व विधान परिषद सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने कार्यकर्ताओं को मिशन -2027की सफलता के लिए ईमानदारी और निष्ठा से संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने के संदेश दिए। भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक राजनीतिक दल से अधिक एक विचार धारा है जो बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट को समर्पित है। बहुजन समाज पार्टी देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं को ठीक से लागू करने के लिए संघर्षरत है। आजादी के बाद देश की लोकतांत्रिक सरकारें भारतीय संविधान को ठीक से लागू करने के लिए गंभीर नहीं रही, इसीलिए आज भी देश में गरीबी, बेरोज़गारी और खराब कानून व्यवस्था की समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि देश की जातिवादी और पूंजीवादी ताकतें बसपा के खिलाफ है। इसीलिए बहुजन समाज पार्टी के खिलाफ तरह तरह की साज़िश करके वोटों का बंटवारा करना चाहती हैं। संविधान के मुद्दे पर कांग्रेस, भाजपा और सपा पर झूठी राजनीति करने के आरोप लगाए और कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का कदम कदम पर अपमान किया। संविधान में सबसे अधिक संशोधन कांग्रेस सरकार ने किए। समाजवादी पार्टी ने नौकरी, ठेकेदारी में आरक्षण खत्म करने और बैकलाग भर्ती को रद्द करने का काम किया। बहुजन महापुरुषों के नाम पर बनाए गए जिलों को खत्म किया। सपा संस्थापक द्वारा बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी और बहन मायावती जी पर जानलेवा हमले को बहुजन समाज कभी भूल नहीं पाएगा।

## एक देश एक चुनाव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा

**अवधनामा संवाददाता**




**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर एक देश एक चुनाव विषय पर विभिन्न क्षेत्रों से वैचारिक परामर्श के लिए पूरे जनपद में कार्यक्रम और गोष्ठी आयोजित करने के लिए तैयारी बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष व इस अभियान के जिला समन्वयक मारकंडे शाही ने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट्रहित में बहुत ही आवश्यक है। इससे न केवल देश की आर्थिक स्थिति बल्कि बार बार चुनाव से होने वाले राजकोषीय नुकसान को रोक जा सकेगा तथा देश के नागरिकों का समय भी बचेगा । उन्होंने कहा कि पार्टी की ये मंशा है कि इसके लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम और गोष्ठी आयोजित करके लोगों की आम राय ली जाए। एक देश एक चुनाव के निमित्त आम राय के लिए 25 अप्रैल को दोपहर 3 बजे सुभाष चौक से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क तक युवा पदयात्रा निकाली जाएगी और तत्पश्चात खुले अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 27 अप्रैल को शहर के देवरिया क्लब में प्रबुद्ध समागम तथा 28 अप्रैल को जिला पंचायत सभागार में महिला संगोष्ठी का आयोजन होगा साथ ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षिक, चिकित्सकीय, अधिवक्तागणों, तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से गोष्ठी के माध्यम से विचार संकलित किए जाएंगे। बैठक के माध्यम से इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई तथा इन कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक का संचालन अभियान के सह समन्वयक संजय तिवारी ने किया। इस दौरान अभियान के सह समन्वयक श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, डा रणधीर सिंह, डा अजीत मिश्रा, प्रदीप मद्धेशिया, प्रभाकर तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, राजन तिवारी, भारती शर्मा, नित्यानंद पांडे, मिनती सिंह, सीमा जायसवाल, कमलेश सिंह, अवधेश सिंह, दिनेश त्रिपाठी, बृजेश दुबे, सुधांशु मिश्रा, अष्टभुजा श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित 5वी श्रीमद् भागवत का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के जिहवा गांव निवासी आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित पांचवी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शिवगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत (भवानी गढ़) देहली गांव में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत अमृत कथा का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। सभी ने सिर पर कलश रखकर गांव सहित आस पास के मुख्य मार्गो से होते हुए देवालयों में पहुंची जहां सभी ने मंदिरों में माथा टेका वहीं भक्ति भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके। बता दें कि आनंद मिश्रा द्वारा यह पांचवी श्रीमद् भागवत कथा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ विभिन्न मंदिर देवालयों से होते हुए कलश यात्रा पुनः कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान कथा व्यास पंडित वागीश रामचंद्र दास ने कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, कलश में देवताओं का वास होता है। और कलश यात्रा को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, तथा सिर पर कलश धारण करने से धरा सिद्ध होती है, और आत्मा पवित्र हो जाती है। इस मौके पर यज्ञशाला प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, आकाश मिश्रा, मुख्य यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा सपत्नीक श्रीमती राजेश्वरी मिश्रा सहित, सुमित मिश्रा,रुद्रेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, रामानुज मिश्रा, कनिक मिश्रा, अमित मिश्रा, आकाश मिश्रा, विकाश मिश्रा, कृष्ण मिश्रा, हर्षित मिश्रा, अरुण तिवारी, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जनपदीय पुलिस द्वारा 12 घण्टे के अन्दर अज्ञात शव की पहचान करते हुए हत्या की घटना का किया गया सफल अनावरण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया के थाना तरकुलवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पकड़ी छापर पठखौली में एक ट्राली बैग में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 35 वर्ष का शव मिलने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा फॉरेंसिक टीम, डाग स्कायड, सर्विलांस टीम के साथ पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया । पुलिस टीम द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही करते हुए शव की शिनाख्त नौशाद पुत्र अली अहमद निवासी भटौली थाना मईल जनपद देवरिया के रुप में हुई। मृतक नौशाद के भाई की पत्नी नगमा खातून पत्नी दिलसाद अहमद निवासिनी भटौली थाना मईल जनपद देवरिया की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मईल पर मु0अ0सं0-076/ 2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 का अभियोग अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। विवेचना के क्रम में पुलिस टीम द्वारा मृतक की पत्नी रजिया सुल्तान उर्फ शिबा से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि मेरे गांव के रहने वाले मेरे भांजे रोमान पुत्र एहसान के साथ प्रेम प्रसंग था जिसके बारे में नौशाद को पता चल गया इसलिए रोमान व उसके मित्र हिमांशु पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम विशौली माफी थाना मईल जनपद देवरिया के साथ मिलकर हमलोगों ने योजना बनाकर दिनांक 19/20.04.2025 की रात्रि में नौशाद को चापट, कुल्हाड़ी व मूसर से उसके सर पर वारकर उसकी हत्या कर दी गयी और उसके शव को बेड शीट में लपेटकर ट्राली बैग में रखकर रोमान व हिमांशु द्वारा थाना तरकुलवा के सिवान में फेंक दिया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता रजिया सुल्तान उर्फ शिबा को हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी, मूसर व स्टील का चापट तथा खून लगा हुआ एक और ट्राली बैग व नौशाद का मोबाइल फोन बरामद कर नियमानुसार कार्यावाही की जा रही है । अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगी हुई हैं शीघ्र ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी कुल्हाड़ी, मूसर व स्टील का चापट तथा खून लगा हुआ एक और ट्राली बैग व नौशाद का मोबाइल फोन बरामद 1.थानाध्यक्ष कंचन राय महेन्द्र यादव थाना मईल जनपद देवरिया ।अरविन्द कुमार राम सिंह थाना मईल जनपद देवरिया ।ईश्वर चन्द थाना मईल आशुतोष पाठक थाना मईल जनपद देवरिया कमलेश थाना मईल जनपद देवरिया अनीता सिंह थाना मईल जनपद देवरिया।

# अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ,उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश कुमार तिवारी व उपजिलाधिकाररी कादीपुर के पर्यवेक्षण में गिरिराज सिंहआबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 2 कादीपुर व संजय मिश्रा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र –1 तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तीन डॉक्टर संजय कुमार उपाध्याय व पुलिस की टीम द्वारा कादीपुर खुर्द , महमूदपुर जंगलिया खैरहा बलीपुर चुनहा, में दबिश देकर 90 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कि गयी। टीम द्वारा क्षेत्र के ईटभट्टों पर भी दविश दी गई आरो प्लांट तथा कबाड़ी की दुकानों को भी चेक किया गया । मौके पर बरामद लगभग 600 किलो ग्राम लहन को टीम द्वारा नष्ट किया गया। 06 अभियोग उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए।

ईंट भट्ठों के मालिकों को इस बात के कड़े निर्देश दिए गये कि उनके यहां किसी भी प्रकार की अवैध शराब नहीं बननी चाहिए अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। टीम द्वारा लोगों से अपील की गयी कि वह किसी भी प्रकार से अवैध शराब का सेवन ना करें यह उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इसके अतिरिक्त देशी शराब, विदेशी –बीयर मदिरा की दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकान पर उपलब्ध स्टाक का सत्यापन करते हुये बोतलों पर लगे कयूआर कोड चेक किया गया, किसी प्रकार का छेड़छाड़ किया जाना नहीं पाया गया। आबकारी टीम में आबकारी उप निरीक्षक सूर्य कांत ,आबकारी सिपाही अभिनव सिंह अनुराग वर्मा साकेत राय ओमवीर विकास सिंह ,सूबेदार यादव ,वाहन चालक कलीम शामिल रहे।

# युवाओं को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से किया जाए लाभान्वित: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में लगातार यह प्रयास किया जा रहा है, कि जनपद के युवाओं को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से लाभांवित किया जा सके, इसके लिए जनपद स्तर पर 29 नोडल अफ्सरों को नियुक्त किया गया है, जो लगातार युवाओं को इस योजना के प्रति न केवल प्रोत्साहित कर रहे हैं, अपितु हर बैंक में जाकर प्राप्त आवेदनों की स्थितियों का जायजा भी ले रहे हैं, जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि इस योजना से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को लाभांवित किया जा सके, इसके लिए सभी अधिकारी इस कार्य को तत्परता से करें, इसमें लापरवाही किसी भी आधार पर नहीं होने चाहिए, इस योजना से युवाओं को स्वयं का रोजगार शुरू करने हेतु रू0 5 लाख तक का अनुदान 4 वर्ष तक के लिए ब्याज मुक्त मिलेगा, इसमें 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को अपना स्वरोजगार खोलने हेतु सरकार आर्थिक सहायता मुहैया करा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल कर रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने हेतु ग्राम प्रधानों और अन्य जनप्रतिनिधियों की भी मदद ली जाए इस योजना के तहत एक लाख युवाओं को प्रतिवर्ष तथा 10 वर्ष में कुल 10 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, इसके लिए शैक्षिक योग्यता के रूप में न्यूनतम आठवीं पास तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त होना चाहिए।

# चोरी की योजना बनाते एक इनामी पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी/नकबजनी में वाँछित 15 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त आकाश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया। वाँछित 15,000 रूपये का इनामिया अभियुक्त आकाश जनपद के थाना शिकोहाबाद के अभियोग में लगभग 06 माह से फरार चल रहा था। अभियुक्त आकाश के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना शिकोहाबाद टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना शिकोहाबाद के मु0अ0सं0 639/2024 में वाँछित चल रहा 15 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त आकाश पुत्र महेश निवासी सराय शेख थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद जो कि थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक मे घूम रहा है जो कि इस समय नौशहरा पुल के पास हाईवे पर खडा है। मुखबिर की सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर अभियुक्त की घेराबन्दी की गयी। घेराबन्दी के दौरान पुलिस टीम को नजदीक आता देखकर अभियुक्त ने पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त आकाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उ0नि0 निशान्त कुमार चौकी प्रभारी आदर्श नगर थाना शिकोहाबाद, उ0नि0 रजत तोमर चौकी प्रभारी आगरा गेट उ0नि0 अरविन्द चहल, का0 271 गोविन्द्र कुमार, का0 872 सन्तोष कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

# काशानए आफ़ताब पर सजी महफ़िल तरही नशिस्त का हुआ आयोजन



■ शायरों ने सुनाए कलाम तो सतेन्द्र कुमार ने कर्बला की घटना पर किया विचार व्यक्त

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के मौजा नगरौर में काशानए आफ़ताब हैदर पर एक तरही नशिस्त का आयोजन किया गया जिसका आग़ाज़ हदीसे किसा से इमाम ए जुमा जमाअत बहराइच मौलाना सैयद मोहम्मद मेंहदी ने किया।इस तरही नशिस्त की सदारत के फ़राएज़ सैयद सग़ीर आबिद रिज़वी एडवोकेट ने और निज़ामत जनाब फ़ौक़ बहराइची ने अंजाम दिये। इस कार्यक्रम में सतेंद्र कुमार ने कर्बला की घटना पर विचार व्यक्त किया। उसके बाद शायरों ने अपना अपना तरहीं कलाम पेश किया ।इस दौरान सैयद सग़ीर आबिद रिज़वी एडवोकेट, अंजुम ज़ैदी बहराइची, फ़ौक़ बहराइची, साजिद बहराइची, नौशाद अली, जीजा हैदर तथा फ़िरोज़ हुसैन ने अपना कलाम सुनाया।

## धूमधाम से निकाली गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती शोभायात्रा

**शिकोहाबाद।** नगर में शनिवार को बाबा साहब डा भीमराव आंबेडकर की जयंती शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में अंबेडकर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ उप जिलाधिकारी कीर्ति राज ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जयंती शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी और सदस्य के अलावा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोभायात्रा थाने के सामने से प्रारंभ होकर तहसील तिराहा, नारायण तिराहा, बड़ा बाजार, तिदरी, भगवंत वाला बाग होते हुए मैनपुरी तिराहा, एटा तिराहा पक्का तालाब होते हुए हजीरों वाला रोड से नगला किला स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची। यहां पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। इस दौरान समाज के लोग जय भीम के नारों से वातावरण को गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। मुख्य डोले के साथ समिति अध्यक्ष संजेश भारती, उपाध्यक्ष बॉबी जाटव, विनीत वसंत, वीरेंद्र सोनी, डॉ. भारती, अवधेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में अबेडकर अनुयायी मौजूद रहे।

# नगर पालिकाध्यक्ष करा रहे गुंडों से अवैध वसूली : वरुण मिश्र

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** ई रिक्शा चालकों के साथ हो रही अवैध वसूली और मारपीट के मामले में आज ई रिक्शा चालकों के साथ कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता के साथ सड़क पर उतरे। उन्होंने नगरपालिका भवन का सैकड़ों ई रिक्शा चालकों के साथ घेराव किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरीक़े से ई रिक्शा चालकों से अवैध वसूली और मारपीट की जा रही है, वह अक्षम्य है। जनता ने इसलिए नहीं उन्हें चुना था कि वह गुंडों के सहारे नगरपालिका चलाएंगे।

उन्होंने कहा कि रातों रात नगरपालिका के टेंडर अपने चहेतों को दे देते हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में भी जमकर धांधली हो रही है। घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, किसी काम की कोई जांच नहीं, कोई हिसाब नहीं हो रही है। जनता के टैक्स के पैसे का दुरूपयोग किया जा रहा है, इस पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका का कोई एक्ट नहीं है, जिसमें प्राइवेट लोगों द्वारा जबरन वसूली कराई जाए। लेकिन चेयरमैन साहब को हर जगह बस धन दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अब आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। हर वार्ड में नुक्कड़ सभा की जाएगी और नगरपालिका के भ्रष्टाचार से जनता को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने वादा किया था कि शहर की जनता के साथ अन्याय और भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और वो अपने वायदे पर कायम हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ हर संभव लड़ाई लड़ी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत सिंह सलूजा,सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष बबलू चौधरी, पूर्व सभासद शोहरत अली, रवींद्र तिवारी समेत सैकड़ों ई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

# हज यात्रियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण आज से

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** इस वर्ष हज यात्रा पर रवाना होने वाले सभी यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 अप्रैल, मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जामिया इस्लामिया खैराबाद में संपन्न होगा।

जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था की गई है, जिसमें वैक्सीनेशन का कार्य सरकार द्वारा नामित चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर हज यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ हज के सभी अरकान (अनिवार्य धार्मिक क्रियाएं) सिखाए जाएंगे, ताकि वे मक्का और मदीना में धार्मिक विधियों को सही तरीके से अदा कर सकें। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जिला हज ट्रेनर मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी निभाएंगे, जो जामिया इस्लामिया खैराबाद के प्रबंधक और मरकज मस्जिद के पेश इमाम भी हैं। उनकी देखरेख में यह संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त हज यात्रियों की सुविधा हेतु टीकाकरण की दूसरी व्यवस्था मदरसा जामिया अरबिया में भी की गई है।

मौलाना उस्मान कासमी ने हज यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय पर प्रशिक्षण व टीकाकरण स्थल पर उपस्थित होकर सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करें। यह प्रशिक्षण यात्रियों को न केवल धार्मिक दृष्टि से सक्षम बनाएगा, बल्कि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई से भी बचाएगा।

## नवागत डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण, दिए निर्देश

**शिकोहाबाद।** रविवार सुबह शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन का प्रयागराज के नवागत डीआरएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान नीम खेरिया के ग्रामीणों ने फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी दिया। वहीं टिकट घर के अंदर गर्मी के मौसम में भी पंखे न चलने पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही अमृत भारत योजना के तहत चल रहे काम की धीमी गति पर कार्यदाई संस्था को काम शीघ्र करने के निर्देश दिए। रविवार को प्रयागराज के डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने चार्ज ग्रहण करने के बाद विभिन्न रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। यह उनका पहला निरीक्षण था। जिसको देखते हुए रेलवे स्टेशन पर भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। सुबह साढ़े नौ बजे डीआरएम रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने सर्वप्रथम अमृत योजना के तहत किये जा रहे पुर्ननिर्माण कार्य को देखा। कार्य में धीमी प्रगति पर उन्होंने कार्यदाई संस्था को शीघ्र काम समाप्त करने के निर्देश दिये। इस दौरान टिकट खिड़की के अदर गर्मी के मौसम में भी पंखे ना चलने पर डीआरएम ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए पंखे चलवायें जाएं। इतना ही नहीं पीने के पानी की व्यवस्था की जाए।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को किए स्कूली ड्रेस वितरण

**टूंडला।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पचोखरा विकास खंड टूंडला में में स्काउट एवं गाइड को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में निशुल्क स्काउट ड्रेस का वितरण जिला गाइड कैप्टन श्रीमती विनीता चौधरी एवं ब्लॉक स्काउट मास्टर रणजीत सिंह द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष विद्यालय स्तरीय, न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तरीय व जिला स्तरीय स्काउट एवं गाइड की रैली का आयोजन किया जाता है। जिसमें स्काउट एवं गाइड उक्त रेलियो में प्रतिभा करते हैं। इस दौरान निशुल्क ड्रेस के वितरण के अवसर पर जिला गाइड कैप्टन श्रीमती विनीता चौधरी ने कहा कि स्काउट एवं गाइड बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा में सदैव तत्पर रहता है तथा किसी भी विषम परिस्थितियों से संघर्ष करने के लिए तैयार रहता है। इस अवसर पर रविंद्र सिंह गौतम, विनीत चौधरी, रणजीत सिंह, निशा कुमारी, प्रशांत शर्मा, नूतन रानी, राजकुमारी, संगीता बघेल, कांता देवी, रिंकी देवी, पार्वती, कुमार संजय धाकरे आदि उपस्थित रहे।

# शासन की मंशा बच्चों को मदरसों में मिले बेहतर व्यवस्था : संजय मिश्र

■ मदरसा अशरफिया मसूदुल उलूम छोटी तकिया का जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशाअनुसार मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों को मिलने वाले भोजन फलों सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के लिए आज मदरसा जामिया अशरफिया मसूदुल उलूम छोटी तकिया का जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र के आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य मोहम्मद शमीम आलम आलिया के अध्यापक गुल मोहम्मद खान और तहतानिया के अध्यापक अब्दुल अज़ीज़ नईमी के हस्ताक्षर उपस्थित पंजिका पर बने हुए थे जबकि यह मदरसे में उपस्थित नहीं थे इसके अलावा आलिया अध्यापक मोहम्मद जियाउद्दीन हसन भी अनुपस्थित पाए गए मदरसे में मुंशी / मौलवी अर्थात 9, 10 और आलिम अर्थात 11 ,12 की कक्षाएं बंद पाई गई जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यहां की स्थिति बहुत असंतोष जनक है। मदरसे में बच्चों को मिलने वाला एमडीएम भी मीनू के अनुसार नहीं बना था ! एमडीएम में चावल और आलू परवल की सब्जी बच्चों को परोसी गई थी जबकि आज सोमवार के अनुसार रोटी और सब्जी जिसमें सोयाबीन अथवा दाल की बड़ी का प्रयोग होना चाहिए साथ ही ताजा मौसमी फल भी दिए जाने का प्रावधान है ! मदरसे की सभी कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम थी कक्षा दो में कुल अठाईस पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष मात्र चार छात्र ही उपस्थित थे बाकी कक्षाओं में भी स्थिति अच्छी नहीं पाई गई तथा साफ सफाई भी संतोषजनक नहीं थी।इस संबंध में ज़िला अल्पसंख्यक अधिकारी संजय मिश्र द्वारा मदरसे के जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा मदरसे में मानक के अनुसार बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने बच्चों को मौसमी फलों के साथ साथ मेन्यू के अनुसार भोजन देने और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिये गए हैं।

## श्याम बिहारी मिश्रा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर गोष्ठी

**शिकोहाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद स्व पं श्याम बिहारी मिश्रा की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को उद्योग व्यापार मंडल की ओर से एक श्रद्धांजलि गोष्ठी का आयोजन कैंप कार्यालय पुराने छोटे डाकखाने के पास किया गया।


## सूचना

मैं मो साजिद खान पुत्र मो आशिक अली निवासी मोहल्ला कैथी टोला पोस्ट टाऊन बिसवां तहसील बीसवां जिला सीतापुर का हूं।

मेरे सभी दस्तावेजों पर मेरा नाम मो साजिद खान (Mohd Sajid Khan) दर्ज है मैने अपना नाम मो साजिद खान (Mohammad Sajid Khan) से बदल कर मो साजिद खान (Mohd Sajid khan) रख लिया है भविष्य में मुझे मो साजिद खान (Mohd Sajid Khan) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## कार्यालय अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

### शुद्धिपत्र

समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कैलाश बाई पत्नी स्व0 भगीरथ सिंह लहरी ग्राम भंगोर तहसील नरसिंहगढ जिला राजगढ द्वारा निम्न सम्पत्ति को मृत्य प्रमाण पत्र के आधार पर वरासतन दर्ज करने हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण से नामान्तरण का अनुरोध किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्र. | मृतक/मूल आवंटी का नाम व पता | योजना का नाम एवं सम्पत्ति का विवरण | सम्बन्ध प्रमाण पत्र के अनुसार उत्तराधिकारी का नाम व पता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | स्व0 भगीरथ सिंह लहरी निवीसी ग्रा0 भंगोर तहसील नरसिंहगढ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0 जैन मंदिर जिला अयोध्या | सरयू पुल व्यवसायिक योजना दुकान सं0-14 जिला अयोध्या | 1 श्रीमती कैलाशबाई पत्नी स्व0 भगीरथ सिह लहरी 2. श्री हर्षवर्धन सिंह 3. श्री विक्रम सिंह 4. श्री राघवेन्द्र सिह 5. श्री निर्भय सिंह 6. ब्रजबाला लहरी (गुर्जर) ग्राम भंगोर त0 नरसिंहगढ जिला राजगढ |

उपरोक्त विवरण के अनुसार सम्बन्ध प्रमाण पत्र के आधार पर किया जाना है। उपरोक्त के आधार पर दिनांक 7 दिसम्बर 2024 को प्रकाशन कराया गया था परन्तु निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति आदि नहीं प्रस्तुत हुई उक्त सूचना में परन्तु त्रुटिवश ब्रजबाला लहरी (गुर्जर) ग्राम भंगोर तहसील नरसिंहगढ जिला राजगढ का नाम नहीं प्रकाशित हुआ था। अतः उपरोक्तानुसार प्रकाशनोपरान्त 1 सप्ताह के अन्दर आपत्तियां न प्राप्त होने पर आपत्तियो पर विचार नहीं किया जायेगा व नियमानुसार नामान्तरण क कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति
अयोध्या विकास प्राधिकरण
अयोध्या

## नगर पंचायत जहानागंज बाजार आजमगढ़

पत्राक :- 7/न0प0ज0बा0/2025-26 दिनाक : 15 अप्रैल 2025

### द्वितीय ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत जहानागंज बाजार में पं0 दीनदयान उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत शासनादेश सख्या-2531/9-8-2024-1681633 नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊ दिनांक 29 नवम्बर, 2024 के द्वारा प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं से ई निविदा के माध्यम से निम्नांकित निर्माण कार्य/पथ प्रकाश कार्य कराये जाने हेतु निविदायें उत्तर प्रदेश की ई- प्रिक्योरमेण्ट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। जिसकी ई-निविदा शासनादेश दिनांक 29 नवम्बर 2024 में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत की धनराशि मु0-400.00 (लाख) के सापेक्ष मु0-200.00 (लाख) का आवंटन प्रथम किस्त के रूप में शेष मू0-200.00 (लाख) का द्वितीय किस्त की आवंटन के प्रत्याशा में एवं 200 लाख के आवंटन में समय सीमा 31 मार्च 2025 को समाप्त हो गई है, जिसके प्रत्याशा में ई निविदा सम्पमर्ण धनराशि पर करायी जा रहीं है।

1-कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है :-

| क्र. स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. सहित) | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य एवं जी.एस.टी. | | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निविदा मूल्य | जी.एस.टी. 18 प्रतिशत | योग | |
| 01 | वार्ड नं0 12 एवं 14 में बेचू जायसवाल के घर से बूद्ध मोकादम के घर तक सी0सी0 मार्ग एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 3999746.00 | 399975.00 | 4000.00 | 120 दिवस | 720.00 | 4720.00 |
| 02 | वार्ड नं0 12 में जुम्मन के घर से एजाज अहमद के घर तक सी0सी0 मार्ग एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 3735638.00 | 373564.00 | 3736.00 | 120 दिवस | 672.00 | 4408.00 |
| 03 | वार्ड नं0 14 में अबु बकर के दुकान से रामलीला मैदान तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 3988623.00 | 398862.00 | 3989.00 | 120 दिवस | 718.00 | 4707.00 |
| 04 | वार्ड नं0 06 में रमेश प्रमुख के घर से माधुरी सिंह के घर होते हुए पिच मार्ग तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 2601443.00 | 260144.00 | 2601.00 | 120 दिवस | 468.00 | 3069.00 |

| क्र.स. | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि / समय | 21-04-2015 | अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 2 | आनलाईन निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि/समय | 21-04-2015 | अपराह्न 04:00 बजे से। |
| 3 | आनलाईन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | 12-05-2015 | अपराह्न 04:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 13-05-2015 | पूर्वान्ह 10:00 बजे से। |

**नोट-** विभाग द्वारा निविदा संबंधी कोई भी परिशिष्ट जारी किया जा सकता है, जो ई-निविदा पोर्टल पर जारी किया जायेगा। किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, सभी संभावित निविदादाता नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। विस्तृत नियम/शर्ते व अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेण्ट को डाउनलोड करें।

(विक्रम)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जहानागंज बाजार
आजमगढ़।

(सरफराज अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत जहानागंज बाजार
आजमगढ़।

# बिना अनुमति फोन कॉल रिकॉर्डिंग, ब्लैकमेल का बढ़ता चलन

**हिफजुर्रहमान**



**हमीरपुर।** डिजिटल युग में फोन कॉल रिकॉर्डिंग एक आम बात हो गई है। कुछ लोग इसे इसलिए करते हैं ताकि सामने वाला अपनी बातों से मुकर न सके, वहीं कुछ का मकसद रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग जैसे गलत उद्देश्यों के लिए करना होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में बिना अनुमति के कॉल रिकॉर्ड करना कानूनन अपराध है? यह न केवल निजता के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि इसके गंभीर कानूनी परिणाम भी हो सकते हैं।

**कानून क्या कहता है?** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक नागरिक को निजता का मौलिक अधिकार प्राप्त है। भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 5 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66श्व, 67, और 72 के अनुसार, बिना सहमति के किसी की कॉल रिकॉर्ड करना अवैध है। यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति के कॉल रिकॉर्ड करता है और उसका दुरुपयोग करता है, जैसे कि ब्लैकमेलिंग या मानहानि, तो उसे आईटी एक्ट की धारा 72 के तहत दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामले में स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के कॉल रिकॉर्डिंग निजता के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने एक पारिवारिक मामले में पति द्वारा पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर स्वीकार करने से इनकार कर दिया, क्योंकि यह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन था।

**ब्लैकमेलिंग का बढ़ता खतरा-** पिछले कुछ वर्षों में, बिना अनुमति कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए ब्लैकमेलिंग के मामले बढ़े हैं। साइबर अपराधी निजी बातचीत को रिकॉर्ड कर लोगों को धमकाते हैं या उनसे पैसे वसूलने की कोशिश करते हैं। हाल ही में दिल्ली में एक ऐसा मामला सामने आया, जहां एक व्यक्ति ने अपने सहकर्मी की कॉल रिकॉर्ड कर उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज की, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

**क्या हैं अपवाद?-** कानून कुछ विशेष परिस्थितियों में कॉल रिकॉर्डिंग की अनुमति देता है, जैसे कि सार्वजनिक सुरक्षा या आपातकाल के लिए। हालांकि, इसके लिए सक्षम प्राधिकरण की अनुमति आवश्यक है। बिना ऐसी अनुमति के कोई भी रिकॉर्डिंग अवैध मानी जाएगी।

**क्या करें अगर आपकी कॉल रिकॉर्ड की गई?-** यदि आपको लगता है कि आपकी कॉल बिना अनुमति रिकॉर्ड की गई है, तो आप निम्नलिखित कदम उठा सकते हैं:

पुलिस में शिकायत दर्ज करें: स्थानीय पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम सेल में शिकायत करें।

कानूनी सलाह लें: किसी वकील से संपर्क कर अपने अधिकारों को समझें।

संदिग्ध कॉल से बचें: अगर आपको लगता है कि कोई आपकी कॉल रिकॉर्ड कर रहा है, तो कॉल तुरंत काट दें और नंबर ब्लॉक करें।

**जागरूकता और सावधानी जरूरी-** कॉल रिकॉर्डिंग का फीचर कई स्मार्टफोन्स में आसानी से उपलब्ध है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल गंभीर परेशानी का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉल रिकॉर्ड करने से पहले हमेशा सामने वाले की सहमति लेनी चाहिए। साथ ही, लोगों को अपने फोन की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनकी निजी जानकारी का दुरुपयोग न हो।

**निष्कर्ष-** बिना अनुमति के कॉल रिकॉर्डिंग न केवल नैतिक रूप से गलत है, बल्कि यह कानूनी रूप से भी दंडनीय है। चाहे आप किसी की बात को सुरक्षित रखने के लिए रिकॉर्डिंग करें या अन्य उद्देश्यों के लिए, सहमति लेना अनिवार्य है। समाज में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए, यह जरूरी है कि हम अपने अधिकारों और कानूनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहें। यदि आप कॉल रिकॉर्डिंग से संबंधित किसी समस्या का सामना कर रहे हैं, तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम सेल से संपर्क करें।

# शहर में हर्सोल्लास से निकली भगवान काल भैरव की पालकी यात्रा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** रविवार की देर रात शहर मे एक कदम संस्कृति की ओर चतुर्थ काल भैरव शमशान यात्रा का आयोजन श्रद्धाभाव के साथ हर्सोल्लास से किया गया। सुमेर सिंह किला स्थित हनुमान गढ़ी से शुरु हुयी यात्रा बैंड बाजों के साथ मोक्षधाम पर पहुंचकर संपन्न हुई, यहां पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ और 2100 दीपों से जब दीपदान किया गया तो मोक्ष धाम जगमग हो उठा। यात्रा में शामिल युवा भक्ति गीतों पर खूब थिरके। जूना अखाड़ा 14 मढ़ी के महन्त भैरवानंद गिरी सागर महाराज ने बताया कि श्री कालभैरव यात्रा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की प्राचीन पद्धति के अनुसार उज्जैन, बनारस, काशी में काल भैरव भगवान अपने भक्तों का जायजा लेने भ्रमण पर निकलते हैं वैसे ही इटावा में सुमेर सिंह किला पर महाविद्या काली गुफा में काल भैरव भगवान का स्थान हैं। भगवान काल भैरव अपने भक्तों का जायजा लेने के लिए निकले थे। काल भैरव भगवान की यात्रा काली गुफा से भूतनाथ मंदिर होती हुई मोक्षधाम के लिये निकाली गई। यात्रा में भगवान महाकाल की झांकी शामिल थी भक्तों ने आरती पूजन व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा से पूर्व दोपहर में हनुमानगढ़ी पर ब्रह्मलीन स्वामी आनंदेश्वर गिरी लाल बाबा की पुण्यतिथि पर पूजन अर्चन के बाद भव्य भंडारा भी आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। काली गुफा में माता महाकाली व भगवान काल भैरव का पूजन अर्चन कर श्रृंगार भी किया गया था। देर रात मोक्षधाम पर यात्रा संपन्न होने के बाद हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ और भक्तों के द्वारा दीपदान भी किया गया दीपदान से मोक्षधाम जगमग हो उठा। यात्रा में मोनी महाराज मंजुल महाराज कल्लू बाबा गोल्डी प्रधान समीर दोहरे संजय वर्मा सार्थक सक्सेना सतीश कुशवाहा रजत अग्रवाल क्षत्रिय सभा के उपाध्यक्ष दीपू सोनी शिवम चौहान सुमित ठाकुर अभिषेक यादव कलमकार शिवाय ने सहयोग प्रदान किया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा गोष्ठी का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत चयनित 374 अभ्यर्थियों के दिनांक 22 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होने वाले चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया के सफल संचालन के उद्देश्य से आयोजित की गई। गोष्ठी में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, मेडिकल बोर्ड के सभी सदस्यों को भी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर समय से उपस्थित होकर चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया को सरल एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन की इस संपूर्ण प्रक्रिया में सम्मिलित पुलिस कार्यालय की शाखाओं, थानों में नियुक्त समस्त ड्यूटी स्टाफ, तथा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों को भी उनके उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। हमीरपुर पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक संपन्न

**हमीरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति जनपद हमीरपुर की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें समस्त नामित सदस्य उपस्थित रहे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत कराए जा रहे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के सापेक्ष प्रगति बढ़ाए जाने, आर आर सी संचालन में ग्रामों में घरों से व दुकानों से कूड़ा उठाने जाने हेतु शुल्क लेते हुए श्व्रद्यह्न खाते में जमा करने की कार्रवाई किए जाने हेतु कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया यदि अगली बैठक में यह ओएसआर जमा करने की प्रगति कम पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी साथ ही ग्रामों में व्यक्तिगत शौचालय में रिट्रोफिटिंग करते हुए एक माह के अंदर वित्त के टाइड फंड से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें यदि किसी विकास खंड में रिट्रोफिटिंग के कार्य नहीं किए जाते हैं तो संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत का वेतन अवरुद्ध किया जाएगा। जहां भी कूड़ा संग्रह हेतु ई-रिक्शा नहीं क्रय किए गए हैं ले लिए जाएं संचालन यथा शीघ्र सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही की जाए।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक

- सवार को मारा डंडा अनियंत्रित बाइक सवार महिला की मौत
- ढाई घंटे हाईवे रहा जाम, भाजपा विधायक की पुलिस इंस्पेक्टर से जमकर हुई नोंक झोंक



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना निगोही पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं यहां रविवार की देर शाम पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा बाइक सवार के डंडा मारते ही लड़खड़ाई बाइक ट्रक के नीचे आ गई जिसके चलते बाइक पर बैठी महिला की मौत हो गई है पूरी घटना थाना निगोही क्षेत्र के निगोही बीसलपुर मार्ग के खनका वाली पुलिया की बताई जा रही है जहां थाना निगोही पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार को डंडा मार दिया बाइक पर बैठी उसकी पत्नी अमरीसा देवी प्रदीप कुमार व उनका बेटा किशन बाइक लड़खड़ाने के बाद ट्रक के नीचे आ गई जिसमें प्रदीप कुमार की पत्नी अमरीसा देवी की कुचलकर मौत हो गई और प्रदीप कुमार उनका बेटा किशन घायल हुआ है इस घटना को लेकर लोगों ने आक्रोशित होकर रोड पर जाम लगा दी और करीब ढाई घंटे तक रोड जाम रहा घटना की जानकारी पाकर तिलहर विधानसभा से भाजपा विधायक सलोन कुशवाहा भी मौके पर पहुंच गई जिनकी पुलिस इंस्पेक्टर से जमकर नोक झोंक हुई वायरल वीडियो में भाजपा विधायक इंस्पेक्टर से बोल रही हैं कि आपने थाने में जमकर लूट मचा रखी है इसी के साथ भाजपा विधायक इंस्पेक्टर से बोली की बाइक सवार को डंडा मारने की क्या जरूरत थी यह अधिकार आपको किसने दिया आपकी पुलिस की वजह से महिला की मौत हो गई है उसे आप जिंदा कर सकते हैं मृतक महिला कलियानपुर की निवासी थी और अपने पति और बेटे के साथ शादी कार्यक्रम में जा रही थी हंगामा के बाद विधायक और पुलिस प्रशासन के काफी कुछ समझने के बाद आक्रोशित लोग हाईवे से हटे और महिला का पुलिस ने पीएम कराया इसके बाद आरोपित पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई न करते हुए 50 से 60 अज्ञात लोगों पर हाईवे जाम करने का थाना निगोही में मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने मृतक महिला का पीएम होने के बाद पुलिस अभिरक्षा में अंतिम संस्कार करा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भा.वि.प.ने प्रतिमा शंकर दीक्षित को सम्मानित किया



**इटावा।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिमा शंकर दीक्षित( अवकाश प्राप्त प्रवंधक भारतीय स्टेट बैंक ) को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री दीक्षित को यह सम्मान इटावा के ऐतिहासिक प्राचीन कालीबाड़ी मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी सुबोधानंद जी महाराज द्वारा दिया गया। विदित हो कि प्रतिमा शंकर दीक्षित स्वतंत्रता सेनानी ज्योति शंकर दीक्षित के सुपौत्र हैं।

### जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक सम्पन्न



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक की गयी, बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु जिन विभागों को जो भी लक्ष्य दिये गये हैं, वह उसके अनुरूप गढ्ढा खुदाई का कार्य ससमय कर लें और वर्ष-2023-24 में किये गये वृक्षारोपण के माहवार जीवितता प्रतिशत रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, हरीतिमा ऐप पर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत जीओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें, समस्त राजकीय, निजी स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों में उत्पन्न होने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट मानक के अनुसार निस्तारित किया जाये, उद्योगों द्वारा खतरनाक अपशिष्ट को नदियों व तालाबों में जाने से रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, खनिज परिवहन से उत्पन्न होने वाले फ्लाईऐस के नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, नदियों को स्वच्छ निर्मल व अविरल रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये, कृषि विभाग द्वारा सोन नदी के किनारे बसे गांवो में किसानो को आरगैनिंक प्राकृतिक खेती हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये। इस मौके पर डीएफओ राबर्ट्सगंज कुंज बिहारी वर्मा, डीएफओ ओबरा, डीएफओ रेनुकूट सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मंत्री ने एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर किये रवाना



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में 108 डायल की 15 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये, इस दौरान मंत्री जी ने एक एडवांस लाइव सपोर्ट सिस्टम एम्बुलेंस को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये, इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहें। इस दौरान मंत्री ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से 108 डायल नम्बर की कुल 21 एम्बुलेंस रिप्लेश के रूप में अब तक जनपद को प्राप्त हुई हैं। जिसमें से आज 15 एम्बुलेंस व एक एडवांस लाइव सपोर्ट सिस्टम की एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जनपद में रिप्लेस के रूप में प्राप्त एम्बुलेंसों से जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होगीं और लोगों को समुचित ईलाज की सुविधा समय से उपलब्ध हो सकेंगी।

# तुलसी का दायित्वग्रहण संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**




- डॉ. कैलाश यादव अध्यक्ष, ध्रुव कुमार गुप्ता सचिव एवं मौसमी पाल बनी कोषाध्यक्ष

**इटावा।** भारत विकास परिषद इटावा तुलसी का दायित्व ग्रहण समारोह कृष्णापुरम स्थित पानकुवर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार की शाम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा, विशिष्ट अतिथि इन्द्र नारायण पाण्डे अध्यक्ष पांचाल प्रान्त, आलोक रायजादा प्रांतीय महासचिव व शपथ अधिकारी, स्नेहलता उमराव प्रांतीय संयोजक महिला सहभागिता एवं परिषद के वरिष्ठ सदस्य अच्युत कृष्ण मिश्र, एवं शाखा के अध्यक्ष डॉ कैलाश चन्द्र यादव सहित अन्य दायित्वधारियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन कर किया। दीप प्रज्वलन के समय वाणी वन्दना एवं राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का गायन संगीत शिक्षिका करुणा बंसल ने परिषद की परम्परानुरूप अपने सुरीले कंठ से गाया तत्पश्चात सभी ने अपना व्यक्तिगत परिचय दिया। तुलसी के सदस्य प्रधानाचार्य राजेश सिंह, डॉ अनुराग श्रीवास्तव एवं मोहिनी मिश्रा के द्वारा मंचासीन मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का रोली अक्षत से तिलक व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। पुष्प रूपी शब्दों से स्वागत संयोजिका रश्मि यादव द्वारा किया गया। साथ ही परिषद का सूक्ष्म परिचय वरिष्ठ संस्थापक सदस्य अच्युत कृष्ण मिश्र द्वारा दिया गया। तुलसी शाखा के नवीन दायित्वधारियों मे डॉ कैलाश यादव को अध्यक्ष, डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता को सचिव, मौसमी पाल को कोषाध्यक्ष, संगीता को महिला सहभागिता एवं अंजू चौधरी को संगठन सचिव के दायित्व की शपथ आलोक रायजादा शपथ अधिकारी द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने नये सदस्य के रूप में सुनीता पाल को भी शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम के अवसर पर नन्ही बालिका ध्वनि बंसल ने राष्ट्र भक्ति गीत ÷जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वह भारत देश है मेरा÷को अपने मधुर सुर में गाकर सभी को मोहित किया और खूब तालिया बटोरी व पुरस्कार भी प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ ने शाखा के नवीन दायित्वधारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्र भावना से प्रेरित समाजसेवा के कार्य कर परिषद ने नई पीढ़ी को दिशा दिखाने का प्रशंसनीय कार्य किया है। आप दायित्व धारियों को सभी के साथ मिलकर इसे गगन की ऊंचाइयों तक लेकर जाना हैं। विशिष्ट अतिथि इन्द्र नारायण पाण्डे ने इस अवसर पर परिषद द्वारा संचालित किये जाने वाले विभिन्न प्रकल्पों के संबंध में उपस्थिति लोगों को विस्तार से अवगत कराते हुए आवाहन किया कि हमें पूर्व की भाँति पूरी ऊर्जा व उत्साह के साथ कार्य करके इस प्रान्त को श्रेष्ठ प्रान्त बनाने को जुटना होगा। समापन पर सभी अतिथियों का आभार डॉ कैलाश चन्द्र यादव ने व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया कि उनकी टीम पूरी ऊर्जा एवं क्षमता के साथ समाज सेवा के कार्यों को सभी के साथ मिलकर सफलतापूर्वक आयोजित करने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन नीलिमा चौधरी पूर्व प्रांतीय महिला संयोजिका ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अर्चना चौबे, अनीता सिंह, शशि दीक्षित, डॉ गीता श्रीवास्तव, पूरन सिंह पाल, पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य सभी तुलसी सदस्यों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने खसरा रजिस्टर के प्रकाशन व फुटपाथ व्यसाईओ के लिए नगर में चयनित स्थानो पर स्थान आवाटित करने के सम्बन्ध में ज्ञापन अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सौपा जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि नगर की सबसे बड़ी समस्या खसरा रजिस्टर की है उ प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल विगत कई वर्षो से खसरा रजिस्टर बनाये जाने के लिए संघर्ष कर रहा है जिसके परिणाम स्वरूप खसरा रजिस्टर बनाये जाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर श्रीमान एस राजलिगंम साहब ने सर्वे का आदेश दिया सर्वे पूरा हुआ जो लगभग 3 वर्ष से प्रकाशन का इन्तजार कर रहा है बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सदीप सिंह चन्देल ने कहा कि जिला प्रशासन से सम्पर्क करने पर पता चला कि खसरा रजिस्टर प्रकाशन के लिए नगर पालिका परिषद सोनभद्र को दिया गया है जिलाध्यक्ष युवा रमेश जायसवाल नगर अध्यक्ष आनन्द जायसवाल ने कहा कि जनहित में खसरा रजिस्टर का प्रकाशन अविलम्ब किया जाय जिला महामंत्री राजेश बंसल जिला कोषाध्यक्ष अजित जायसवाल ने कहा कि व्यापारी की समस्या जनहित को प्राथमिकता दी जाय फुटपाथ व्यसाईओ के अध्यक्ष रामचन्द्र सोनकर ने कहा कि फुटपाथ व्यसाईओ को टिन शेड बनाकर स्थान दिया जाय जिसका किराया देने के लिए हम सभी तैयार है बिना स्थान के हमे न हटाया जाए हम सभी फुटपाथ व्यसाई हर सहयोग को तैयार हैं ज्ञापन देने में जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी नगर महामंत्री राजेश जायसवाल नगर संगठन मंत्री अभिषेक केशरी नगर उपाध्यक्ष अशू अग्रहरी महिला नगर अध्यक्ष रितु अग्रहरी किराना नगर अध्यक्ष श्याम केशरी बड़ी संख्या में फुटपाथ व्यसाई मौजूद थे

# 7, 8 व 9 मई को लघु आपराधिक वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत

**अवधनामा ब्यूरो**

- 10 मई को सुबह 06:30 बजे से जनपद न्यायालय प्रांगण में आर्बिट्रेशन की विशेष लोक अदालत

**इटावा।** प्रभारी अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रूपेन्द्र सिंह टौंगर ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चवन प्रकाश की अध्यक्षता में दिनांक 10.05.2025 को प्रातः06:30 बजे से जनपद न्यायालय प्रांगण में आर्बिट्रेशन की विशेष लोक अदालत व राष्ट्रीय लोक अदालत व दिनांक 07, 08 व 09/05/2025 को लघु आपराधिक वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों, दाम्पत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर, आर्बिट्रेशन, तुच्छ आपराधिक प्रकृति के वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व, चकबन्दी, बैंक मामले, धारा 138 एन0आई0एक्ट, सर्विस के मामले, श्रमिक वाद, भरण पोषण वाद आदि प्रकार के मामले निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत में धन व समय की बचत करने हेतु एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों को व प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पाये। अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से न्यायिक, राजस्व, प्रशासनिक व बैंक अधिकारीगण के साथ प्री-ट्रायल बैठकों का आयोजन भी किया जा चुका है। अतःसर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2025 को आयोजित होने वाली आर्बिट्रेशन कर विशेष लोक अदालत व राष्ट्रीय लोक अदालत एवं दिनांक 07, 08 व 09/05/2025 को आयोजित होने वाली लघु आपराधिक वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत में वादों के निस्तारण के उद्देश्य से सामान्यजन से अपील की जाती है कि अपने लम्बित मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जाने हेतु उक्त लोक अदालत में भाग लेना सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये।

# बाबा साहब का जीवन समतामूलक समाज के निर्माण के लिए समर्पित था

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विचार गोष्ठी सम्पन्न हुयी। गोष्ठी मे बतौर मुख्यअतिथि अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कनौजिया व विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सुधीर हलवासिया जी मौजूद रहे, गोष्ठी का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी व संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि रामचंद्र कनौजिया जी ने कहा बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का जीवन समतामूलक समाज के निर्माण के लिए समर्पित था बंचितो दलितो और कोटि कोटि मानवों को अधिकार दिलाना उनका संकल्प था वे सामान्य मनुष्य नही बल्कि एक महामानव थे बाबा साहब का मिशन देश का मिशन है वह व्यक्ति का मिशन नही है भारत की मजबूती का मिशन है एकता और अखण्डता का मिशन है भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनाने का मिशन है, बाबा साहब के संकल्पों को पूर्ण करने हेतु भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जिसमें प्रधानमंत्री जी के पहल पर देश के करोड़ो वंचितों के आत्मबोध, सशक्तिकरण और उनके सम्मान हेतु भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी से जुड़े पांच स्थानो का पंचतीर्थ के रुप में विकसित किया गया है, जिसमें मध्यप्रदेश के महू में बाबा साहब की जन्मभूमि, लंदन में डॉ0 अंबेडकर मेमोरियल बाबा साहब की शिक्षा भूमि, नागपुर महाराष्ट्र बाबा साहब की दिक्षा भूमि, मुंबई महाराष्ट्र बाबा साहब की चैत्य भूमि, दिल्ली बाबा साहब की महापरिनिर्वाण भूमि को पंचतीर्थ के रुप में आज दुनिया में जाना जा रहा है। इसी तरह से उत्तर प्रदेश की सरकार ने भी लखनऊ में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण जिसमें बाबा साहब की 25 फिट उंची प्रतिमा, पुस्तकालय, शोध केन्द्र, अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं संग्रहालय की स्थापना श्रमिकों एवं वंचितों के बच्चों की उत्तम शिक्षा हेतु सभी 18 मण्डल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालय का संचालन डॉ0 भीमराव अंबेडकर छात्रावास योजना अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शिक्षा मे सहायता के लिए छात्रावासों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण प्रदेश सरकार द्वारा कराया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सुधीर हलवासिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली मोदी जी की सरकार ने बाबा साहब के विचारों की प्रेरणा से लगातार काम कर रही है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरु की है जिनका मूल उद्देश्य अनुसूचित वर्ग का कल्याण है ताकि परंपरागत रुप से पिछड़े हुए इस वर्ग के लोग सबल बन सके उनके आत्म सम्मान मे वृद्धि हो और वे समाज और देश की प्रगति में बराबर के साझेदार बन सके। बाबा साहब ने धारा 370 का उस समय पुरजोर विरोध किया था और उन्होने यह भी कहा था कि जब देश मे भ्रष्टाचार चरम पर हो जाये तो देश की करंसी को भी समय समय पर बदलते रहना चाहिए। आज उन्ही के विचारों को मोदी जी ने पूर्ण करके दिखाया है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि बाबा साहब के पाथेय जिसकी परिकल्पना थी अन्त्योदय, आज बाबा साहब के नाम पर तमाम राजनीतिक दल अपनी रोटी सेंकते है और उनके सिद्धांतो उनकी परिकल्पना को भूल जाते है, विगत 70 सालों से देश में कांग्रेस की सरकार रही परन्तु बाबा साहब को भारत रत्न का सम्मान नही दे सकी लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न देकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# वस्त्र उद्योग की 26 इकाइयों को 60 करोड़ का सरकार देगी अनुदान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के हथकरघा, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग को वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वित्तीय मदद उन इकाइयों को दी जायेगी जो उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग नीति- 2017 की नीति लागू होने से निवेश कर चुकी थीं, लेकिन नीति के दायरे में आने से छूट गई थीं। उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार के इस फैसले से करीब 26 औद्योगिक इकाइयों को सीधे तौर पर फायदा होगा।

इन इकाइयों के लिए सरकार लगभग 60 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान करेगी, जिससे वे अपने उत्पादन को और बढ़ा सकेंगी। इसके लिए सरकार ने बकायदा शासनदेश जारी कर उन्हें योजना के दायरे में ले आने का निर्णय किया है। यह निर्णय उन इकाइयों के लिए राहत का सबब बना है, जिन्होंने नियमानुसार निवेश तो किया था, लेकिन समयसीमा या तकनीकी कारणों से नीति का लाभ नहीं पा सके थे।

उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग नीति-2017 का उद्देश्य राज्य में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देना, निवेशकों को आकर्षित करना और अधिक से अधिक रोजगार सृजन करना है। इसके तहत निवेश करने वालों को विभिन्न प्रकार के अनुदान और सुविधाएं देने का प्रावधान है। इस नीति के कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई और निवेश किया। हालांकि, कुछ इकाइयों ने आंशिक निवेश पहले ही कर दिया था, लेकिन वाणिज्यिक उत्पादन नीति की प्रभावी तिथि के बाद प्रारंभ किया।

ऐसे मामलों को देखते हुए सरकार ने सहानुभूति के आधार पर सकारात्मक विचार करते हुए उन्हें भी नीति के तहत पात्र मानने और यथोचित अनुदान देने का निर्णय लिया है। वे इकाइयां, जिन्होंने नीति के प्रारंभ से पहले यानी 13 जुलाई 2017 से पूर्व अपना आंशिक निवेश किया, लेकिन वाणिज्यिक उत्पादन बाद में प्रारंभ हुआ, अब उन्हें भी 2017 की नीति का लाभ दिया जाएगा। यह निर्णय लघु, मध्यम, विस्तृत और मेगा श्रेणी की इकाइयों पर समान रूप से लागू होगा।

योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलेगी।

## मनरेगा मजदूरों के लिए 2300 करोड़ रुपये अवमुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मनरेगा मजदूरों के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2300 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्रदान की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) भारत की सबसे महत्वपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजनाओं में से एक है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को रोजगार की गारंटी प्रदान करती है। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के मनरेगा मजदूरों के लिए 2300 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि अवमुक्त की है। यह धनराशि बकाया भुगतानों को पूरा करने और समय पर मजदूरी सुनिश्चित करने में मदद करेगी।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों की बकाया धनराशि उनके खातों में तत्काल भेजने की कार्यवाही की जाय। केंद्र सरकार से मनरेगा श्रमिकों के भुगतान हेतु करीब 2343.80 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इससे बकायेदारी भी दूर होगी। केंद्र सरकार से यूपी मनरेगा के लिये श्रमांश मद हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली किस्त के रूप में कुल 2343.80 करोड़ रुपए केंद्र से जारी किये गये हैं।

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी: केशव प्रसाद मौर्य

- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान
- जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाय, जवाबदेही
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अलीगढ़ जाने से पहले अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मयंक त्रिवेदी आरएलडी के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के अनुमोदनोपरांत मयंक त्रिवेदी को राष्ट्रीय लोकदल का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। इसके पूर्व त्रिवेदी प्रदेश सह मीडिया प्रभारी के पद के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने आशा की है कि इस गहन दायित्व का निर्वहन करते हुए मयंक त्रिवेदी भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह एवं श्रद्धेय चौधरी अजित सिंह की विचारधारा-रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुये राष्ट्रीय लोकदल को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, चन्द्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पी0के0 पाठक, प्रमोद शुक्ला, आमिर साबिरी, मुकेश वर्मा आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# उदयगंज में दो पक्षों में मारपीट के बाद फेंके देशी बम

अवधनामा ब्यूरो

- पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज

**लखनऊ।** हुसैनगंज के उदयगंज की डायमंड डेरी कॉलोनी में रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। इसी बीच दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर देशी बम से हमले किये। बम के हमले के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। इस मामले में स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चार नामजद समेत कई पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इंस्पेक्टर हुसैनगंज रामकुमार गुप्ता के मुताबिक पुराना किला चौकी प्रभारी अवधेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के मुताबिक डायमंड डेयरी कालोनी स्थित यादव चाय की दुकान के पास ऋषभ सोनकर, करन समेत कई लोग मौजूद थे। इसी बीच इलाके का अब्दुल तनवीर, मो. नदीम वहां पहुंचे। दोनों पक्षों में अक्सर विवाद होता था। रविवार को भी दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। दोनों तरफ से देशी बम चलने लगे। इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस पहुंची इसके पहले आरोपी वहां से भाग निकले। आरोपियों की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगी हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर कोई नहीं मिला तो स्थानीय लोगों से पूछताछ कई गई। उन्होंने बताया कि विवाद में ऋषभ सोनकर, करन, अब्दुल तनवीर, मो. नदीम समेत अन्य लोग मौजूद थे। उनके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# लोगो डिज़ाइनिंग प्रतियोगिता आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** संस्कृति विभाग,उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्चरल क्लब सञ्चालन हेतु चयनित महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवगठित सांस्कृतिक क्लब के अंतर्गत 'सांस्कृतिक क्लब' द्वारा उत्तर प्रदेश की संस्कृति विषय पर एक लोगो डिज़ाइनिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को लोगो डिज़ाइन के माध्यम से रचनात्मक रूप से प्रदर्शित करना था। प्रतियोगिता में 38 उत्साही प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।प्रतिभागियों को अपने लोगो डिज़ाइन करने के लिए एक घंटा दिया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करना और उत्तर प्रदेश की संस्कृति को लोगो डिज़ाइन के माध्यम से प्रदर्शित करना था । एक लोगो का चयन करना जो सांस्कृतिक क्लब की पहचान का प्रतिनिधित्व करता हो। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप विभिन्न रचनात्मक लोगो सामने आए, प्रत्येक प्रतिभागी ने उत्तर प्रदेश की संस्कृति की अपनी व्याख्या को प्रदर्शित किया। लोगो की समीक्षा की जाएगी और निर्णायक मंडल द्वारा विजेता का चयन किया जाएगा। विजेता लोगो को सांस्कृतिक क्लब के आधिकारिक लोगो के रूप में अपनाया जाएगा। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के अवसर की सराहना की। लोगो डिज़ाइनिंग प्रतियोगिता एक सफल आयोजन था जिसने प्रतिभागियों की रचनात्मक क्षमता को उजागर किया और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर क्लब प्रभारी डॉ सनोबर हैदर,सह प्रभारी डॉ सरिता सिंह,सचिव डॉ नीतू सिंह ,समन्वयक डॉ स्मृति मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉ मधुमिता गुप्ता,सलाहकार समिति के डॉ राघवेंद्र मिश्रा, डॉ श्वेता मिश्रा एवम डॉ अंजू सिंह उपथित थे।

# भाजपा अनवरत कार्य करने वाला राजनैतिक दल: धर्मपाल

- प्रदेश महामंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों से किया संवाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। धर्मपाल सिंह ने सीतापुर जिला कार्यालय में अलग-अलग बैठकों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों, लहरपुर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों के साथ ही लहरपुर विधानसभा के अनुसूचित मोर्चा के पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव की विजय रणनीति पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा अनवरत कार्य करने वाला राजनैतिक दल है। जहां एक ओर सपा, बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नेता सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय होते है। वहीं भाजपा सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यों तथा जनसरोकार से जुड़े कार्यों के साथ अहर्निश जनता के बीच रहकर कार्य करती है। भाजपा विचार आधारित दल है। जबकि सभी विपक्षी दल परिवार आधारित व जाति आधारित दल है। यही कारण भाजपा को अन्य दलों से अलग करते हैं और यही कारण भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनाते है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अथक परिश्रम का पर्याय है। यही कारण है कि भाजपा जनसरोकार व जन-जागरण के अभियानों को कार्य कर्ताओं के परिश्रम से लोकव्यापी बनाने में सफल होती है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव देश की आवश्यकता है, जो राष्ट्र को राजनैतिक स्थिरता के साथ आर्थिक समृद्ध और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ सुधार जन-जागरण अभियान के माध्यम से हमें वक्फ कानून के नाम पर देश में कांग्रेस द्वारा दी गई लूट की छूट का पर्दाफाश करना है। इसके साथ ही वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 से पसमांदा मुसलमानों व मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार का संकल्प भी अल्पसंख्यक वर्ग के साथ ही सभी वर्गों के बीच पहुंचाने का काम करना है।

## पोप फ्रांसिस के निधन पर अम्मर रिज़वी दुखी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वरिष्ठ नेता एवं आल इंडिया मायनारिटीज़ फ़ोरम फार डेमोक्रेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अम्मार रिज़वी ने अपने शोक संदेश में कहा कि पोप फ्रांसिस का निधन एक अपूर्णीय क्षति है। इस दुनिया में पोप फ्रांसिस की मौजूदगी अंधकार में



प्रकाश की किरण की तरह थी। उन्होंने हमेशा पीड़ित मानवता और दबे-कुचले लोगों की सेवा करने का प्रयास किया। उनकी नज़र में पूरी मानव जाति ईश्वर की रचना थी। हर जीव सृष्टिकर्ता की संतान है। इस धरती पर जब भी और जहां भी हिंसा हुई, शांति बहाल करने और पागलपन को रोकने के लिए उनकी आवाज हमेशा सुनी गई। वे अपने बयानों और कार्यों में हमेशा निष्पक्ष और न्यायपूर्ण रहे। पोप फ्रांसिस मानव रूप में एक देवदूत थे। उनके निधन से जो शून्यता पैदा हुई है, उसे भरना मुश्किल होगा।

**कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का किया शुभारंभ**

# सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर दे रही

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में सेवायोजित किया जा रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य में इन हुनरमंद युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। यह कार्यशाला सोमवार को लखनऊ के होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी में दीप प्रज्ज्वलन कर प्रारंभ की गई। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में युवाओं के लिए हर क्षेत्र में अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। दैनिक जीवन की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग बढ़ रही है, जिसे देखते हुए हर जिले में कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं से आह्वान किया कि वे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर युवाओं का भविष्य निर्माण करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रोत्साहित किया जाए तथा कमजोर प्रदर्शन करने वाले प्रदाताओं के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास डॉ. हरि ओम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए युवाओं को व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने, प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक लेने और कौशल विकास मिशन तथा आईटीआई के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विभाग के अधिकारियों, परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों , प्रशिक्षण भागीदारों और अन्य कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आयोजित की गई है। कार्यशाला में आपसी संवाद के माध्यम से जमीनी स्तर की समस्याओं का समाधान खोजा जाएगा।

## देवरिया हेतु 28.64 लाख रूपये मंजूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल) निधि योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया के दो विकास खंडों में सड़क निर्माण से संबंधित कार्य हेतु 28.64 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, देवरिया को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार विकास खंड-लार में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य हेतु 11.29 लाख रूपये तथा विकास खंड-भागलपुर में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य हेतु 17.35 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। प्रथम किश्त के रूप में मंजूर की गई यह धनराशि जिलाधिकारी, देवरिया के निवर्तन पर रखी गई है। इन कार्यों के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

# ई-रिक्शा पर बैठी महिलाओं ने जेवर व नकदी चुराये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चिनहट तिराहे के पास ई-रिक्शा सवार महिलाओं ने बीना सिंह का पर्स से जेवर व 15 हजार रुपये चुरा लिये। बीना के पति ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना शनिवार दोपहर की है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। विकल्प खंड निवासी विनय सिंह के मुताबिक उनकी पत्नी बीना सिंह शनिवार दोपहर को चिनहट तिराहे से शिवम भारत स्कूल की तरफ ई-रिक्शा से जा रही थी। उसी ई-रिक्शे में दो अज्ञात महिला भी बैठी थी। दोनों ने बीना के पर्स से जेवर व 15000 रुपये चुरा लिये। दोनों शनि मंदिर के पास उतर कर चली गई। जब वह ई-रिक्शे से उतरी और पर्स खोला तो घटना की जानकारी हुई। एसओ चिनहट भरत पाठक के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मोहनलालगंज के कासिमपुर सलौली निवासी युवक ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि भंडारे में प्रसाद लेते समय उसकी मोबाइल चोरी हो गई थी। चोरी करने वाले ने मोबाइल से निजी वीडियो हासिल कर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। इसे रोकने के लिए 70 हजार रुपये लिये। अब धमकी दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सलौली निवासी युवक के मुताबिक 16 अप्रैल को वह मल्हौर रोड स्थित शनिदेव मंदिर पर भंडारे में प्रसाद लेने गया था। इसी दौरान उसकी मोबाइल चोरी हो गई। चोरी करने वाले मोबाइल से निजी वीडियो निकाल लिया। उसे वायरल करने की धमकी देने लगा।

# एक स्टूडेंट, एक कहानी-डोंगरी की तक़दीर फिर से लिखी जा रही है

- अनफ़ाल एजुकेशन फ़ेयर: उम्मीद और मक़सद की एक नई शुरुआत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** डोंगरी बरसों से इस जगह का ज़िक्र अक्सर उसकी पुरानी और बदनाम तसवीरों के साथ किया जाता रहा है। लेकिन अब यहां एक नई कहानी लिखी जा रही है—ख़ामोशी से, लेकिन पूरे इरादे के साथ। इस तब्दीली के पीछे हैं हमारे बच्चे, उनके रहनुमा (मेंटर्स), और एक ऐसी कम्युनिटी जो इस तब्दील होते माहौल की अहम किरदार है। केसरबाग हॉल में हुए अनफ़ाल फ़ाउंडेशन एजुकेशन फ़ेयर के तीसरे एडिशन ने डोंगरी की नई पहचान की बुनियाद रखी। खोजा शिया इथना अशरी जमाअत और केसरबाग ट्रस्ट के साथ मिलकर हुआ ये इवेंट, जिसमें मुंबई भर से 3000 से ज़्यादा स्टूडेंट्स और वालिदैन पहुंचे—हर कोई अपने बच्चों के लिए रहनुमाई (गाइडेंस), समझ और नई उम्मीद के साथ आया था।इस फ़ेयर की सबसे बड़ी ख़ूबी ये थी कि यहां सिर्फ़ इंफॉर्मेशन का अंबार नहीं था—बल्कि शख़्सी (पर्सनल) करियर गाइडेंस पर ज़ोर था। 650 से ज़्यादा स्टूडेंट्स ने वहीं मौके पर एप्टिट्यूड टेस्ट दिए, और फिर उन्हें फ़ौरन अलग-अलग फ़ील्ड्स के माहिरों (एक्सपर्ट्स) से जोड़ा गया—जैसे कि CA, मैनेजमेंट, आर्ट्स, साइबर सिक्योरिटी, इंजीनियरिंग, IT, मीडिया, साइंस और सोशल वर्क।

ये कोई मामूली एजुकेशन मेले जैसा नहीं है, फ़ेयर की लीड तस्लीम ज़ैदी ने कहा। हमारा मक़सद है बच्चों को उनकी सलाहियत (काबिलियत) के मुताबिक सही रहनुमाई देना—ताकि वो रास्ता न भटकें और अपनी असल पहचान जान सकें। फ़ेयर सिर्फ़ बातचीत नहीं थी—यहां सीखने और महसूस करने का असल मौका भी था। ACE (Anfaal Centre for E&cellence) के ज़रिए तैयार की गई साइंस एग्ज़िबिशन में स्टूडेंट्स ने अपने तसव्वुर (क्रिएटिविटी) और सोच का शानदार मुज़ाहिरा किया। वहीं Robo Wars यानी robotic फ़ुटबॉल मुक़ाबला, सबसे दिलचस्प हिस्सा रहा।

वहीं स्पीकर सेशन्स में कामयाब अफ़राद, एंटरप्रेन्योर्स और सोशल वर्कर्स ने अपनी ज़िंदगी की कहानियाँ और तजुर्बात (अनुभव) शेयर किए। किसी ने कहा—आप कहां से आते हैं, इससे ये तय नहीं होता कि आप कहां तक जा सकते हैं। और पूरी महफ़िल ख़ामोश होकर उस बात को महसूस कर रही थी।

मशहूर साइकोलॉजिस्ट डॉ. सबा जिवानी, जिन्होंने एप्टिट्यूड टेस्टिंग सेशन को लीड किया, ने कहा—अक्सर बच्चे इसलिए पीछे रह जाते हैं क्योंकि उन्हें अपनी ही सलाहियत का अंदाज़ा नहीं होता। ये टेस्ट उन्हें एक आईना देता है—जहां वो ख़ुद को पहचान सकें और बेहतर फैसला ले सकें। अनफ़ाल एजुकेशन फ़ेयर अब साउथ मुंबई के नौजवानों के लिए उम्मीद की एक रौशनी बनता जा रहा है, जो एक पुराने बदनाम तास्सुर (इमेज) को मिटाकर एक नए, कामयाब और समझदार कल की तरफ़ बढ़ रहा है।

## कोलंबो में एशियन सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे दीपक मिश्र

**लखनऊ।** समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र आल इंडिया सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस में भाग लेने केरल स्थित कोझिकोड और फिर एशियन सोशलिस्ट काउंसिल को संबोधित करने के लिए कोलंबो जाएंगे। कॉन्फ्रेंस के संयोजक और लोहिया विचार वेदी के अध्यक्ष पी रेजनार्क के अनुसार समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र 27 अप्रैल को इक्कीसवीं सदी में समाजवाद विषय पर कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि केरल के कोझीकोड में 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में पूरे देश से समाजवादी विचारधारा से जुड़े चिंतक, बुद्धिजीवी, लेखक और कार्यकर्ता जुट रहे हैं। तीन दिन अनवरत सघन संवाद और परिचर्चाओं के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। केरल के बाद दीपक मिश्र एशियन सोशलिस्ट काउंसिल को संबोधित करने के लिए मई के प्रथम सप्ताह में श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में स्थित कायसलवत्ता जाएंगे।

**डबल मर्डर**

# चोरी के आरोप में हाथ-पैर बांधकर ढाई घंटे तक दी थी प्रताड़ना

- मुंह और शरीर पर लगाया जला हुआ मोबिल ऑयल, माथे पर लिखा '420'

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शटरिंग कारीगर और पेंटर की हत्या चोरी करते पकड़े जाने पर की गई थी। एक घर में पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने हाथ-पैर बांधकर बेल्ट, डंडे और बैट से पीटकर अधमरी हालत में रेलवे क्रासिंग के पास फेंक दिया। एक की मौके पर और दूसरे की अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिफ्तार कर लिया है, चार आरोपी फरार हैं।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक गोमतीनगर के विरामखंड स्थित ग्वारी गांव में शटरिंग कारीगर राकेश (35) और पेंटर राम सवार (40) की शनिवार देर रात हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने 24 घंटे में वारदात का खुलासा कर सीतापुर राजकोट निवासी मोहित, खैराबाद निवासी शिवराज उर्फ शिवा और जौनपुर निवासी रामदेव उर्फ महादेव को गिरफ्तार कर लिया है। शामिल हैं। तीनों चौधरी लॉन के पास रेलवे पटरी किनारे परिवार के साथ रहते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शटरिंग कारीगर औरपेंटर शनिवार रात को एक घर में मोबाइल चोरी के लिए घुसे थे। महिलाओं ने देख लिया।शोर मचाया तो सभी जग गये। इसके बाद आसपास के लोग जुट गये। दोनों को पकड़ लिया गया।

एसीपी गोमतीनगर विनय द्विवेदी के मुताबिक दोनों को पकड़ने के बाद हाथ पैर रस्सी से बांध दिया गया। पहले घर के अंदर ही बेल्ट, डंडे और बैट से पीटा। इसके बाद दोनों के शरीर पर जला हुआ मोबिल ऑयल पोता। एक के चेहरे पर 420 लिखा। अधमरी हालत में दोनों को रेलवे पटरी के किनारे फेंक दिया। ताकि दोनों दोबारा इस तरह की घटना न करें। रविवार सुबह दोनों की मौत सूचना मिली तो सभी फरार हो गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में चार आरोपियों की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया दोनों जैसे घर के अंदर घुसे, तत्काल पकड़ लिया गया था। बांधकर डंडे, बैट, बेल्ट से पीटा। करीब ढाई घंटे तक दोनों को तड़पाकर पीटते रहे। आरोपियों ने पुलिस के सामने कुबूल किया कि ऐसा सबक देना था कि दोबारा चोरी न करें। आरोपियों ने बताया कि पिटाई के बाद रेलवे लाइन किनारे घायल हालत में छोड़ दिया था। उनका जान से मारने का कोई इरादा नहीं था।